Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 119
लखनऊ, सोमवार, 17 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है : भागवत

# रेल और सड़क पर भगदड़ से महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्री हुए प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/प्रयागराज

**महाकुंभ मेला** अब अपने अंतिम चरण में है, और लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपने-अपने साधनों से प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार की रात पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच गए लेकिन प्लेटफार्म पर मची भगदड़ में 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉक्टरों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मरने वाले पांच की मौत दम घुटने से हुई। अस्पताल ने कहा कि एलएनजेपी द्वारा शवों को आरएमएल अस्पताल को सौंप दिया गया जहां उनका पोस्टमार्टम किया गया। लगभग दो महीने तक चले धार्मिक उत्साह के बीच, महाकुंभ नगर में भगदड़ के दौरान 39 लोगों की मौत हुई और विभिन्न शहरों से प्रयागराज जाने वाली सड़कों पर लगभग 40 लोगों की मौत सहित लगभग 100 लोगों की जान जा चुकी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों ने भगदड़ में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपित मुर्मू ने सोशल मीडिया पर कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में जानमाल के नुकसान के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ। वह शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से व्यथित हैं।

रेलवे, पुलिस, आम जनता और राजनीतिक दलों की ओर से भगदड़ के बारे में विरोधाभासी बयान सामने आने के बाद, गृह मंत्री अमित शाह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को तलब किया। बैठक के बाद, सूत्रों ने बताया कि शाह ने रेलवे को जांच करने का निर्देश दिया। वहीं दिल्ली पुलिस भगदड़ की अपनी जांच कर रही है। रेलवे समिति ने जांच शुरू की और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सभी वीडियो फुटेज सुरक्षित कर लिए। कुछ लोगों ने अधिकारियों के कुप्रबंधन और प्लेटफॉर्म में अचानक बदलाव को जिम्मेदार ठहराया, जबकि कई लोगों ने नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के लिए देश की बड़ी जनसंख्या, यात्रा शिष्टाचार की कमी और रेलवे की गलत घोषणाओं को जिम्मेदार ठहराया।


नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को महाकुंभ के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ होने से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, जिसमें कई हताहत हुए

दिल्ली पुलिस ने 18 मृतकों की सूची जारी की है और भगदड़ की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के सूत्रों ने कहा, उसका मसकद भगदड़ के मुख्य कारण का पता लगाना है। जांच टीम उस दौरान की गई सीसीटीवी फुटेज और घोषणाओं का सारा डेटा एकत्र कर रही है। ट्रेनों के प्रस्थान में देरी और करीब 8,000 जनरल टिकटों की बिक्री से स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था और सबसे दुभाग्यपूर्ण बात यह रही कि कुछ ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा से भीड़भाड़ वाले प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा हो गई और भगदड़ मच गई। रेलवे ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। रेलवे ने कहा कि गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 1 लाख रुपये मिलेंगे। भगदड़ शनिवार रात करीब 9:55 बजे हुई जब हजारों यात्री, जिनमें ज्यादातर महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्री थे जो प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए स्टेशन पर पहुंचे थे। प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 14 पर खड़ी थी, जबकि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस देरी से चल रही थी, जिससे प्लेटफॉर्म 12, 13 और 14 पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति तब और खराब हो गई जब आखिरी समय में प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा की गई। सूत्रों के अनुसार, भ्रमित और घबराए हुए यात्री प्लेटफॉर्म 16 की ओर भागे, जहां एक एस्केलेटर पर अचानक यात्रियों की दबाव बढ़ गया। सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की, लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा थी कि उन्हें नियंत्रित नहीं किया जा सका। सूत्रों ने बताया कि कुछ यात्रियों ने भागने के लिए रेलिंग पर चढ़ने का प्रयास किया, जबकि कुछ लोग भागदौड़ में गिर गए और भीड़ उनके ऊपर गुजर गई। उन्हें खड़े होने का भी समय नहीं मिला। जब भागदौड़ शांत हुई, तब तक 11 महिलाओं और पांच बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो चुकी थी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि घटना के समय पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर खड़ी थी और नई दिल्ली जम्मू उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 15 पर खड़ी थी। भगदड़ का कारण बताते हुए उन्होंने कहा, कुछ लोग सीढ़ियों का इस्तेमाल करके फुटओवर ब्रिज से प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर उतर रहे थे, (शेष पृष्ठ 9)

## भगदड़ की घटनाएं

- 29 जनवरी को महाकुंभ में 30 लोगों की मौत
- 2 जुलाई, 2022 को हाथरस सत्संग में 121 लोगों की मौत
- 2005 में महाराष्ट्र के मंधारदेवी में 340 लोगों की मौत
- 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मौत
- 2008 में नैना देवी मंदिर में 162 लोगों की मौत
- 2023 में रामनवमी के हवन के दौरान 36 लोगों की मौत
- 1 जनवरी, 2022 को वैष्णो देवी मंदिर में 12 लोगों की मौत
- 29 सितंबर, 2017 को मुंबई के एलफिंस्टन रोड स्टेशन पर 23 लोगों की जान गई
- 14 जुलाई, 2015 को आंध्र प्रदेश में पुष्करम उत्सव में 27 तीर्थयात्रियों की मौत
- 3 अक्टूबर, 2014 को दशहरा समारोह के बाद पटना के गांधी मैदान में 32 लोगों की मौत
- 13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के दौरान 115 लोगों की मौत
- छठ पूजा में 20 लोगों की मौत 19 नवंबर 2012 को पटना में भगदड़
- 8 नवंबर 2011 को हर-की-पौड़ी घाट हरिद्वार में 20 लोगों की मौत
- 14 जनवरी, 2011 को केरल के इडुक्की जिले में 104 सबरीमाला भक्तों की हत्या कर दी गई।
- 4 मार्च 2010 को यूपी के प्रतापगढ़ में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में 63 लोगों की हत्या
- 27 अगस्त 2003 को नाशिक कुम्भ में 39 लोगों की मृत्यु


प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु। पीटीआई

# प्रयागराज पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

**विश्वजीत बनर्जी।** प्रयागराज

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद, प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। क्षमता से अधिक भरी हुई ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर भीड़ के कारण, रेलवे अधिकारियों ने अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया है और बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं। दिल्ली से लेकर वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज तक, रेलवे स्टेशन संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए दृढ़ संकल्पित तीर्थयात्रियों से भरे हुए हैं। हालांकि, कई लोगों के लिए यह यात्रा एक कठिन परीक्षा बन गई है।

बिहार के एक श्रद्धालु राम प्रसाद ने कहा, मैं छह घंटे से अधिक समय से स्टेशन पर खड़ा हूं, लेकिन आने वाली हर ट्रेन पहले से ही भरी हुई है। हमें भीड़भाड़ वाले सामान्य डिब्बों के फर्श पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यहां तक कि शौचालय भी लोगों से भरे हुए हैं। लखनऊ से अपने परिवार के साथ यात्रा करने वाली सुनीता देवी ने अपने संघर्ष का वर्णन करते हुए कहा, हमें सीटें नहीं मिलीं, इसलिए हमें पूरी यात्रा में खड़े रहना पड़ा। बच्चे रो रहे थे, लेकिन पैर फैलाने के लिए भी जगह नहीं थी। कठिनाइयों के बावजूद, कई भक्त दृढ़ संकल्पित हैं। झांसी के कमल वर्मा ने कहा, यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है, भले ही हमें कष्ट उठाना पड़े, हम पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचेंगे। (शेष पृष्ठ 9)

# यात्रियों में आगे बढ़ने की होड़ से मची भगदड़


नई दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में मोर्चरी के बाहर इंतजार करते पीड़ितों के रिश्तेदार। फोटो : रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के चश्मदीदों और जीवित बचे लोगों ने शनिवार देर रात प्लेटफार्म 14 और 15 पर भारी भीड़ उमड़ने के कारण अफरा-तफरी और तबाही के मंजर को अपने शब्दों में बयां किया। कुछ प्रत्यक्षशियों ने दावा किया कि प्लेटफार्म बदलने के बारे में गलत घोषणा के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हुई, जिसके कारण भगदड़ मची। इस घटना में 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। घटना उस समय हुई जब प्रयागराज जाने के लिए ट्रेन में चढ़ने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी।

इस हादसे में सुरक्षित बचे यात्री वेद गुप्ता ने भयावह क्षणों को याद करते हुए कहा, यह बेहद खौफनाक मंजर था, मैं पवित्र स्नान करने के लिए प्रयागराज जा रहा था। प्लेटफ़ॉर्म नंबर 14 पर भारी भीड़ थी। हम दो लोग थे, और हम किसी तरह सुरक्षित बच निकले। लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में कार्यरत गीता, जहां पीड़ितों को ले जाया गया था, ने कहा, घायलों और शवों का आना रात 10 बजे के आसपास शुरू हुआ। हमें 15 शव और 10-12 घायल मरीज मिले। मृतकों में तीन बच्चे थे। पिछले 12 वर्षों से रेलवे स्टेशन पर दुकान चलाने वाले विक्रेता रवि कुमार ने कहा कि जो लोग गिर गए, वे भीड़ में कुचले गए। उन्होंने कहा कि भीड़ पहले कभी नहीं देखी गई थी। रेलवे स्टेशन पर, त्रासदी के गवाह कुलियों ने अभूतपूर्व भीड़ के स्तर का वर्णन किया। स्टेशन पर कुली कृष्ण कुमार जोगी ने हालात को बयां करते हुए कहा कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के आने पर भीड़ बढ़ गई। उन्होंने दावा किया, पुल पर (फुटओवर)भारी भीड़ जमा हो गई। लोग की संख्या इतनी अधिक थी कि कई लोगों का दम घुट गया। करीब 10-15 लोगों ने वहीं अपनी जान गंवा दी। उन्होंने कहा, मैंने पूरी घटना देखी। हमने शवों को प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 से एंबुलेंस तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि भीड़ में दबे लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं, जो घुटन के बीच सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे थे। कुली बलराम ने इस भयावह दृश्य को याद करते हुए कहा, हम शवों को ठेले पर ले जा रहे थे, वही ठेले जिनका इस्तेमाल हम सामान रखने के लिए करते हैं। कुली के तौर पर अपने 15 सालों में मैंने इतनी (शेष पृष्ठ 9)


फोटो : रंजन डिमरी/द पायनियर
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर रविवार को घटनास्थल का दौरा करते उत्तर रेलवे के पीसीसीएम नरसिंह देव।

# पुलिस को शंका है कि भ्रामक सूचना से मची अफरा-तफरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मची भगदड़ की दिल्ली पुलिस की शुरुआती जांच में इस बात की ओर इशारा किया गया है कि इस त्रासदी की मूल वजह एक बड़ी गलत संचार व्यवस्था थी-जिसमें प्रयागराज जाने वाली लगभग एक जैसे नाम वाली दो ट्रेनें, जिसके कारण महाकुंभ के हजारों श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। दिल्ली पुलिस ने अपनी शुरुआती जांच में पाया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यह जानलेवा भगदड़ इसलिए मची क्योंकि यात्री 'प्रयागराज एक्सप्रेस और प्रयागराज स्पेशल' के बीच भ्रमित हो गए और उन्हें लगा कि शायद उनकी ट्रेन छूट जाएगी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह भ्रम ट्रेनों के एक ही नाम 'प्रयागराज' की घोषणा के कारण हुआ। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 25 फीट चौड़े फुटओवर ब्रिज तक जाने वाली 42 सीढ़ियों वाली एक संकरी सीढ़ी उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गई, जब भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज़्यादा लोग घायल हो गए।

दिल्ली पुलिस की जांच टीम अफरा-तफरी मचने से पहले हुई दुखद घटना के तार जोड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। प्लेटफार्म 16 पर प्रयागराज स्पेशल के आने की घोषणा से प्रतीक्षारत यात्रियों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि प्रयागराज एक्सप्रेस पहले से ही प्लेटफार्म 14 पर थी। जो यात्री प्लेटफार्म 14 पर अपनी ट्रेन तक नहीं पहुंच सके, उन्हें लगा कि ट्रेन प्लेटफार्म 16 पर आ रही है। पुलिस ने बताया कि आखिरी समय में घबराहट और भारी सामान से लदे लोगों के एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के कारण भगदड़ मच गई। पुलिस सूत्र ने बताया कि इसके अलावा प्रयागराज जाने वाली चार ट्रेनें थीं, जिनमें से तीन देरी से चल रही थीं, (शेष पृष्ठ 9)

# विपक्ष ने रेल मंत्री वैष्णव के इस्तीफे की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात हुई भगदड़ को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर हमलावर है। विपक्ष ने कुप्रबंधन और लापरवाही का नतीजा बताते हुए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। जिसके चलते भगदड़ मच गई और हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। विरोधी दलों के नेताओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। कांग्रेस, वाम, तृणमूल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल सहित कई विपक्षी दलों ने सरकार पर व्यापक व्यवस्था करने में विफल रहने और मौतों की वास्तविक संख्या को छिपाने का भी आरोप लगाया। हालांकि, भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट करके सरकार का बचाव करने की कोशिश की, जिसमें दिखाया गया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति सामान्य हो गई थी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है कि नरेंद्र मोदी सरकार मौतों का आंकड़ा छिपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए, देश से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए स्टेशन पर बेहतर व्यवस्था की जानी चाहिए थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, यह घटना एक बार फिर रेलवे की


दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में घायलों से मिलने के एलएनजेपी अस्पताल पहुंचीं। पीटीआई

विफलता और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। पूर्व रेल मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन कुमार बंसल ने कहा कि इस त्रासदी की जिम्मेदारी मंत्री की है और वे इससे बच नहीं सकते। पूर्व रेल मंत्री ने कहा कि सरकार तीर्थयात्रियों की भीड़ का अनुमान लगाने और उसके अनुसार व्यवस्था करने में पूरी तरह विफल रही है। राजद सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद ने कहा कि भगदड़ की घटना बहुत परेशान करने वाली है और इसने केंद्र सरकार द्वारा किए गए अपर्याप्त इंतजामों को उजागर कर दिया है। इस घटना के बाद रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। यह रेलवे विफलता है। आम आदमी पार्टी ने सरकार पर घटना को छिपाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। (शेष पृष्ठ 9)

# दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम पर आज लगेगी मुहर

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के नए मुख्यमंत्री का इंतजार सोमवार को खत्म होने की संभावना है। पार्टी कार्यालय में सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा, जो दिल्ली के मुख्यमंत्री होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस और अमेरिका दौरे के कारण बैठक में देरी हुई है। प्रधानमंत्री शनिवार को दिल्ली लौट आए हैं। शपथ ग्रहण समारोह 18 को राजधानी के रामलीला मैदान में होगा। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने सभी विधायकों को बैठक के बारे में सूचित कर दिया है। (शेष पृष्ठ 9)

# यमुना नदी की सफाई का कार्य आरंभ

**संजय राय।** नई दिल्ली

**विधानसभा** चुनाव में यमुना सफाई का मुद्दा खूब गरमाया था। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इसको लेकर आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला था। आप प्रमुख के यमुना में जहर वाले आरोप पर भी जमकर सियासत हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी चुनावी रैली में यमुना नदी के किनारे रिवर फ्रंट बनाने का वादा किया था। कुछ दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा की सरकार बनने वाली है। इससे पहले ही यमुना नदी की सफाई का काम शुरू हो गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यमुना की साफ-सफाई को लेकर चार सूत्रीय कार्य योजना बनाई है।



यमुना नदी की साफ-सफाई के बारे जानकारी देते हुए उपराज्यपाल ने बताया कि यमुना नदी की सफाई का रविवार से काम शुरू हो गया है। कचरा निकालने वाली मशीनों, खरपतवार काटने वाली मशीनों और एक ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट ने नदी में सफाई अभियान शुरू कर दिया है। यह काम दिल्ली के आईटीओ और वासुदेव घाट से शुरू किया गया है। दिल्ली में 52 किलोमीटर की दूरी तक बहने वाली और 15 निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरने वाली यमुना नदी लंबे समय से दिल्ली के पर्यावरण के लिए खतरा रही। जिसका प्रदूषण स्तर पिछले कुछ वर्षों में बिगड़ता जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन, जिसका लक्ष्य लगभग तीन वर्षों में नदी को साफ करना है, के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी जिसमें दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, पर्यावरण विभाग, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) शामिल हैं। उन्होंने कहा, उपर्युक्त कार्यों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर उच्चतम स्तर पर की जाएगी। उपराज्यपाल कार्यालय ने कार्य योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए चार-सूत्रीय योजना बनाई गई है। इनमें सबसे पहले यमुना नदी के प्रवाह में मौजूद कचरा, मलबा (शेष पृष्ठ 9)

# बढ़ने लगा दिल्ली का तापमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी** को जनवरी के बाद फरवरी में भी मौसम की बेरुखी झेलनी पड़ी है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के चलते पहले पखवाड़े में सामान्य से 95 फीसदी कम बारिश हुई है। हालांकि, मंगलवार के बाद मौसम में बदलाव दिखने का अनुमान है। बुधवार और गुरुगुवार को हल्की बारिश हो सकती है। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। इस बीच दिल्ली का मौसम लगातार बदल रहा है। दिन में तेज धूप की वजह से गर्मी में बढ़ोतरी हुई है। अब पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं की गति थमने से रात का भी पारा चढ़ने लगा है।

इस बीच, सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम है। हाल के दिनों में उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से 3-6 डिग्री सेल्सियस



अधिक बढ़ा है। फरवरी के अंत में राजधानी में 30 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने की उम्मीद है। रविवार को शाम साढ़े चार बजे तक सापेक्ष आर्द्रता 45 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमानर है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण आने वाले दिनों में दिल्ली में बारिश का एक नया दौर शुरू हो सकता है। इनके पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के मौसम पर असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे 19 और 20 फरवरी को राजधानी में हल्की बारिश की संभावना है। (शेष पृष्ठ 9)

# धरती को बनाएं हराभराः सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन से संबंधित सम्मेलन का किया शुभारंभ

● दिल्ली हादसे पर सीएम योगी ने जताया अफसोस सभी पुण्य आत्माओं को अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/महाकुम्भ नगर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज महाकुम्भ में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा। उन्होंने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ.साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने दिल्ली में हुई घटना पर अफसोस जताते हुए सभी पुण्य आत्माओं के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुम्भ में भी देखने को मिल रही है एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है। अगर वही व्यक्ति पार्किंग के स्थान पर अपना वाहन पार्क करे तो हो सकता है कि उसे 100 मीटर ज्यादा पैदल चलना पड़ेए लेकिन सड़क पर कहीं जाम नहीं होगा और आसानी से वह संगम में स्नान कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इस जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं इसके बारे में चिंतन करना और उसे अपने व्यवहारिक जीवन में उतारनाए यह सचमुच महाकुम्भ का हिस्सा बनना चाहिए। इसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी से लेकर 16 फरवरी के बीच 52 करोड़ श्रद्धालु मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की इस पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। 52 करोड़ लोग तब यहां डुबकी लगा पा रहे हैं, जब मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की कृपा से यहां अविरल जल उन्हें मिल पा रहा है।

# महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर संत गदगद, सीएम योगी को दिया श्रेय



**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुम्भ नगर पहुंचेए यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु संतों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचेए जहां उन्होंने साधु.संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री सेक्टर 21 में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद वे सेक्टर 18 स्थित प्रभु प्रेमी संघ अंबाला शिविर पहुंचेए जहां संतों का सानिध्य प्राप्त किया। महाकुम्भ 2025 का यह आयोजन 144 वर्षों के पुण्य संयोग में हो रहा हैए जिसमें अब तक करीब 52 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। दिव्य और भव्य महाकुम्भ की सराहना न केवल देशभर के श्रद्धालु कर रहे हैं बल्कि विदेशी पर्यटक भी इसकी भव्यता से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पा रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं और साधु.संतों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हर प्रयास किए हैं।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पत्नी व परिवार समेत त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**लखनऊ/महाकुम्भनगर।** तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के महासमागम की दिव्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन यहां दिग्गजों का तांता लगा रहता है जो पुण्य की डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानते हैं। इसी क्रम में रविवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पत्नी व परिवार समेत त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद का जीवन धन्य माना। प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीएम योगी ने उनका स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके उपरांत गडकरी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने पत्नी व परिवार के साथ विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। गडकरी त्रिवेणी संगम में स्नान कर अभिभूत दिखे और यह प्रसन्नता उनके चेहरे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी। उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है जो सरल नहीं है। उनके अनुसार यह प्रयास कड़ी मेहनत का हैं परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के काफी मेहनत की है जो स्पष्ट तौर पर दिख रही है। यही कारण है कि देशभर से लोग इस महासमागम में आने को लेकर उत्साहित व आनंदित हैं।

# वर्षों तक नहीं भूल पाएंगे दिव्य अनुभवः आनंदीबेन

● राज्यपाल ने त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही हनुमान मंदिर व अक्षयवट के किए दर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, महाकुम्भनगर



**तीर्थराज** प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के महासमागम में रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रविवार को उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और महाकुम्भ में सम्मिलित होने के अवसर को उन्होंने विशिष्ट बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में विधिवत दर्शन-पूजन व अर्चन किया। महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुईं राज्यपाल ने कहा यह एक अलग प्रकार का दिव्य अनुभव है जो वर्षों तक स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने कहा कि डुबकी लगाने के बाद एक विशिष्ट प्रकार का अनुभव हो रहा है जो तीर्थराज प्रयागराज की आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार उनमें कर रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सारे देश और विश्व की आस्था के केंद्र में है। ऐसे में, देश-दुनिया से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। इस सारी व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने प्रयागराज आकर विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले स्नानार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुव्यवस्थित तरीके से लोग स्नान करके अपने गंतव्य स्थलों को जा रहे हैं वह अद्भुत है।

### त्रिवेणी संगम में स्नान कर अक्षयवट, सरस्वती कूप व बड़े हनुमान का किया पूजन-अर्चन

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल रविवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिए वह डीपीएस अरैल पहुंचीं जहां रिजर्व्ड हेलिपैड पर उनका हेलिकॉप्टर उतरा। यहां से अरैल घाट से मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए वह त्रिवेणी संगम पहुंची जहां उन्होंने विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए उन्होंने किला घाट पहुंचकर अक्षयवट का पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत, सरस्वती कूप व बड़े हनुमान मंदिर में भी उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन किया।

# राष्ट्र-एक चुनाव से देश का होगा विकासः फागू चौहान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एक** राष्ट्र-एक चुनाव को व्यापक जनसमर्थन मिले इसके लिए पूर्व राज्यपाल फागू चौहान की अध्यक्षता और प्रदेश महामंत्री संगठनी धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में रविवार को बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने किया। समाज के सभी वर्गों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजनमानस को प्रेरित उन्हें आगे बढ़कर एक राष्ट्र-एक चुनाव का समर्थन करने के लिए विस्तृत योजना पर चर्चा हुई।

बैठक में पूर्व राज्यपाल फागू चौहान ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से न केवल समय व धन की बचत होगी बल्कि देश का विकास और आमजनमानस पर भी बार-बार होने वाले चुनाव का प्रभाव भी नही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराना है कोई नहीं बात नही है। स्वतंत्र भारत में 1951 से लेकर 1967 तक सभी राज्य की विधानसभाओं और लोकसभा के आम चुनाव साथ-साथ होते थे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि अलग-अलग समय पर राज्यों तथा लोकसभा चुनाव होने से देश के संसाधनों तथा श्रम शक्ति का हास होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 1984 के आम चुनाव में अपने घोषणा पत्र में राष्ट्र में एक राष्ट्र-एक चुनाव कराने का संकल्प लिया था। पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने कहा कि एक राष्ट्र.-एक चुनाव के संदर्भ में विस्तारपूर्वक बताते हुए प्रस्तावना रखी। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनाव एक साथ आयोजित कराने का है। ताकि राजनीतिक स्थिरता में मदद मिलें और विकास कार्यों की निरन्तरता बनी रहे। अभी इस प्रक्रिया में लोकसभाए विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की बात आयी है। स्थानीय निकाय एवं पंचायत के चुनावों को अलग रखा गया है। एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में प्रदेश में विभिन्न सामाजिक संगठनोंए संस्थाओं और समाज के प्रमुख वर्गों के लोगों से चर्चा कर कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे। प्रदेश में अलग-अलग विश्व विद्यालयों में प्रधानाध्यापक, समाजसेवी, छात्रों और युवाओं, महिलाओं आदि के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## मुख्यमंत्री की श्रद्धालुओं से अपीलः यातायात और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में दें सहयोग

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ प्रयागराज में आ रहे सभी श्रद्धालुओं से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ आस्था का महापर्व हैए जिसमें पूरे देश और दुनिया के लोग भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। ऐसे में सभी का सकारात्मक सहयोग इस आयोजन की सफलता को कई गुना बढ़ा सकता है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे अपने वाहनों को सड़कों पर खड़ा न करेंए बल्कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें, जिससे सभी को पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का सुगम अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने संतों, आश्रमों और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे भंडारे और प्रसाद वितरण की पवित्र व्यवस्था को अनवरत जारी रखेंए ताकि सभी श्रद्धालु इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने महाकुंभ में स्वच्छता बनाए रखने की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से स्वयं स्वच्छता का पालन करने और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

# महाकुम्भ सनातन सभ्यता व हमारी शाश्वत परंपराओं की जीवंतता का प्रमाणः धर्मेंद्र प्रधान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/महाकुम्भ नगर



**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने महाकुम्भ 2025 में शामिल होने को सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि महाकुम्भ 2025 में भाग लेने का अवसर मिला। हम यहां आकर बेहद खुश हैं। त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान करने के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, महाकुम्भ, सनातन सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और हमारी शाश्वत परंपराओं की जीवन्तता का प्रमाण है। मां गंगाए मां यमुना और मां सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाना मेरा असीम सौभाग्य है। एकता के महाकुम्भ में अमृत स्नान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभूति है। मां गंगा सभी का कल्याण करें, यही कामना है। हर हर गंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण भी उपस्थित रहे। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने भी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। मंत्रियों ने मां गंगा का विधिवत पूजन कर राष्ट्र और जनकल्याण की कामना की।

# मृतक के परिजनों को मिले समान मुआवजाः अखिलेश

● भाजपा के लोग बहुत मनमानी कर रहे हैंः सपा प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि दिल्ली में महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हृदय विदारक है। सरकार में बैठे लोगों को राजनीतिज्ञ नहीं एक उस परिवार वालों की तरह सोचना होगा जिसने अपने मां-बाप, भाई-बहन, बच्चे और नाते-रिश्तेदार खोए है। मृतकों के शवों को ससम्मान उनके परिजनों तक पहुंचाने का ईमानदार इंतजाम किया जाए और घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराया जाए। भाजपा सरकार मौत छुपाने का पाप न करें। यादव ने कहा कि महाकुंभ के श्रद्धालुओं से भरी बसों व अन्य वाहनों के एक्सीडेंट की ख़बरें प्रतिदिन बढ़ रही हैं जो बेहद दुखद है। इसके पीछे मुख्य कारण ये है कि भारी जाम व अव्यवस्था के कारण

महाकुंभ संबन्धित हादसे



ड्राइवरों की हालत बहुत ख़राब है। न उनकी थकान उतर रही है न नींद पूरी हो रही है। ऐसे में वे अर्द्धनिद्रा की अवस्था में वाहन चला रहे हैं जिससे दुर्घटनाएँ हो रही हैं। साथ ही सड़कों पर पैदल चलनेवालों को बचाने की भी चुनौती है। इसलिए ध्यान भटकते ही मौतें हो रही हैं। इसका समाधान सिर्फ़ अच्छी व्यवस्था हैए जो सरकार ही कर सकती है पर कर नहीं पा रही है।

अखिलेश ने कहा कि महाकुंभ यात्रा पर निकले उन सभी मृतक श्रद्धालुओं को एक समान माना जाए जो भगदड़, एक्सीडेंट या घुटन आदि कारणों से अलग-अलग जगह पर मारे गये हैं और इसके लिए उनके परिजनों को मुआवज़ा दिया जाए। सभी घायलों को भी उपचार के साथ-साथ क्षतिपूर्ति राशि दी जाए। केंद्र और राज्य सरकार इसके लिए विभिन्न कोषों से पैसा उपलब्ध कराएं। जब अरबों रुपये प्रचार पर बहाए जा सकते हैं तो शोक संतप्त परिजनों के लिए सांत्वना के रूप में क्यों नहीं दिये जा सकते हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के लोग बहुत मनमानी कर रहे है। इसीलिए पूरी व्यवस्था खराब हो गयी है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। कहने को तो बजट बढ़ा रहे हैं लेकिन यह सरकार और इसके विभाग बजट नहीं खर्च कर पा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि जब सरकार ने महाकुंभ को लेकर सौ करोड़ लोगों के स्नान का इंतजाम किया था तो चूक क्यों हो गयी। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने डबल ब्लंडर क्यों किया। जब यूपी सरकार कह रही थी कि सौ करोड़ लोगों का इंतजाम कर रहे हैं, बस की व्यवस्था करने की बात कर रहे थे, ट्रेनों के इंतजाम की बात हो रही थी तो कमी कहां रह गयी।

# बीएसपी में रिश्ते-नाते महत्वहीन बहुजन हित सर्वोपरिः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने अपने उत्तराधिकारी को लेकर रविवार को बड़ा ऐलान किया है। साथ कई दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बीएसपी में स्वार्थ, रिश्ते-नाते महत्वहीन हैं। बहुजन हित सर्वोपरि हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि इसी क्रम में मान्यवर कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

उन्होंने आगे लिखा कि मायावती ने कहा कि कांशीराम की तरह ही मेरे जीतेजी भी पार्टी व



मूवमेन्ट का कोई भी वास्तविक उत्तराधिकारी तभी जब वह कांशीराम के अन्तिम सांस तक उनकी शिष्या की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट को हर दुःख-तकलीफ उठाकर, उसे आगे बढ़ाने में पूरे जी-जान से लगातार लगा रहे। मायावती ने कहा कि देशभर में बीएसपी के छोटे-बड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी पार्टी प्रमुख द्वारा निर्देश, निर्धारित अनुशासन एवं दायित्व के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जवाबदेह होकर पूरे तन, मन, धन से लगातार काम करते रहना जरूरी है।

बता दें कि मायावती के भतीजे आकाश आनंद अभी मायावती के उत्तराधिकारी हैं।

# सरकार ने अयोध्या में दिया आमदनी का अच्छा जरिया

## अब तक ऐप से 69 लाख लोगों ने होम स्टे की कराई बुकिंग, 1100 से अधिक होम स्टे हैं रामनगरी में

● 'आय हो गई दोगुनी, अब एक से दो लाख रुपये प्रति माह कमा रहे हैं होम स्टे संचालक'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/अयोध्या

**पहले** और आज की अयोध्या में बहुत फर्क हो गया है। अब भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन को हर कोई दीवाना दिख रहा है। दूर-दूर से लोग अपने आराध्य के दर्शन को चले आ रहे हैं। उनके आने से अयोध्या वासी भी बेहद खुश नजर आ रहे हैं। व्यापार चमक गया है। खास तौर से होम स्टे वालों का। संचालकों की अब मौजां ही मौजां है। बड़ी संख्या में लोग होम स्टे बुक करा रहे हैं। अधिकृत ऐप के माध्यम से अब तक 69 लाख लोग होम स्टे बुक करा चुके हैं। अयोध्या में भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठित होने के बाद रामलला के दर्शन को आस्था



का सैलाब उमड़ पड़ा है। हर कोई अयोध्या पहुंचकर रामलला के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित कर रहा है। इसके अलावा आस-पास के पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहा है। प्रदेश की योगी सरकार ने भविष्य की अयोध्या का अंदाजा लगाते हुए स्थानीय लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। वह है होम स्टे। इसमें न सिर्फ दर्शनार्थियों की सहूलियत देखी गई बल्कि स्थानीय लोगों को भी लाभ पहुंचाने पर काम शुरू हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना था कि अयोध्या में आने वाले लोगों के जरिए ही यहां के लोगों की भी आमदनी हो। आज उसी का नतीजा है कि महाकुंभ के दौरान अयोध्या पहुंचे अमूमन श्रद्धालुओं ने होम स्टे में ठहरना ही मुनासिफ समझा। संचालकों का मानना है कि शुरुआत के दिनों में महीने में 40 से 50 हजार रुपये की आमदनी होती थी, लेकिन अब लाखों रुपये में कमाई हो रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि अयोध्या में दिनों-दिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। अयोध्या में होम स्टे के संचालन के बाद श्रद्धालुओं को ठहरने में बड़ी राहत मिली है। अयोध्या में होम स्टे रजिस्ट्रेशन का कार्य 26 दिसम्बर 2022 से किया गया। वर्तमान में 1136 भवनों को होमस्टे के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। पंजीकृत होम स्टे में सरलतापूर्वक बुकिंग के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 14 जनवरी 2024 को अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित दिव्य अयोध्या ऐप लॉन्च किया गया था। एपल और एंड्रॉयड पर भी दिव्य अयोध्या एप उपलब्ध है। दिव्य अयोध्या ऐप के माध्यम से पर्यटक/श्रद्धालु होम स्टे की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। दिव्य अयोध्या ऐप के अलावा अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा यात्राधाम डॉट कॉम, ईजी माई ट्रिप डाट काम को दिव्य अयोध्या ऐप से इंटीग्रेट किया गया है, जिससे भविष्य में बुकिंग और बढ़ने की संभावना है। अयोध्या में होम स्टे 1500 से 2500 तक मिल जाते हैं।। दिव्य अयोध्या एप के अलावा अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया है। जिससे भविष्य में बुकिंग और बढ़ने की संभावना हैं। नाका बाईपास के निकट हरिओम होम स्टे के संचालक पंकज मिश्र हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिताजी राजमणि मिश्र होम स्टे में आने वालों को अतिथि नहीं बल्कि घर के लोगों की तरह मानते हैं। सुबह पहुंचने वालों को पानी के साथ मीठा और शाम की चाय मुफ्त देते हैं। अध्यात्म से जुड़े उनके पिता शाम के समय अतिथियों से बातचीत करते हैं। प्रभु राम व अयोध्या के बारे में बताते हैं। पंकज ने बताया कि 12 अक्टूबर 2023 में उनका होम स्टे पंजीकृत हुआ था। पहले प्रतिमाह 15 से 20 हजार की आमदनी थी, लेकिन इधर 50 से 60 हजार की हो जाती है।

महाकुंभ में बढ़ गई है आमदनी अवध होमस्टे 15 जनवरी' 2024 में पंजीकृत हुआ है। इसमें कुल पांच कमरे हैं। भवन के स्वामी अमरेश पाण्डेय बताते हैं कि योगी सरकार ने न सिर्फ अयोध्या चमका दिया बल्कि अयोध्या वासियों की किस्मत भी बदल दी।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम हनिफ अहामद सिद्दीकी से बदलकर हनीफ अहमद सिद्दकी पुत्र आबिद हुसैन कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता- 265/1 एफ/2ए नेवादा पत्रकार कॉलोनी, अशोक नगर प्रयागराज ।

सूचना

मैंने अपना नाम मेराज हनिफ सिद्दीकी से बदलकर मेराज हनीफ सिद्दकी पुत्र हनीफ अहमद सिद्दकी कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता- 265/1 एफ/2ए नेवादा पत्रकार कॉलोनी, अशोक नगर प्रयागराज ।

# हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर कलयुगी बेटे ने किया बुजुर्ग माता-पिता का बेरहमी से कत्ल

- मोहनलालगंज के जबरौली गांव की घटना एघर में झगड़े से बाद बड़े बेटे ने अंजाम दी वारदात

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**जबरौली** गांव में कलयुगी बेटे ने घर में झगड़े के बाद जन्म देने वाले माता पिता का ही बेरहमी से कत्ल कर दिया। जिसे बड़े नाजों से पालपोष कर बड़ा किया उसी बेटे ने हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर दोनो की जान ले ली। आरोपी की पत्नी और बेटे मदद के लिए शोर मचाते रहे लेकिन गांव के लोग तमाशबीन बने सब कुछ देखते रहे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से भाग निकला।

मोहनलालगंज के जबरौली गांव निवासी बुजुर्ग जगदीश और शिवप्यारी शनिवार की रात पड़ोस में एक कार्यक्रम से घर लौटे और लेट गए। कुछ देर बाद बड़ा बेटा वृषकेतु घर आया और किसी बात को लेकर उसका घर में झगड़ा होने लगा। इसी बीच गुस्से से तमतमाए वृषकेतु ने जगदीश और शिवप्यारी पर हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर मरणासन्न कर दिया। बहु मोना और मासूम पौत्र ध्रुव मदद के लिए शोर मचाते रहे लेकिन दहशतजदा ग्रामीण बुजुर्ग दंपत्ति को बचाने के बजाए तमाशबीन बने रहे। लिहाजा वारदात को अंजाम देकर आरोपी बेटा मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गया। उधर मरणासन्न हालत में बुजुर्ग जगदीश और शिवप्यारी को पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर ले जाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह दोनों ने दम तोड़ दिया। डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया बुजुर्ग माता-पिता की बेरहमी से हत्या के आरोप में बड़े बेटे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर पुलिस टीम को उसकी तलाश में जुटाया गया है।



## तीन माह पूर्व आरोपी ने की थी बुजुर्ग मां की पिटाई

**आरोपी** वृषकेतु का जमीन को लेकर बुजुर्ग माता पिता से पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। ग्रामीणों की मानें तो बुजुर्ग दंपत्ति दुबग्गा में रहकर नौकरी कर रहे छोटे बेटे देवव्रत का विवाह तय कर दिया था। जिसके लिए वह जमीन बेचना चाहते थे। जिसका आरोपी विरोध कर रहा था। इसी को लेकर घर में कई बार झगड़ा हो चुका था। आरोपी ने तीन माह पूर्व भी मां शिवप्यारी की पिटाई की थी। जिसके बाद से मां मायके में रह रही थी। हाल ही में वह वापस घर लौटी थी। इस बार आरोपी ने दोनों बुजुर्ग को मौत के ही घाट उतार दिया।

मोहनलालगंज का जबरौली गांव अपराधिक वारदातों की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। यहां कई बार सनसनीखेज वारदातें प्रकाश में आ चुकी हैं। फिर भी पुलिस के पास इस गांव को अपराधमुक्त बनाने की कोई ठोस योजना नही है। यहां तक कि शनिवार की रात बुजुर्ग दंपत्ति को मरणासन्न करने की गंभीर वारदात के बावजूद साउथ जोन के बड़े पुलिस अफसर रविवार की सुबह तक घटनास्थल पर नही पहुंच सके। सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होने के बाद जिम्मेदारों को गांव पहुंचकर पड़ताल करने की फुरसत मिल सकी। मोहनलालगंज। संपत्ति और पैसों की बढ़ती चाहत में रिश्ते भुलाए जा रहे हैं। रिश्तों की डोर कच्ची होती जा रही है। खून के रिश्तों को दागदार कर स्वार्थ पूरा करने के लिए अपने ही अपनों के हत्यारे बन रहे हैं। पिछले एक दशक में अपनों के खून से हाथ रंगने का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। अकेले मोहनलालगंज में ही ऐसी दर्जनभर से अधिक वारदातें सामने आ चुकी हैं। जिनमें दौलत हथियाने के खातिर अपने ही अपनों का खून बहाने में पीछे नहीं रहे।

# बीबीएयू के छात्रों ने किया संडीला के एचसीएल समुदाय केंद्र का शैक्षणिक दौरा

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग के एमबीए के छात्रों ने रविवार को हरदोई जिले के संडीला में स्थित एचसीएल समुदाय केंद्र का शैक्षणिक दौरा किया गया। इस अध्ययन भ्रमण का नेतृत्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. रमेश कुमार चतुर्वेदी एवं डॉ. अर्पित शैलेश भी मौजूद रहे। इस दौरान एचसीएल समुदाय की ओर से सौरभ तिवारी एवं उनकी टीम ने छात्रों को विस्तृत जानकारी प्रदान की और विभिन्न परियोजनाओं की कार्यप्रणाली को गहराई से समझाया। शैक्षणिक दौरे के दौरान छात्रों ने एचसीएल कॉरपोरेशन की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल, एचसीएल समुदाय के अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रों ने कृषि तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया और देखा कि एचसीएल किसानों को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाने में कैसे सहायता कर रहा है। साथ ही छात्रों ने बनास डेयरी का भी भ्रमण किया और जाना कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण समुदायों को दूध संग्रहण एवं विपणन में किस प्रकार सहयोग प्रदान कर उनकी सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति कर रही हैं।

# महापौर ने वृद्धाश्रम का किया दौरा, वृद्धों से की वार्ता

- ओपन जिम, सिंथेटिक पाथ और मेंटेनेंस कराने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कल्याणपुर** के वृद्धाश्रम का महापौर द्वारा दौरा किया गया। महापौर द्वारा वहां रहने वालों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की गयी। मेयर द्वारा वृद्धाश्रम में एक ओपन जिम, सिंथेटिक पाथ और योगा क्लास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, जिससे वृद्धों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की ने रविवार को आदिल नगर, कल्याणपुर स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां रहने वाले वृद्धों से मुलाकात की और उनकी स्थिति का जायजा लिया। वृद्धाश्रम में कुल 45 वृद्ध लोग आवासीय रूप से रहते हैं। महापौर ने वृद्धाश्रम के प्रशासन से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने वृद्धों के लिए सुविधाओं में सुधार के लिए विशेष ध्यान देने की बात की। मेयर ने वृद्धाश्रम में एक ओपन जिम, सिंथेटिक पाथ और योगा क्लास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि वहां रहने वाले वृद्धों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके। इसके अलावा, उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों की मेंटेनेंस की स्थिति को सुधारने के लिए कदम उठाने की बात की ताकि वृद्धों को और अधिक आरामदायक और सुरक्षित माहौल मिल सके। दौरे के दौरान महापौर और नगर आयुक्त ने वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों के साथ भोजन भी किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सभी वृद्धों से मिलकर उनकी हाल.चाल ली और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। मेयर ने वृद्धों को यह आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा और उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरे का उद्देश्य वृद्धाश्रम की वर्तमान स्थिति को समझना और वृद्धों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना था। मेयर और नगर आयुक्त के इस कदम से वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों को एक सकारात्मक संदेश मिला है कि उनकी देखभाल और भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# खरगापुर में सीवर समस्या को तत्काल दूर करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोमतीनगर** के खरगापुर में सीवर समस्या को देखने महापौर गयी। महापौर द्वारा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। कई इलाके का जायजा लिया गया, क्षेत्र की बद्तर स्थित देखते हुए महापौर द्वारा जोन चार के एक्सीएन को जल निकासी की उचित व्यवस्था संबंधी वितृत प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए गए। रविवार को खरगापुर में सीवर की बढ़ती समस्या से लोग काफ ी परेशान हैं, खासकर जब सीवर का पानी सड़कों पर भरने लगता है। इस समस्या को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को खरगापुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि सीवर के पानी की समस्या लगातार बढ़ रही है और इसे तत्काल समाधान की आवश्यकता है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान निकालने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जोन 4 के एक्सईएन को स्पष्ट रूप से कहा कि जल निकासी की उचित व्यवस्था के लिए एक विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार किया जाए। इस प्रोजेक्ट को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, ताकि वे समाधान की दिशा में ठोस कदम उठा सकें।


# शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कं. लि.

कॉर्पोरेट कार्यालयः 425, उद्योग विहार फेज IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोन: 0124-4212530/31/32, ई-मेल: customercare@shubham.co वेबसाइट: www.shubham.co

## अचल सम्पत्ति(यों) की बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

नियम 8(6) तथा परिशिष्ट-IV-A के प्रावधानों के अनुसार अचल सम्पत्तियों के बिक्री हेतु विक्रय सूचना
(प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत)

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के अंतर्गत शुभम् हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस कम्पनी लिमिटेड (यहां के बाद कम्पनी के रूप में विदित) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (नियमावली) के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना उनमें प्रत्येक के समक्ष कॉलम (D) में दर्शाई गई निर्दिष्ट तिथियों को जारी कर ऋणधारकों जिनके नाम नीचे कॉलम (C) में दर्शाये गये हैं, को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नीचे कॉलम (E) में दर्शाई गई बकाया राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे कॉलम (H) में दर्शाई गई लिथियों को उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त बकाया राशि के लिए यहां नीचे कॉलम (F) में वर्णित कम्पनी के पास गिरवी रखी गई सम्पत्ति स्वैच्छिक समर्पण प्राप्त किया। अधिग्रहण कर लिया है। विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्वारा सावधान किया जाता है कि वे यहां नीचे कॉलम (F) में वर्णित सम्पत्ति का लेन देन न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का लेन देन नीचे कॉलम (G) में वर्णित राशि के लिए शुभम् हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

अब, एतद द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता की यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति की नीचे वर्णित प्रक्रिया तथा नियमों एवं शर्तों के अनुसार मुहरबंद लिफाफे में बीली आमंत्रित कर प्रत्येक सम्पत्ति के समक्ष नीचे कॉलम (K) में वर्णित तिथि, समय तथा स्थान पर सार्वजनिक नीलामी द्वारा चिक्री की जाएगी:

| क्र. सं. | आवेदन सं. | कर्जदार का नाम एवं पता | 13(2) मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना राशि | सम्पत्ति का पता | कुल देय 12.02.2025 तक | तिथि और कब्जे की स्थिति | मौजूदा आरपी | ईएमडी(रु.) (आरपी का 10%) | नीलामी की तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K |
| 1 | 0LKO201 200000 5032379 | विनोद कुमार, प्राची, न्यू गौरी, बिजनौर रोड, सरोजिनी नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश-226002 | 22-11-2023 | रु. 16,45,704/- | प्लॉट, खसरा/गाटा सं. 837 का भाग / मिनजुमला, ग्राम / मोहल्ला-नटकुर परगना - बिजनौर, तहसील-सरोजिनी नगर, जिला-लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226001 | रु. 21,00,270/- | 03-02-2024 (सांकेतिक) | रु. 14,91,120/- | रु. 1,49,112/- | 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 2 | 0KAN220 5000005 047594 | सर्वेश विश्वकर्मा, हरि शंकर, मकान नंबर 67 बी 1 गंगापुर सैनिक चौराहा, उत्तम चक्की के पास, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश -208011 | 18-08-2023 | रु. 6,42,431/- | प्लॉट नं. 4 का हिस्सा, आराजी नं. 1988 मिन दहेली सुजानपुर कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश -208011 | रु. 8,61,021/- | 30-11-2023 (भौतिक) | रु. 7,94,707/- | रु. 79,470/- | 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 3 | 0KAN200 9000005 029409 | राहुल कनौजिया, संजय कनौजिया, मुन्नी देवी, 63-ए चंद्र नगर चरारी लाल बंगला राज रतन साड़ी के पास, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश -208007 | 19-07-2023 | रु. 7,26,676/- | मकान नं. 141(1) का हिस्सा नया और पुराना- 14 सफीपुर प्रथम, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश -208007 | रु. 8,76,695/- | 09-10-2023 (सांकेतिक) | रु. 8,16,285/- | रु. 81,628/- | 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 4 | 0LKW17 1200000 5009870 | मुन्ना शर्मा, गामा शर्मा, रमावती देवी, मकान नं. 9999/124, आजाद नगर अमौसी एयरपोर्ट, कानपुर रोड, मॉडल पब्लिक स्कूल के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226009 | 25-01-2023 | रु. 5,84,141/- | प्लॉट खसरा नं. 524, फरुखाबाद चिल्लावां वार्ड हिंद नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226005 | रु. 9,40,514/- | 18-04-2023 (सांकेतिक) | रु. 22,03,200/- | रु. 2,20,320/- | 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 5 | 0KAN170 6000005 006651 & 0KAN190 4000005 019365 | विशाल मिश्रा, शालिनी मिश्रा, 519, यशोदा नगर, साउथ के ब्लॉक, अजय ट्रेडर्स के पास, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208011 | 20-01-2024 | रु. 5,96,639/- और रु. 4,75,272/- | मकान नं. के - 519 का हिस्सा, यशोदा नगर कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश -208011 | रु. 13,47,326/- | 27-03-2024 (सांकेतिक) | रु. 12,85,200/- | रु. 1,28,520/- | 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 6 | 0KAN220 8000005 050229 | योगेन्द्र दुबे, रौशनी दुबे, कटका रनिया बनियान फैक्ट्री के पास कटका कानपुर देहात उत्तर प्रदेश -209301 | 20-01-2024 | रु. 10,95,984/- | प्लॉट जोकि आराजी नं. 283 ख का भाग, ग्राम कटका तहसील अकबरपुर कानपुर देहात उत्तर प्रदेश -209101 में स्थित | रु. 13,91,575/- | 27-03-2024 (सांकेतिक) | रु. 15,84,000/- | रु. 1,58,400/- | 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 7 | 0LKW19 0300000 5018294 | प्रियंका मिश्रा, सोमिल पी लाल, फीनिक्स मॉल उप्पल मॉल सेक्टर- बी - एल डी ए कॉलोनी कानपुर रोड पिकाडिली होटल के पीछे लखनऊ उत्तर प्रदेश -226012 | 20-02-2024 | रु. 7,74,545/- | मकान यूनिट सं. 20 खसरा सं. 512-एसए के मिनजुमला पर निर्मित, ग्राम-बंथरा सिकंदरपुर, परगना-बिजनौर तहसील - सरोजनी नगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश -226001 | रु. 8,57,295/- | 30-04-2024 (सांकेतिक) | रु. 7,40,304/- | रु. 74,030/- | 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 8 | 0KAN181 1000005 016307 | मोहम्मद काशिफ, फरीदा सुल्ताना, 39 03 मैदा बाजार मेस्टन रोड निकट कोतवाली चौराहा कानपुर देहात उत्तर प्रदेश -208001 | 20-02-2024 | रु. 11,17,193/- | भूतल, मकान नं. 39/50, जोकि मैदा बाजार, कानपुर नगर, कानपुर देहात उत्तर प्रदेश -208001 में स्थित | रु. 13,31,789/- | 30-04-2024 (सांकेतिक) | रु. 17,92,800/- | रु. 1,79,280/- | 07.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 9 | 0ALB220 9000005 051657 | अनिल कुमार गौतम, नंदनी रैदास, जीसी-175 त्रिवेणीपुरम गंगा सेक्टर झुशी इंडियन अ,यल के पास इलाहाबाद उत्तर प्रदेश 211019 | 19-10-2023 | रु. 8,36,742/- | आराजी नं. 53 के हिस्से पर प्लॉट मौजा हवेलिया, परगना झूंसी तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज इलाहाबाद उत्तर प्रदेश -211019 | रु. 10,83,315/- | 23-12-2024 (भौतिक) | रु. 11,04,320/- | रु. 1,10,432/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 10 | 0LKW190 9000005 023055 & 0LKW211 1000005 040781 | मोहम्मद जाहिद, शकीला बानो, 347/161/ख पुराना टिकैट गंज हैदर गंज राजेंद्र नगर भंडारी चक्की लखनऊ उत्तर प्रदेश-226001 | 20-05-2024 | रु. 1,92,257/- और रु. 2,90,091/- | मकान नं. 348/35 केए, प्लॉट नं. 101, खसरा नं. 85 का भाग / मिनजुमला बैरागी टोला पुराना टिकैतगंज, पुराना हैदरगंज भदेवा लखनऊ उत्तर प्रदेश -226001 | रु. 6,37,916/- | 05-08-2024 (सांकेतिक) | रु. 19,89,000/- | रु. 1,98,900/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 11 | 0ADR220 4000005 046738 & 0ADR220 6000005 048419 | उमेश कुमार प्रजापति, मालती, मालती, 16, गोपाल मोहन विहार जानकीपुरम एक्सटेंशन मिर्जापुर लखनऊ उत्तर प्रदेश -226021 | 21-06-2024 | रु. 8,27,891/- और रु. 3,21,680/- | प्लॉट सं. 3ए, गाटा सं. 84 मिन का हिस्सा, मिर्जापुर परगना - लखनऊ, तहसील बख्शी का तालाब जिला-लखनऊ उत्तर प्रदेश -226021 में स्थित | रु. 13,21,828/- | 30-08-2024 (सांकेतिक) | रु. 16,44,000/- | रु. 1,64,400/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 12 | 0GKP230 200000 5058138 | मोहम्मद शकील, मुस्कान खातून, 51 मिर्जापुर फर्टिलाइजर रोड पोस्ट झुंगिया बाजार गोरखपुर बीआरडी मेडिकल सीएलजी नियर शिव मंदिर गोरखपुर उत्तर प्रदेश -273013 | 21-06-2024 | रु. 14,40,101/- | आराजी सं. 438जीए मौजा-मिर्जापुर, टप्पा-खुटहन, परगना-हवेली, तहसील-सदर, गोरखपुर उत्तर प्रदेश -273013 | रु. 16,40,850/- | 30-08-2024 (सांकेतिक) | रु. 54,43,200/- | रु. 5,44,320/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्रथम तल, 61, खरैया पखरा, बशारतपुर, मेडिकल रोड, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273004 |
| 13 | 0LKO230 7000005 065598 | जीतेन्द्र कुमार शर्मा, मेघा सिंह, मकान नं. 12 के ए एम एल हरिओम नगर 2 पी एस मडियांव नौबस्ता भिटौली खुर्द लखनऊ रामलीला मैदान लखनऊ उत्तर प्रदेश -226020 | 21-06-2024 | रु. 24,93,942/- | प्लॉट नं. 26ए पर निर्मित, खसरा नं. 205 जोकि ग्राम सारकपुर, परगना महोना तहसील बीकेटी लखनऊ उत्तर प्रदेश -226201 | रु. 27,44,357/- | 30-08-2024 (सांकेतिक) | रु. 20,00,000/- | रु. 2,00,000/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 14 | 0LKO220 4000005 046299 | रवि प्रकाश मिश्रा, काजल तिवारी, मुक्कम खिजराबाद, पोस्ट बरवारी पुर, खिजरा बाद प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश -228145 | 20-07-2024 | रु. 13,80,762/- | प्लॉट सं. 08 का भाग, गाटा नं. - 271 मिन जोकि ग्राम रसूलपुर, कायस्थ, परगना - महोना, बीकेटी जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226021 में स्थित | रु. 15,36,247/- | 07-12-2024 (भौतिक) | रु. 12,96,000/- | रु. 1,29,600/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 15 | 0GKP230 1000005 056924 & 0GKP2 3070000 05066900 | संतोष कुमार, सोनम, डुमरी खास, डुमरी शिव मंदिर के पास, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश -273202 | 20-07-2024 | रु. 13,41,420/- 8,17,665/- | आराजी नं. 3670, मौजा-डुमरी खास टप्पा केवटली, परगना हवेली, तहसील चौरी चौरा और जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273202 में स्थित | रु. 24,68,805/- | 28-09-2024 (सांकेतिक) | रु. 41,61,280/- | रु. 4,16,128/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्रथम तल, 61, खरैया पखरा, बशारतपुर, मेडिकल रोड, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273004 |
| 16 | 0LKO200 7000005 028697 | सीमा अग्रवाल, मानस अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, फ्लैट नंबर 117 चौथी मंजिल एसएम अपार्टमेंट नई अनाज मंडी हनुमान मंदिर के पास गणेशगंज लखनऊ उत्तर प्रदेश -226018 | 20-07-2024 | रु. 18,57,078/- | सम्पत्ति नं. 96/88 पर फ्लैट नं. ई-117, चौथी मंजिल पर पुराना नं. 96/76 एस.एम अपार्टमेंट अनाज मंडी पुराना गणेशगंज लखनऊ उत्तर प्रदेश -226001 | रु. 20,80,456/- | 28-09-2024 (सांकेतिक) | रु. 32,00,000/- | रु. 3,20,000/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 17 | 0LKI210 7000005 037504 | मन्नो, मंशू, 1 राणा प्रताप मार्ग बापूनगर हजरतगण निकट मोती महल लखनऊ उत्तर प्रदेश -226001 | 23-08-2024 | रु. 18,85,624/- | खसरा नं. 370 के ए मिन का प्लॉट भाग, ग्राम भमरौली शाहपुर, वार्ड-हैदरगंज तहसील और जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश -226001 में स्थित | रु. 20,52,748/- | 11-11-2024 (सांकेतिक) | रु. 18,48,000/- | रु. 1,84,800/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 18 | 0LKW17 0500000 5006048 | कानूनी उत्तराधिकारी (मृतक श्री लक्ष्मी शरण अवस्थी), हर्ष नारायण अवस्थी, मकान नंबर 19/890 इंद्रा नगर सेक्टर-19 रिंग रोड पानी की टंकी लखनऊ उत्तर प्रदेश -226016 | 23-08-2024 | रु. 16,61,918/- | दुकान नं. 03 भूमि सहित इस्माइलगंज सेक्टर-15 इंदिरा नगर योजना ख. नं. 30 तहसील एवं जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश -226012 | रु. 18,84,922/- | 11-11-2024 (सांकेतिक) | रु. 34,44,000/- | रु. 3,44,400/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 19 | 0GKP230 6000005 064810 | राम प्रसाद, मंजू, हुमायूपुर जगेसरपसी चौराहा गोरखपुर बस्ती उत्तर प्रदेश-272175 | 23-09-2024 | रु. 14,87,354/- | मकान नं. 378डी खसरा नं. 140/1 मिन ग्राम हुमायूंपुर उत्तरी टप्पा-कस्बा परगना हवेली तहसील-सदर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश -273017 | रु. 15,90,827/- | 28-12-2024 (सांकेतिक) | रु. 32,56,320/- | रु. 3,25,632/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्रथम तल, 61, खरैया पखरा, बशारतपुर, मेडिकल रोड, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273004 |
| 20 | 0LKW21 0600000 5037044 & 0LKW2 10200000 5035069 | मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद रफीक, 551केए/105 भिलावां आलमबाग अली के पास अस्पताल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226005 | 23-09-2024 | रु. 7,00,968/- 8,48,233/- | मकान नं. 551 जीए/134ए (पुराना मकान नं. 551 जीए/92) पुराना सरदारी खेड़ा वार्ड ओम नगर आलमबाग लखनऊ उत्तर प्रदेश -226018 | रु. 16,87,815/- | 28-12-2024 (सांकेतिक) | रु. 19,31,880/- | रु. 1,93,188/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 21 | 0GKP230 4000005 061708 | सूरज कुमार जयसवाल, शीला देवी, आर्य समाज मंदिर, हाटा, कुशीनगर बसहिया उर्फ कप्तान गंज, वार्ड नं. 11, कैप्टनगंज, कुशीनगर उत्तर प्रदेश-274301 | 23-09-2024 | रु. 8,55,043/- | प्लॉट क्षेत्रफल 40.5 वर्ग मी. पर मकान, नगर पंचायत कप्तानगंज टप्पा-परवरपार तहसील हाटा, जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश-274301 में स्थित | रु. 9,40,022/- | 28-12-2024 (सांकेतिक) | रु. 17,75,040/- | रु. 1,77,504/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्रथम तल, 61, खरैया पखरा, बशारतपुर, मेडिकल रोड, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273004 |
| 22 | 0LKO220 3000005 045329 | चांद मोहम्मद, शबाना बानो, मोहम्मद शाजाद राईन, 030 पुरा खिजिर गुजर पार मुबारक पुर आजमगढ़ अप इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप आजमगढ़ उत्तर प्रदेश -276404 | 23-09-2024 | रु. 27,99,123/- | फ्लैट नं. 304, तीसरी मंजिल, मकान नं. 12 की भूमि पर निर्मित, जिसे "फाल्कन अपार्टमेंट" कहते है, नगर निगम नं. 21/001डी, क्षेत्रफल 780 वर्ग फीट, डालीबाग, बटलर रोड वार्ड-राजाराम मोहन राय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226001 में स्थित | रु. 29,90,582/- | 31-12-2024 (भौतिक) | रु. 29,73,600/- | रु. 2,97,360/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 23 | 0ADR230 5000005 062797 | धनन्जय तिवारी, किरण तिवारी, परसहवा, कुशीनगर प्राथमिक विद्यालय, देवरिया उत्तर प्रदेश-274402 | 22-10-2024 | रु. 6,04,128/- | मकान सं. 624बी/166/52/03, मोहल्ला चिनहट वार्ड चिनहट तहसील और जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226001 | रु. 6,49,884/- | 28-12-2024 (सांकेतिक) | रु. 19,48,800/- | रु. 1,94,880/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |
| 24 | 0LKI2307 0000050 66734 | रामानंद गुप्ता, आराधना श्रीवास्तव, 563/32 चित्रगुप्त नगर आलमबाग गुरुद्वारा के पास लखनऊ उत्तर प्रदेश -226005 | 22-10-2024 | रु. 18,55,780/- | मकान सं. 545केए/1/डीके-213, प्लॉट सं. 324 के भाग पर निर्मित, खसरा सं. 1333 एस ए का हिस्सा, गांव-सरोसा भरोसा परगना- काकोरी तहसील- सरोजिनी नगर, जिला- लखनऊ, उत्तर प्रदेश -226009 में स्थित | रु. 19,42,417/- | 28-12-2024 (सांकेतिक) | रु. 16,00,000/- | रु. 1,60,000/- | 21.03.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक, दुकान नं. 206, जे.बी मेट्रो हाइट, द्वितीय तल 678/1 बेहसा कानपुर रोड, आरटीओ के पास, कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ - 226012 |

टिप्पणी: कम्पनी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में उपरोक्त सम्पत्तियों पर कोई अधिभार नहीं है। नीलामी बिक्री सूचना के नियम एवं शर्तें:-

सार्वजनिक नीलामी के नियम एवं शर्तें: बोलियों के आमंत्रण द्वारा सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया तथा नियम एवं शर्तें:

1. क्रम सं. 1 से 8 की सम्पत्ति का निरीक्षण क्रमशः 05.03.2025 को तथा क्रम सं. 9 से 24 की सम्पत्ति का निरीक्षण 18.03.2025 को पूर्वा, 10.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक किया जा सकता है।
2. यह बिक्री सरफैसी अधिनियम/नियमावली, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों तथा यहाँ नीचे वर्णित नियमों एवं शर्तों के साथ ही साथ इच्छुक भाग लेने वाले बोलीदाताओं द्वारा जमा की जाने वाली प्रस्ताव/बोली दस्तावेजों की शर्तों के अधीन होगी।
3. शुभम् हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में देय स्थानीय स्तर पर भुगतान योग्य धरोहर राशि भुगतान के डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के साथ मुहरबंद लिफाफे में बोलियाँ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालया में जमा की जायेगी। धरोहर राशि भुगतान पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। बोली प्रपत्र के साथ प्रस्तावित बोलीदाता को अपने पहचान के प्रमाण/केवाईसी दस्तावेजों तथा निवास के प्रमाण जैसे पासपोर्ट, आधार कार्ड, चुनाव आयोग कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसैन्स की एक प्रति तथा आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की प्रति संलग्न करना होगा।
4. जमा धरोहर राशि के साथ बोली जमा करने की अंतिम तिथि क्रमशः क्रम सं. 1 से 8 की सम्पत्ति हेतु 06.03.2025 को तथा क्रम सं. 9 से 24 की सम्पत्ति के लिए 20.03.2025 को पूर्वा. 10 बजे से अर्पा. 4.00 बजे तक या उससे पूर्व किया जा सकता है।
5. किसी भी स्थिति में सम्पत्ति को प्रत्येक सम्पत्ति के समक्ष दर्शाई गयी आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा।
6. बिक्री की तिथि को प्राप्त की गई बोलियों को खोला जायेगा तथा उच्चतम बोलीदाता की बोली, कम्पनी द्वारा स्वीकार की जायेगी बशर्ते वह आरक्षित मूल्य से ऊपर हो। फिर भी, नीलामी स्थल पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित बोलीदाता को न्यूनतम रु. 5000/- (रुपये पांच हजार मात्र) तक अपनी बोली को आगे बढ़ाने का अधिकार होगा तथा उच्चतम बोली मूल्य के प्रस्ताव की स्थिति में कम्पनी को उसे स्वीकार करने का अधिकार होगा। उसके बाद क्रेता को नीलामी की समाप्ति के तत्काल बाद धरोहर राशि भुगतान समायोजित करने के बाद 25% (पच्चीस प्रतिशत) बिक्री मूल्य अधोहस्ताक्षरी के पास जमा करना होगा तथा उस राशि की प्राप्ति पर कम्पनी बोली की स्वीति की पुष्टि करेगी। यह जो भी उचित एवं उपयुक्त समझें उन नियमों एवं शर्तों पर प्राधिकृत अधिकारी अपनी एकाकी इच्छा पर समय की बढ़ोतरी के अनुरोध को स्वीकार कर सकते हैं। यदि नीलामी की समाप्ति के तत्काल बाद उच्चतम बोलीदाता 25% बोली राशि का भुगतान करने में विफल होते हैं तो उच्चतम बोलीदाता द्वारा जमा की गई बोली राशि जब्त कर ली जायेगी तथा सम्पत्ति का प्रस्ताव दूसरे उच्चतम बोलीदाता को किया जायेगा। क्रेता को उक्त सम्पत्ति की बिक्री के पन्द्रहवें दिन या पूर्व अथवा पार्टियों के बीच लिखित में स्वीकृत विस्तारित अवधि के भीतर अधोहस्ताक्षरी के पास शेष क्रय मूल्य का भुगतान करना होगा। उपरोक्त समयावधि के भीतर भुगतान में चूक करने पर कम्पनी पार्टियों द्वारा जमा की गई धरोहर राशि भुगतान एवं अन्यथा अन्य भुगतान को जब्त करने के लिये स्वतंत्र होगा तथा सम्पत्ति की फिर से नीलामी की जायेगी। चूक करने वाले क्रेता उस सम्पत्ति अथवा उस राशि जिसके लिये बाद में उसकी बिक्री की जायेगी, के किसी भाग के लिये अपने सभी दावे से वंचित हो जाएंगे।
7. क्रेता द्वारा सभी भुगतान शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा किया जायेगा।
8. सम्पूर्ण बिक्री राशि की प्राप्ति पर कम्पनी क्रेता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र जारी करेगी तथा क्रेता को सम्पत्ति का कब्जा प्रदान करेगी।
9. अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से अनुसूची में वर्णित उक्त अचल सम्पत्ति आग लगने अथवा चोरी होने अथवा अन्य दुर्घटनाओं के कारण हुई क्षति सहित सभी दृष्टियों से क्रेता की एकाकी जोखिम के अधीन होगा। क्रेता किसी भी आधार पर बिक्री की अवज्ञा करने के लिये अधिकृत नहीं होंगे।
10. असफल बोलीदाता की धरोहर राशि के लिये जमा की गई डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर उन्हें वापस लौटा दी जायेगी।
11. सभी प्रयोजनों के लिये इन सम्पत्तियों की बिक्री पूरी तरह से "जैसा है जहां है आधार" तथा "जो कुछ भी वहां है आधार पर दायित्व रहित आधार" पर ही की जायेगी। उपरोक्त सम्पत्तियों पर कम्पनी को किसी भी प्रकार के किसी भी अधिभार की जानकारी नहीं है।
12. स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण चार्जेज, अंतरण चार्जेज तथा उपरोक्त सम्पत्ति से संबंधित किसी अन्य चार्जेज से जुड़े सभी खर्चे का वहन क्रेता को ही करना होगा।
13. प्राधिकृत अधिकार उच्चतम प्रस्ताव अथवा किसी या सभी प्रस्ताव(कों) को स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं हैं तथा कम्पनी को उसका कोई भी कारण बताये बिना किसी या सभी बोलियों को निरस्त करने का अधिकार प्राप्त है।
14. बोलीदाता को स्वयं अथवा उनके विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
15. यदि कम्पनी द्वारा वहन की गई सभी लागत चार्जेज तथा खर्चे के साथ सम्पत्ति की बिक्री के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय ऊपर नामित ऋणधारक द्वारा अधिनियम की धारा 13(8) के अंतर्गत भुगतान या निपटारा कर दिया जाता है, तो सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी तथा संभावित बोलीदाताओं से प्राप्त सभी बोलियों को कम्पनी के प्रति किसी देयता/दावे के बिना उन्हें वापस लौटा दिया जायेगा।
16. यह सूचना कॉलम # "C" एवं "F" में वर्णित उनके संबंधित पते पर ग्राहक के लिये प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा परिशिष्ट IVA के अंतर्गत उक्त ऋणधारक के लिये भी एक सूचना है।
17. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया प्रतिभूत क्रेडीटर की वेबसाईट अर्थात् www.shubham.co.in देखें।
18. अधिक जानकारी, स्पष्टता या किसी सहायता के लिए, श्री प्रभात सिंह, (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नं. 6394267268 और श्री जेपी तिवारी (प्राधिकृत अधिकारी) मो. नं. 7048951934 पर संपर्क किया जा सकता है।

स्थानः गुड़गाँव, तिथिः 15.02.2025

प्राधिकत अधिकारी शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लि.

# हादसे से नहीं लिया सबक, स्टेशन पर फिर भीड़ उमड़ी

## यात्रियों को रोकने में भारतीय रेल व सामान्य प्रशासन के प्रयास नाकाफी साबित हुए



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ में 18 लोगों की मौत और कई दर्जन लोगों के घायल होने की दर्दनाक घटना से किसी ने कोई सबक नहीं लिया है। हादसे के अगले दिन रविवार को भी यात्रियों की भारी भीड़ नई दिल्ली व दूसरे स्टेशन पर दिखी और ट्रेन में बैठने को लेकर धक्का मुक्की और संघर्ष का आलम रहा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक नाम की दो ट्रेनों प्रयागराज एक्सप्रेस और प्रयागराज स्पेशल के दूसरे प्लेटफॉम पर आने की गफलत के बाद भगदड़ मच गई।

वहीं रविवार को स्टेशनों पर बड़ी संख्या में यात्रियों को रोकने में रेल व सामान्य प्रशासन के प्रयास नाकाफी साबित दिखे। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत के कुछ घंटों बाद, रेलवे कर्मचारियों ने दुखद घटना के भयानक अवशेषों को साफ करने के लिए रात भर काम किया। प्लेटफार्म नंबर 14 और 15 पर जूते, फटे बैग, बिखरे कपड़े और छोड़ा हुआ खाना पड़ा था जो कुछ ही घंटे पहले हुई भगदड़ की याद दिलाता है।

रविवार की सुबह तक, व्यस्त स्टेशन पर सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए श्रमिकों को मलबा हटाते और निजी सामान इकट्ठा करते देखा गया, लेकिन इस भीषण त्रासदी ने ऐसे जख्म छोड़े हैं जिन्हें आसानी से मिटाया नहीं जा सकता। भोर होते ही रेलवे कर्मचारियों ने सफाई का काम शुरू कर दिया। कई कर्मचारी प्लेटफॉर्म की छत से मलबा हटाते और पटरी साफ करते दिखाई दिए। एक रेलवे कर्मचारी, जिसने मलबा हटाने में कई घंटे लगाये, ने इस दृश्य को उसने अपने जीवन के सबसे खराब दृश्यों में से एक बताया जो उसने कभी नहीं देखा था। उन्होंने कहा, हर जगह सामान बिखरा पड़ा था बिना जोड़ी के चप्पल, आधा खाया हुआ खाना और यहां तक कि बच्चों का स्कूल बैग भी। लोगों के पास अपना सामान उठाने का समय नहीं था, वे बस अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे। प्लेटफार्मों पर बिखरे व्यक्तिगत सामानों का भयावह दृश्य, खोए हुए जीवन और बाधित हुई जिंदगी की दर्दनाक याद दिलाता है।

उधर लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में शोक संतप्त परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने के लिए एकत्र हुए। अपने लापता बेटे की तलाश कर रहे एक पिता ने स्टेशन से बरामद वस्तुओं में एक जाना-पहचाना नीला बैग देखा तो वह रो पड़ा। उन्होंने रोते हुए कहा, वह सिर्फ 12 साल का था। उसे मेरे साथ ट्रेन में चढ़ना था। पीड़ित का बेटा अंकित ने बताया कि मां मनीषा देवी शनिवार को नई दिल्ली स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 12 पर थी। अचानक उद्घोषणा हुई की ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर आएगी। लोग इधर-उधर भागे।

भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में मां के कूल्हे की हड्डी टूट गई है। उनका इलाज लोकनायक अस्पताल के आर्थोपेडिक विभाग में चल रहा है। रेलवे अधिकारियों ने माना है कि इस आपदा के लिए भारी भीड़ एक प्रमुख कारण थी। हर घंटे 1,500 जनरल टिकट बेचे जा रहे थे, जिससे यात्रियों की संख्या में इतनी वृद्धि हो गई कि उन्हें नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। अब सुरक्षा उपाय कड़े कर दिए गए हैं और अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है कि आखिर क्या गलती हुई। सामान्य रेल परिचालन फिर से शुरू होने के बावजूद शनिवार रात की दुर्घटना की गूँज अभी भी बनी हुई है। एक मां अभी भी अपनी लापता बेटी की तलाश कर रही है, रेलवे कर्मचारी बिखरे हुए आखिरी सामान को उठा रहे थे।



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रविवार को भी भारी भीड़ नजर आई। कुछ स्थानों पर छोड़कर सुरक्षा बल नदारद दिखे। रेल गाड़ी में चढ़ने के लिए मारामारी दिखने को मिली। फोटो: रंजन डिमरी



गेट पर जगह नहीं मिली, तो खिड़की से डिब्बे के अंदर बच्चों को प्रवेश कराता परिवार।



बड़ी तदाद में प्लेटफार्म से निकलते लोग।

# अपनों की तलाश में भटक रहे परिजन

- अस्पताल में मरीजों के बीच लापता को खोजने की अनुमति नहीं मिलने से बढ़ी निराशा
- लोगों को फोटो दिखाकर अपनों की मांग रहे है जानकारी



भगदड़ में घायल हुए उमेश गिरि अपना इलाज कराते हुए।



अस्पताल के बाहर अपनों की जानकारी लेती महिला।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद से लापता लोगों के परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों की तलाश में जुटे हैं तथा वे उनकी तस्वीरें लेकर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जा रहे हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें।

कई लोगों ने कहा कि अस्पताल ने उन्हें वहां भर्ती मरीजों के बीच अपने परिवार के लापता सदस्यों को खोजने की अनुमति नहीं दी, जिससे उनकी उम्मीदें निराशा में बदल गईं। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार शाम रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई।

घायलों को लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) और मध्य दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एलएनजेपी अस्पताल के बाहर भोला साह ने अपने मोबाइल फोन पर अपनी पत्नी मीना की तस्वीर दिखाई। भगदड़ के बाद से ही मीना लापता हैं। साह ने बताया, मेरी पत्नी कल शाम से लापता है, जब वह महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेन पकड़ने पकड़ने रेलवे स्टेशन गई थीं। उसके पास कोई टिकट नहीं था। उसके साथ रहे 4-5 लोग भी लापता हैं और उनके मोबाइल नंबर पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा, अस्पताल अधिकारियों ने मुझे बताया कि भगदड़ में मारे गए लोगों का कोई शव नहीं है, क्योंकि सभी शवों को उनके रिश्तेदार ले गए हैं। मोअज्जम अपने दोस्तों के साथ एलएनजेपी अस्पताल में अपने लापता भाई नदीम के बारे में पूछताछ करते दिखे। उन्होंने कहा, वह स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से दरभंगा में अपने घर वापस जा रहा था। मुझे उसका कोई सुराग नहीं लगा है क्योंकि उसके पास कोई मोबाइल फोन नहीं है। उसकी ट्रेन शनिवार रात को प्लेटफॉर्म नंबर 13 से रवाना होने वाली थी। मोअज्जम ने कहा, अस्पताल के अधिकारियों ने मुझे वहां भर्ती घायलों के बीच अपने भाई को खोजने नहीं दिया।

# आप और भाजपा नेताओं ने शोक जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रविवार को कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ घोर कुप्रबंधन और भीड़ नियंत्रण उपायों के अभाव का एक जीता-जागता उदाहरण है। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं की मौत बेहद दुखद और दर्दनाक है।

उन्होंने एक्स पर कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत बेहद दुखद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर उनकी आत्माओं को शांति प्रदान करें। हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया उन सभी के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। भाजपा पर पलटवार करते हुए आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर लिखा आपदा सरकार। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा नेताओं ने आप के कथित भ्रष्टाचार और विफलताओं को उजागर करने के लिए आप-दा शब्द का इस्तेमाल किया था। आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने कहा कि भगदड़ ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने इसे घोर कुप्रबंधन और भीड़ नियंत्रण उपायों के अभाव का एक जीता-जागता उदाहरण बताया। चड्ढा ने कहा कहा,11 फरवरी को उन्होंने संसद में यह मुद्दा उठाया था और रेलवे स्टेशनों पर बेहतर प्रबंधन प्रोटोकॉल लागू करने की तत्काल आवश्यकता के बारे में बात की थी, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि भगदड़ के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बयान में कहा कि दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने घटना के मद्देनजर रविवार के पूर्व निर्धारित सभी राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और दिल्ली इकाई के प्रभारी बैजयंत पांडा, विधायक कैलाश गहलोत, पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन समेत भाजपा नेताओं ने जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# एलएनजेपी की कड़ी सुरक्षा, गेट किए बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद घायलों को भर्ती कराए जाने के बीच लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में सैकड़ों अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया और प्रवेश तथा निकास द्वारों को बंद कर दिया गया ताकि अस्पतालकर्मियों को छोड़कर किसी को भी प्रवेश नहीं मिल सके।

एलएनजेपी अस्पताल के बाहर अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई और लोगों को अंदर जाने से रोकने के लिए पुलिस ने रस्सियों से द्वारों को बंद कर दिया। सुरक्षाकर्मियों ने आगंतुकों की पूरी तरह से जांच की और केवल आधिकारिक रिपोर्ट वाले लोगों को ही दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पताल के अंदर जाने की अनुमति दी गई। यहां तक कि मीडियाकर्मियों को भी प्रवेश नहीं दिया गया। अस्पताल परिसर के भीतर आवाजाही को प्रतिबंधित करने के सख्त आदेश दिए गए हैं। कुछ परेशान परिवारों के सदस्यों को आपातकालीन और हड्डी रोग विभागों में जाने की अनुमति नहीं दी गई, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। भर्ती मरीजों के बीच अपने लापता प्रियजनों को खोजने के लिए लोग पहुंचे, जिन्हें अधिकारियों द्वारा उनके पास मौजूद सूचियों की जांच करने के बाद वापस भेज दिया गया। प्रियजनों को तलाश रहे कई लोगों ने शिकायत की कि घायलों को जिन अस्पतालों में ले जाया गया था, उनमें से किसी ने भी उन्हें अपने रिश्तेदारों की तलाश करने की अनुमति नहीं दी। एलएनजेपी अस्पताल परिसर में घूमने पर पता चला कि आम दिनों की तुलना में लोगों की संख्या असामान्य रूप से कम थी। हर वार्ड में सुरक्षा जांच की जा रही थी, जिसमें एक बार में केवल एक व्यक्ति को ही प्रवेश करने की अनुमति थी।

# कुलियों ने हाथगाड़ी पर शव रखकर एंबुलेंस तक पहुंचाया




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ के दौरान वहां मौजूद रहे कुलियों ने बताया कि उन्होंने हाथगाड़ियों पर शवों को ढोया था। इस हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 12 से अधिक घायल हुए हैं। स्टेशन पर कुली के रूप में काम करने वाले कृष्ण कुमार जोगी ने बताया कि जब प्रयागराज जाने वाली ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो भीड़ अचानक बढ़ गई।

उन्होंने कहा, पुल (फुटओवर ब्रिज) पर भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि कई लोगों का दम घुटने लगा। करीब 10 से 15 लोगों की जान वहीं चली गई। मैंने पूरी घटना अपनी आंखों से देखी। प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 से शवों को एंबुलेंस तक पहुंचाया। इस भगदड़ के कारणों पर उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने रविवार को कहा, फुटओवर ब्रिज से प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर उतरते समय कुछ लोग फिसल गए और अन्य लोगों के ऊपर गिर गए। एक अन्य कुली बलराम ने घटना के संबंध में कहा, हमने शवों को उन्हीं हाथगाड़ियों पर ढोया जिनका उपयोग हम सामान उठाने के लिए करते हैं। मैं 15 साल से कुली हूं, लेकिन इतनी भारी भीड़ मैंने पहले कभी नहीं देखी। एक अन्य कुली ने बताया कि शनिवार रात करीब 9:30 बजे जब प्रयागराज जाने वाली ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो भीड़ अचानक बढ़ गई। लोगों की चप्पलें, जूते और अन्य सामान बिखरा हुआ था। कई बच्चों और बुजुर्गों को भीड़ से बाहर निकाला।

## दिल्ली पुलिस का स्थापना दिवस

# 44 पुलिसकर्मियों को मिले सेवा पदक

- गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने ली परेड की सलामी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने रविवार को धूमधाम से अपना 78वां स्थापना दिवस किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड में मनाया। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एसपी परेड कमांडर विवेक भगत के नेतृत्व और दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की उपस्थिति में परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिल्ली पुलिस के 78वें स्थापना दिवस की सभी बधाई देते हुए कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस बलों में से एक है। जी-20 शिखर सम्मेलन में दिल्ली पुलिस की भूमिका की उन्होंने सराहना की। नित्यानंद राय ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग और वरिष्ठ नागरिकों पर केंद्रित दिल्ली पुलिस की विशेष पहलों की भी सराहना की, जिससे पुलिस बल जनता का विश्वास जीतने में सक्षम हुआ। दिल्ली पुलिस की छह कंपनियों ने जिसमें औपचारिक सशस्त्र पुलिस कंपनी, दिल्ली सशस्त्र पुलिस का दंगा निरोधी दस्ता, दिल्ली पुलिस महिला टुकड़ी, सुरक्षा बटालियन दस्ता, कमांडो दस्ता और दिल्ली यातायात पुलिस कंपनी शामिल थी, ने प्रसिद्ध दिल्ली पुलिस बैंड की धुन पर मार्च किया। मार्च के बाद डॉग स्क्वायड, महिला साइकिल गश्ती दस्ता, दिल्ली यातायात पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता, उत्तर-पूर्व सहायता दल वैन, पीसीआर वैन, सभी महिला पीसीआर वैन, पराक्रम वाहन, पीसीआर पर्यटक वाहन, प्रखर वाहन, स्वाट वाहन, वज्र वाहन, विक्रांत वाहन, सड़क सुरक्षा वाहन, न्यायिक अभिरक्षा वाहन, शौर्य वाहन, वाटर कैनन और घुड़सवार पुलिस दस्ता शामिल हुए। फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम वाहन जो गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश और अपराधियों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और दिल्ली पुलिस मोबाइल फोरेंसिक वैन भी आज की भव्य परेड का हिस्सा थे। साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए लघु नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नित्यानंद राय ने वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के लिए 44 पुलिस कर्मियों को पदक भी प्रदान किए।



स्थापना दिवस पर परेड की सलामी लेते गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।

## निगम 312 बाजारों में रात के समय करेगा साफ-सफाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने रात्रिकालीन सफाई पहल शुरू की है। दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार ने सभी जोनल डिप्टी कमिश्नरों को चांदनी चौक, कृष्णा नगर लाल क्वार्टर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी मार्केट, श्रीनिवासपुरी मार्केट और अन्य प्रमुख बाजारों सहित 312 चिन्हित बाजारों में रोजाना नाइट स्वीपिंग और सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर के बाजार गंदगी और कचरे से मुक्त हों, जिससे नागरिकों और आगंतुकों को साफ-सफाई और सुखद अनुभव मिले। इस पहल में उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रत्येक जोन में रात्रिकालीन सफाई अभियान की देखरेख के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियरिंग विभाग से कम से कम एक अधिशासी अभियंता (ईई) या उससे ऊपर का अधिकारी तथा प्रशासन पक्ष से एक प्रशासनिक अधिकारी (एओ) या उससे ऊपर का अधिकारी नियुक्त करें।

## एम्स ने सर्जिकल रोबोट के साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी हासिल की

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली ने अपने शल्य चिकित्सा विभाग में अत्याधुनिक सर्जिकल रोबोट तैनात किया है। इसके साथ ही यह देश के किसी सरकारी अस्पताल में ऐसी पहली सामान्य सर्जरी इकाई बन गई है, जिसने ऐसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी हासिल की है। एम्स में सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. हेमांग भट्टाचार्य ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत रोगी देखभाल को बेहतर बनाने, जटिल प्रक्रियाओं को बेजोड़ सटीकता के साथ निष्पादित करने और चिकित्सा प्रौद्योगिकी में वैश्विक प्रगति के साथ तालमेल रखने की एम्स की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा, सामान्य सर्जरी विभाग में रोबोटिक सर्जरी को शामिल करने की पहल, सरकारी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य देखभाल के मानक को बढ़ाने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। सर्जिकल रोबोट शल्य चिकित्सा क्षेत्र का विस्तृत, त्रि-आयामी दृश्य प्रदान करता है तथा रोबोटिक भुजाओं के माध्यम से अद्वितीय निपुणता प्रदान करता है, जिससे शल्य चिकित्सक जटिल प्रक्रियाओं को सटीकता के साथ करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, जटिल कोलोरेक्टल सर्जरी, एसोफैजेक्टोमी और अग्नाशय की सर्जरी, जो अपनी जटिल प्रकृति के कारण पारंपरिक रूप से चुनौतीपूर्ण थीं, अब कम जटिलता के साथ की जा सकेगी जिससे लोग तेजी से ठीक होंगे और उन्हें अस्पताल में कम समय तक भर्ती रहना होगा।

# नारी शक्ति के सम्मान से ही संभव है राष्ट्र का सर्वांगीण विकासः लोकेश भारती

**संवाददाता।** महाकुंभ नगर




**हिन्दू** आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान की ओर से सेक्टर आठ स्थित वेणी माधव मार्ग में आयोजित सेवा कुंभ के अंतर्गत रविवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन मंगलाचरण के साथ हुआ। इस मौके पर वंदना श्रीवास्तव अलका कल्पना गीता और सुधा के समवेत स्वर में गणेश वंदना की गई।

अतिथि परिचय अर्चना शुक्ला ने कराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिव्य ज्योति एवं जागृति संस्थान की लोकेश भारती ने कहा कि महादेवी या आदिशक्ति को इस संसार की सृजन शक्ति माना जाता है। ऐसी शक्ति जो सारे संसार को जोड़ती है। पूरी सृष्टि को संचालित और नियंत्रित करती है। दिव्य ज्योति एवं जागृति संस्थान की परमा भारती ने कहा कि नारी किसी भी परिवार समाज व राष्ट्र के सशक्तिकरण की आधारशिला है। शिक्षिता नारी शिक्षिता माता शिक्षिता भगिनी शिक्षिता पत्नी शिक्षिता दुहिता बनकर ही भारतीय नारियों ने सदैव विश्व कल्याण में अपना योगदान दिया है विशिष्ट अतिथि राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की प्रो मीरा पाल ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान और उत्थान से ही राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है।

विशिष्ट अतिथि विष्णु शंकर प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा कि नारी समाज की कुशल वास्तुकार है। नारी की स्थिति से समाज और देश के सांस्कृतिक एवं बौद्धिक स्तर का पता चलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो गिरीश चन्द्र त्रिपाठी पूर्व कुलपति बीएचयू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को दिया गया उच्च स्थान हमारे लिए एक आदर्श है। यह हमें सिखाता है कि समाज की प्रगति के लिए नारी का सम्मान और उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के समय में हमें इन मूल्यों को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है। जहां नारी को समान अवसर और सम्मान मिले।

साथ ही उनकी सुचिता और सदाचारिता के महत्व को समझा जाए। नारी राष्ट्र का भविष्य और गौरव है। कार्यक्रम में सेंट कोलंबस के बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। समाज में नारी शक्ति के रूप में योगदान करने वाली 21 विशिष्ट मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में दीपा बरछा डॉ तुसमुल मिश्रा अनुपम शुक्ला दीप्ति डे रंजना सिंह रिंकू कुमारी सरिता त्रिपाठी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन वंदना तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन अनामिका चौधरी ने किया।

## दीन दयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान की बैठक संपन्न

**लखनऊ।** दीन दयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान की वार्षिक आम बैठक का आयोजन राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रांगण में महाकुंभ प्रयागराज में किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के यशस्वी महापौर गणेश केशवानी, राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक राज्य मंत्री सुनील बराला, विवेक गुप्ता, विधायक पश्चिम बंगाल, दीन दयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय प्रवीन मिश्रा, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्षा शोभा वर्मा एवं दीन दयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे । गोपाल शुक्ला, एम ए खान, जवाहर सिंह, मुकेश चौरसिया, रुचि वैश्य, मृदुला अवस्थी, अजय कुमार मेहरोत्रा, राकेश वैश्य, सरल शुक्ला, अनिल शुक्ला, महादेव प्रसाद, अंशु रस्तोगी, वैभव स्वर्णकार, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, डॉ हेमलता कौशिक, कमल शर्मा निशा शर्मा, संगीता मित्तल, गीता कौशिक, निर्मला जायसवाल, आदि मौजूद रहे।

# कला ग्राम में देखने को मिल रहा ताल लय, और ध्वनि का अद्भुत संगम

**संवाददाता।** महाकुंभ नगर




**संस्कृति** मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कुंभ में रविवार को ताल लय और ध्वनि का संगम हुआ। सांस्कृतिक संध्या में कला ग्राम का मंच भारतीय शास्त्रीय संगीत के जाने माने वायलिन वादक शरत चंद्र के नाम रहा उन्होंने राग यमन राग भैरवी एवं राग दरबारी की मधुरता को वायलिन के तारों पर इस कदर संजोया कि श्रोता भावविभोर हो उठे। वायलिन से निकलती रागों की मधुर धुनें संगीत प्रेमियों के दिलों में गूंजती रही।

अपनी प्रस्तुतियों में उन्होंने ब्राज़ीलियाई बोसा नोवा और भारतीय तालों का सुंदर मिश्रण को पेश कर श्रोताओं को एक अद्वितीय संगीत एहसास कराया। इसी क्रम में तबला उस्ताद पंडित वी नरहरी ने तबला वादन के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय संगीत को समृद्ध किया। जबकि साथी कलाकारों में पंडित अनूप बनर्जी ने पखावज की गहरी ध्वनि से संगीत में शक्ति और धैर्य का संचार किया। तबले और पखावज का संवाद देखकर दर्शक अभिभूत नजर आए। लोकनृत्यों की कड़ी में ओडिशा का घंटा और मृदंग नृत्य तमिलनाडु का ओलियट्टम नृत्य राजस्थान का कच्ची घोड़ी नृत्य त्रिपुरा का मोगनृत्य तथा पंजाब का भांगड़ा की प्रस्तुति देकर दर्शकों से ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरषार्थी ने किया। कल होने वाली प्रस्तुतियां नाबाम सोनिल एवं दल द्वारा अरुणाचल प्रदेश का रिख्खमपदा नृत्य बोरिस दत्ता द्वारा गुवाहटी का भोरताल नृत्य गुरु नरेंग गुरूंग एवं दल द्वारा सिक्किम का तमांग शैली नृत्य पंचाली देवब्रम एवं दल द्वारा त्रिपुरा का लिबांग नृत्य विजय यादव द्वारा अवध का फरवही नृत्य तथा सिडप्पा बसप्पा द्वारा कर्नाटक का कार्डिम जलू नृत्य सुनील कुमार द्वारा धोबिया नृत्य और विजय भाई द्वार गुजरात का मेवासी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

# जुगानी भाई को, शोक सभा कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय संचेतन समिति सोनभद्र के तत्वावधान में जनपद मुख्यालय स्थित कचहरी बार सभागार में देश के जाने माने साहित्यकार डाक्टर रवीन्द्र श्रीवास्तव जुगानी भाई के हुए निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। भोजपुरी साहित्य के ध्वज वाहक रचनाकार, लगभग डेढ़ दर्जन पुस्तकों के रचयिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने अपूर्णीय क्षति बताया। वरिष्ठ साहित्यकार व मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के निदेशक अजय शेखर की अध्यक्षता में संपन्न शोक सभा में दो मिनट मौन रहकर आत्मा के शांति की कामना हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पंथी उनके स्मृतियों को सांझा करते हुए भावुक हो गये उन्होंने कहा कि जुगानी भाई हम लोगों के पथ प्रदर्शक थे और लोकभाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए जीवन भर संघर्षरत रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से विमार चल रहे डाक्टर रविन्द्र श्रीवास्तव जुगानी भाई का 14 फरवरी शुक्रवार को गोरखपुर में ईलाज के दौरान निधन हो गया था। वे आकाशवाणी गोरखपुर के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हो कर लोकभाषा के लिए उल्लेखनीय योगदान दे रहे थे। उन्हें साहित्य के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के हिंदी संस्थान द्वारा लोक भूषण सम्मान, संस्कार भारतीय सम्मान भोजपुरी रत्न सम्मान समेत दर्जनों पुरस्कारों व सम्मानों से विभूषित किया गया था।

# गांवों में भी कैंसर को लेकर जागरूकता जरूरीः डॉ जोनाथन

## शुआटस में दो दिवसीय उच्च स्तरीय राजनीतिक शिखर सम्मेलन 20 और 21 फरवरी को

### ● आयरलैंड के राजदूत केविन केली और स्विटजरलैंड की राजदूत माया जौहरी टिसाफी करेंगी सम्मेलन का शुभारंभ

**संवाददाता।** प्रयागराज

**सैम** हिग्गिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज शुआटस में दो दिवसीय उच्च स्तरीय राजनीतिक शिखर सम्मेलन का आयोजन 20 और 21 फरवरी को होगा। एक्विटी इन एक्शन कैंसर देखभाल में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए तमाम अतिथि यहां एकत्रित होंगे। सम्मेलन का उद्घाटन विश्वविद्यालय सभागार में 20 फरवरी को सुबह साढ़े नौ बजे होगा। जिसका शुभारंभ आयरलैंड के राजदूत केविन केली और स्विटजरलैंड की राजदूत माया जौहरी टिसाफी करेंगी।

रविवार को शुआटस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुआटस के प्रति कुलपति शैक्षिक और आईसीपीसी के बोर्ड सदस्य प्रो डॉ जोनाथन ए लाल ने पत्रकारों को बताया कि यह सम्मेलन इंटरनेशनल कैंसर पेशेंट को एलिशन आईसीपीसी एक वैश्विक रोगी नेतृत्व वाले संगठन द्वारा आयोजित होगा। यह आयोजन कुलपति प्रो डा राजेन्द्र बी लाल के निर्देशन में सैम हिग्गिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज शुआटस में हो रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में कैंसर देखभाल में गहरी असमानताओं को संबोधित करने के लिए सहयोग नवाचार को बढ़ावा देना है।

शिखर सम्मेलन के संयोजक प्रो डॉ जोनाथन ए लाल प्रति कुलपति शैक्षिक शुआट्स बोर्ड सदस्य आईसीपीसी तथा प्रो डेनिस होर्गन महासचिव आईसीपीसी और कार्यकारी निदेशक ईएपीएम होंगे। प्रो जोनाथन ए लाल ने सम्मेलन के महत्व को बताया।

गौरतलब है कि प्रो डेनिस होर्गन महासचिव आईसीपीसी प्रो गैब्रिएला प्रवेट्टोनी संज्ञानात्मक मनोविज्ञान के पूर्ण प्रोफेसर यूरोपीय ऑन्कोलॉजी संस्थान मिलान प्रो हेशान एल्घाजाली अध्यक्ष मिस्र कैंसर सोसायटी और प्रमुख एमएएसआरआई मेडिकल रिसर्च सेंटर डॉ एडेला मैगहियर स्वतंत्र वरिष्ठ स्वास्थ्य नीति सलाहकार एडवांसिंग अर्ली स्क्रीनिंग एंड डायग्नोस्टिक्स भी ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित हुए। उन्होंने कैंसर देखभाल में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकी सुझाव और रणनीतियां साझा कीं।

डॉ रमाकांत दुबे निदेशक पब्लिक रिलेशन प्रो डॉ सी जे वेस्ली अपर कुलसचिव डॉ अखिलेश बिंद डॉ विजय त्रिपाठी ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर प्रो डॉ जोनाथन ए लाल ने कहा कि कैंसर देखभाल में वैश्विक स्तर पर क्रांति ला दी है लेकिन इसकी असमान पहुँच चिंता का विषय बनी हुई है। कहा कि चीन का प्रेसीशन मेडिसिन इनीसिएटिव तेजी से प्रगति कर रहा है लेकिन इसकी पहुँच शहरी अकादमिक केंद्रों तक सीमित है। जिससे ग्रामीण आबादी इससे वंचित रह रही है। भारत में जहाँ 2025 तक हर साल 1.57 मिलियन लोगों की मौत कैंसर से होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

प्रो डॉ जोनाथन ए लाल ने कहा कि समानता कोई विकल्प नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी है। सहयोग प्रगति की नींव है। जब हम नीति निर्माताओं चिकित्सकों और रोगियों को एकजुट करते हैं तो हम उन बाधाओं को तोड़ सकते हैं जो समान स्वास्थ्य देखभाल में बाधा डालती हैं।

## क्विक न्यूज

### 8.16 ग्राम हेरोइन के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**सोनभद्र।** रविवार को थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 8.16 ग्राम नाजायज हेरोइन व हेरोइन विक्री कें 11,300 रूपये के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किए जाने के साथ ही तीन अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अलग से टीम गठित की गई। पुलिस को मुखबीर सें सूचना मिली की कम्हारी मोहाल में सामुदायिक शौचालय के पास एक व्यक्ति है जिसके पास अवश्य ही कोई संदिग्ध नाजायज वस्तु है। अगर जल्दी चलें तो उसको नाजायज वस्तु के साथ पकड़ा जा सकता है। मुखबीर सें मिली सूचना के आधार पर रा0गंज प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय चौकी प्रभारी काशीराम आवास बृजेश कुमार दुबे मुख्य आरक्षी कन्हैया यादव विनोद कुमार भारती अजीत यादव द्वारा कम्हारी मुहाल सामुदायिक शौचालय थाना रा0गंज के पास खड़े अभियुक्त के पास से 8.16 ग्राम नाजायज हेरोइन व हेरोइन विक्री कें 11,300 रूपये के साथ रहिमान पुत्र मुनीर खान निवासी वार्ड नं0 24 कम्हारी मोहाल थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। तथा वंछित मो0 उमर उर्फ बब्लू खान पुत्र नूर मुहम्मद निवासी ग्राम बहुअरा थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र मो0 कैफ पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम बहुअरा थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अलग से टीम गठित की जा रही है।

### रिश्तों को भी मजबूत कर रही है खाकी

**सोनभद्र।** जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में रविवार को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना, सविता सरोज व टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के सम्बंध में 06 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति-पत्नी राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए तथा 01 प्रकरण में अग्रिम तिथि निर्धारित किया गया। सप्ताह में कुल 06 प्रकरण में सुलह समझौता कराया गया। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हसी खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिस पर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

### अनियंत्रित थार ने कई वाहनों में मारी टक्कर

**सकलडीहा, चन्दौली।** सकलडीहा सधन तिराहा के समीप शनिवार की देर शाम सकलडीहा से चहनिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थार वाहन ने छोटी बड़ी कई वाहनों में टक्कर मार दिया। जिसके कारण भगदड़ मच गया। मौके पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक और वाहन को पकड़कर थाने ले गयी। वही घटना के बाद काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी। सकलडीहा से चहनिया मार्ग का निर्माण पूर्ण रूप से हुआ नहीं है। इसके बाद भी तेज रफ्तार में फर्राटा भर रहे है। एक सप्ताह पूर्व डंफर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी थी। इसके बाद भी वाहनों का आवागमन पर लगाम नही लग पा रहा है। शनिवार की देर शाम सकलडीहा सधन तिराहे से तेज रफ्तार में चहनिया की ओर जा रही थार वाहन टेम्पू सवारी वाहन, बाइक सवार,मारूति कार,ट्रैक्टर सहित कई वाहनों को टक्कर मारते हुए सड़क पर गिरी बालू में जाकर फस गयी। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल होगया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि थार चालक नशे में होने के कारण कई वाहनों की टक्कर मार दिया। जिसमें एक बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी।

# केंद्रीय बजट पर भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर




**भाजपा** के केंद्र सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश केंद्रीय बजट पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में प्रेस वार्ता और बजट संगोष्ठी आयोजित किया गया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी,विधायक धर्म राज निषाद,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के साथ प्रेस वार्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता और जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव के संचालन में सम्पन्न गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपनी विचार धारा के लिए सत्ता छोड़ देती है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर देश की साख को विश्व पटल में स्थापित किया।

देश में सड़कों की जाल बिछाने की नींव अटल जी के समय से ही पड़ी थी जिसे मोदी और योगी की सरकार पूरा कर रही है। डॉ सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिंदू धर्म के शंकराचार्य को गिरफ्तार करवा दिया था। आतंकवादी संगठनों की पोषक रही है कांग्रेस।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर भारत के वीर सैनिकों ने पुलवामा में शहीद सैनिकों का बदला पाकिस्तान में घुस कर सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकियों को मार कर लिया था। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस बार पेश केंद्रीय बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को समर्पित है। मध्यम वर्ग के सपनों को पंख लगाने वाला और समग्र विकास का बजट है।किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने से किसानों को किसानी में सहयोग मिलेगा।36 जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स फ्री किया गया है।12 लाख तक के आय को टैक्स फ्री करना ऐतिहासिक कदम है।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि बजट धन धान्य योजना से किसानों को बड़ा लाभ होगा। प्रत्येक जिले में कैंसर अस्पताल खोले जाने का प्रावधान बजट में किए जाने से लाखों लोगों की जान को बचाया जा सकता है।विकासोन्मुखी बजट बताते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत की संकल्प को पूरा करने वाला है। कहा कि यह सर्व स्पर्शी और सर्वग्राही बजट है।देश की संसद में पेश बजट करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा।

गोष्ठी को विधायक धर्म राज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,ज्ञान सागर सिंह,रमा शंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन सिंह, विद्यावती राजभर ने भी संबोधित किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से सुरेश कन्नौजिया, विनय पाण्डेय, सुनील पासवान, मनीष मिश्र, डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप गुप्ता शंकर,दुर्गा प्रसाद तिवारी, राम बक्श सिंह,राजेश सिंह बबलू,अभिषेक सिंह यादव,संजय तिवारी, जगदीश राजभर, गौरव श्रीवास्तव, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# डीएम ने किया पर्यटन एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का निरीक्षण



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनपद के महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थल श्रवण क्षेत्र धाम में निर्माणाधीन पर्यटन विकास कार्यों एवं वहां आने वाले श्रद्धालुओं हेतु उपलब्ध जन-सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम में स्थापित प्रभु श्री राम जी की प्रतिमा के पास विकसित किया जा रहे आकर्षक पार्क एवं वहां पर भगवान श्री हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना हेतु फाउंडेशन के कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पार्क के साथ-साथ श्रवण क्षेत्र धाम में निर्माणाधीन समस्त पर्यटन विकास कार्यों में तेजी लाने और समस्त कार्यों को आगणन की विशिष्टियों एवं पूरी गुणवत्ता के साथ अपेक्षित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने संपूर्ण श्रवण क्षेत्र धाम परिसर एवं उसके आस-पास निरंतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अकबरपुर-अयोध्या मार्ग पर जनपद-अंबेडकर नगर अयोध्या बॉर्डर पर प्रस्तावित दशरथनंदन द्वार के निर्माण हेतु निर्धारित स्थल का भौतिक निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बैंक कर्मचारी करेंगे दो दिवसीय हड़ताल, प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में हुआ निर्णय

**संवाददाता।** गाजीपुर




**पंजाब** नैशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन उत्तरप्रदेश की प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में बोलते हुये प्रान्तीय महामंत्री मदन मोहन राय ने कहा कि बैंक कर्मचारियों के संयुक्त मंच ने अपनी मांगों को लेकर एक बड़ा आंदोलन छेड रखा है। बैंककर्मी एकजुट होकर 24 व 25 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने को तैयार है।

रविवार को शहर के लंका क्षेत्र में एक स्थानीय होटल के सभागार में स्टाफ एसोसिएशन के 14वें प्रान्तीय अधिवेशन के बाद की पहली प्रान्तीय कार्यकारिणी प्रान्तीय अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पत्र हुई जिसमें प्रान्तीय पदाधिकारियों सहित प्रदेश की तमाम जिला इकाइयों से प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। अपने संबोधन में प्रान्तीय महामंत्री मदन मोहन राय ने कहा कि बैंको में नई भर्ती बहुत जरूरी हो गयी है। खाली पड़े पद भरे नहीं जा रहे हैं। बैंक कर्मचारी काम के बोझ तले दबा है। बैंको में आउटसोर्सिंग यूनियंस के विरोध के बाबजूद जारी है। उन्होंने कहा कि 5 दिवसीय बैंकिंग पर भारतीय बैंक संघ व बैंक यूनियंस के बीच सहमति बन जाने के बाबजूद सरकार इसे क्लियरेंस नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंसियल सर्विस का अनावश्यक हस्तक्षेप कार्मिक नीतियों को विपरीत प्रभावित कर रहा है। बैंक मैनेजमेंट की ओर से द्विपक्षीय समझौतों व सहमतियों का उल्लंघन किया जा रहा है। बारहवें द्विपक्षीय समझौते के मांगपत्र के लंबित मुद्दों पर बातचीत आगे नहीं बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि कार्मिकों को मिलने वाले परिलाभों पर एकमुश्त कर कटौती ने उन्हें आर्थिक संकट में डाल दिया है। यह कर कटौती कार्मिक के वेतन से न की जाय। उन्होंने बैंक शाखाओं पर ग्राहकों के बढ़ते हमलों पर चिंता व्यक्त की और सरकार से मांग की कि इसके लिये उचित कानून बनाकर इसे हतोत्साहित किया जाय।

प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में करीब बीस वक्ताओं ने संगठन पर अपने विचार रखे। मंच पर प्रान्तीय अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव (लखनऊ), वरिष्ठ उपाध्यक्ष यूपीएन सिंह (गोरखपुर) उपाध्यक्ष राजीव जैन (सहारनपुर) व जितेंद्र शर्मा (अलीगढ़) उपमहामंत्री संजय शर्मा (वाराणसी) आसीन रहे। आयोजक इकाई गाज़ीपुर की ओर से सत्येन्द्र गुप्ता सत्या ने स्वागत भाषण पड़ते हुए गाज़ीपुर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व क्रांतिकारी इतिहास प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित किया। आयोजन में गाज़ीपुर इकाई की ओर से कमलेश सिंह, ह्रदय शंकर राय, शुभम सिंह, आलोक प्रकाश, कृष्णदेव सिंह, अशोक सिंह, बबिता यादव, संगीता, ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभावी भूमिका अदा की।

## पेशेवर अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई

**चन्दौली।** जिलाधिकारी चन्दौली निखिल टी. फुंडे व पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे द्वारा जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को स्थापित रखने व अपराध नियंत्रण के लिये चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत चन्दौली पुलिस द्वारा सक्रिय अपराधी एवं अराजकतत्व के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में विभिन्न अपराधिक क्रियाओ में संलिप्त अपराधी पर प्रभावी अकुंश लगाये जाने तथा जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये एक आदतन अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गयी हैं। तथा इस अपराधी को छह माह के लिए जिले की भौगोलिक सीमाओं से निष्कासित किया गया हैं। अगर इसके बाद भी चंदौली जनपद की सीमा में भटकता या सक्रिय दिखा तो उसके ऊपर सख्त एक्शन का पूरा प्लान पुलिस के पास तैयार रखा है। जिला बदर अभियुक्त पर पुलिस लगातार अपनी पैनी नजरें बनाए हुए है।

# सनातन धर्म की मजबूती पर दिया जा रहा जोरः डॉ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी

**संवाददाता।** महाकुंभ नगर



**विश्व** प्रसिद्ध तीर्थराज प्रयागराज के महाकुंभ में जहां देश विदेश के संत सभी तेरह अखाड़ा बड़ी संख्या में संस्थाओं के शिविर लगे हुए हैं। वहीं सबसे हटकर सेक्टर 16 संगम लोवर पूर्वी पटरी पर लगा किन्नर अखाड़ा का शिविर आज भी गुलजार है। सुबह सात बजे से रात दो बजे तक शिविर में किन्नर संत श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते है। शाम से धार्मिक नृत्य नाटिकाएं सात्विक अघोर पूजा विशाल भण्डारा सहित अन्य कार्यक्रम चलता रहता है।

शिविर का समापन महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि 26 फरवरी को होगा। आभार यात्रा के साथ शिविर का महाकुंभ में समापन होगा। इस दौरान शहर के लोगों शासन प्रशासन सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज है। वह कत्थक में पोस्ट ग्रेजुएट और 18 भाषाओं की ज्ञाता वेद वेदांग उप निषाद ज्योतिष सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों के बारे में बहुत अच्छी जानकारी है। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने बताया कि किन्नर अखाड़ा सिर्फ किन्नरों के लिए नही बनाया गया है बल्कि बच्चे महिला और पुरुष सभी लोग किन्नर अखाड़ा में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि किन्नर अखाड़ा में महामंडलेश्वर मण्डलेश्वर पीठाधीश्वर महंत श्रीमहंत जैसे पदों पर किन्नरों के साथ महिला और पुरुष भी पदाधिकारी है। सभी को समान सम्मान समान अधिकार और समानता का दर्जा मिला हुआ है। ऐसे में यह कहना कि सिर्फ किन्नरों का अखाड़ा है और किन्नरों के लिए बना है गलत है। महामंडलेश्वर ने बताया कि किन्नर अखाड़ा सनातन धर्म की मजबूती के लिए देश विदेश में प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को जोड़ा जा रहा है इससे जहां सनातन धर्म को मजबूती के साथ प्रचार प्रसार हो रहा है वहीं किन्नर अखाड़ा को मजबूती मिल रही है। महाकुंभ के सेक्टर 16 संगम लोवर पूर्वी मार्ग पर लगे किन्नर अखाड़ा के शिविर में चार कंठी शिष्य बनाए गए हैं। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने चार कंठी चेला बनाया है।

## यूक्रेन युद्ध
### वार्ता पर सहमति

**यूक्रेन** युद्ध समाप्त करने के लिए ट्रंप और पुतिन वार्ता पर सहमत हो गए हैं जिसका विश्व शांति और व्यापार पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से अच्छे संबंध हैं और अब यह अमेरिकी नीति में परिवर्तन के रूप में दिख रहा है। यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका के दृष्टिकोण में यूटर्न की संभावना है और अब वह यूक्रेन को अंधेरे में छोड़ कर रूस के प्रति नरमी बरत सकता है। एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने यूक्रेन में जारी युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता शुरू करने पर सहमति प्रकट की है। यह कदम अमेरिकन विदेश नीति में उल्लेखनीय परिवर्तन है और इसके दुनिया भर में अनेक परिणाम होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर 90 मिनट वार्ता कर अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया जिसमें मुख्य रूप से यूक्रेन पर ध्यान केन्द्रित किया गया था। इस फोन वार्ता के बाद ट्रंप ने घोषणा कर दी कि पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की ने शांति की दिशा में बढ़ने की इच्छा प्रकट की जिसका परिणाम युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता शुरू करना है। ट्रंप ने संकेत किया कि ये वार्तायें फौरन शुरू होंगी और निकट भविष्य में सऊदी अरब में उनकी पुतिन से मुलाकात हो सकती है। यूक्रेन और यूरोपीय नेताओं ने इन वार्ताओं में हाशिए पर धकेलने पर चिन्ता प्रकट की है जिसका परिणाम संभावित हानिकारक रियायतें हो सकती हैं।

अमेरिका द्वारा सीधे रूस से इस मामले में संपर्क करने से अनेक सवाल



उठते हैं जिनका संबंध यूक्रेन को समर्थन में संभावित परिवर्तन से है। यूक्रेन की नाटो सदस्यता को 'अव्यावहारिक' तथा रूस द्वारा कब्जे वाले क्षेत्रों की वापसी को 'भ्रामक' बता कर अमेरिका संभवत: रूस को अलग-थलग करने की अपनी नीति से दूर हट रहा है। इस परिवर्तन से चिन्ता पैदा हो गई है कि यूक्रेन एक संकटग्रस्त स्थिति में फंस जाएगा, खासकर यदि यूरोपीय सहयोगी अमेरिका की संभावित वापसी से पैदा खाली स्थान न भर सकें। शांति वार्ताओं की घोषणा का तात्कालिक प्रभाव विश्व बाजारों पर पड़ा। यूरोपीय शेयर बाजारों ने उम्मीद जगाई तथा स्पेन का आईबेक्स 35 नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया। इसके साथ ही तेल मूल्यों में भी गिरावट आई है और ब्रेंट क्रूड 75 डालर प्रति बैरल तक गिर गया। व्यापारियों को उम्मीद है कि रूसी उत्पादकों पर लगे प्रतिबंधों में रियायतें दी जाएंगी। लेकिन अनिश्चिततायें बनी हुई हैं। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि जहां तनाव घटने से ऊर्जा और खाद्य बाजारों में स्थिरता आ सकती है, वहीं किसी समझौते से दीर्घकालीन प्रभाव भी पड़ेंगे। खासकर कृषि क्षेत्र इस स्थिति पर गहरी नजर रख रहा है क्योंकि रूस और यूक्रेन का विश्व गेंहूं निर्यात में बड़ा हिस्सा है। रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने से सप्लाई श्रृंखला की बाधायें दूर हो सकती हैं, पर यूक्रेन में हुए ढांचागत संरचनाओं और लाजिस्टिक्स के नुकसान से बाधायें बनी रहने की आशंका है। भारत सूरजमुखी के तेल जैसी चीजों का प्रमुख आयातक है जिस पर इन घटनाओं का प्रभाव पड़ेगा। युद्ध समाप्त होने से व्यापार प्रवाह ज्यादा सहज हो जाएगा तथा संभवत: प्रमुख आयातों की कीमतों में कमी आएगी। हालांकि, ट्रंप-पुतिन वार्ता से शांति की उम्मीद बढ़ गई है, पर गठबंधनों में संभावित परिवर्तनों का प्रभाव विश्व बाजारों पर पड़ेगा जिस पर सभी पक्षों को सावधानी से नजर रखनी होगी। अमेरिका की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप से वार्ता के समय रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने में ट्रंप के प्रयासों का समर्थन किया। उन्होंने आशा प्रकट की कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने प्रयासों में शीघ्रातिशीघ्र सफल होंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति विश्व शांति के लिए महत्वपूर्ण होगी।

# परीक्षा प्रबंधन: एक अदृश्य चुनौती

**हम भी अपने जीवनकाल में किसी न किसी प्रकार की परीक्षा से गुजरे हैं। इसलिये अपने जीवन के परीक्षा अनुभवों से अपने पाल्यों को अवगत कराकर, उनको प्रोत्साहित करें कि परीक्षा से घबराना नहीं चाहिये।**



**मुकेश कुमार सिंह**
(लेखक, उप शिक्षा निदेशक हैं)

परीक्षा का मूल अर्थ एक चुनौती के रूप में परिभाषित होता है। इसका नाम सुनकर लगभग प्रत्येक आयु वर्ग के मस्तिष्क में एक अज्ञात तनाव व भय का बोध होने लगता है जो चिन्ता में परिवर्तित होकर स्वयं के विश्वास को कमजोर करता है। इसका सबसे अधिक असर उन बच्चों के मन-मस्तिष्क पर पड़ता है जो कक्षा 10 तक की कक्षाओं में शिक्षारत हैं और विशेषकर तब, जब परीक्षा की तिथियां घोषित हो गयी हों। बोर्ड परीक्षा में अपने पाल्य विद्यार्थियों से अन्य बच्चों की तुलना में अधिक अंक प्राप्त करने की माता-पिता की अपेक्षाएं बलवती होती हैं। इन अपेक्षाओं के मानसिक दबाव के कारण विद्यार्थियों में अपने अभिभावकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का तनाव व भय के फ्लत: चिन्ताग्रस्त होना स्वाभाविक है। यही उनमें पर-इच्छा, एक अदृश्य चुनौती को प्रकट करता है। इससे उनके आत्मविश्वास में कमी और असुरक्षा तथा अवसाद की स्थिति उत्पन्न होती है।

प्रत्येक विद्यार्थी की मन:स्थिति व कुशलता भिन्न-भिन्न होती हैं। कुछ विद्यार्थी परीक्षा में सर्वोच्च सफ्लता के लिये मानसिक स्वस्थता की परवाह किये बिना लगातार काफी देर तक केवल पढ़ाई में लगे रहते हैं। इस प्रकार की दिनचर्या से उनमें शारीरिक एवं मानसिक कमजोरी उत्पन्न हो जाती है तथा उनके तनावग्रस्त होने की सम्भावना बढ़ जाती है, जो उनके भविष्य के परिणामों के लिये ठीक नहीं है। अब हमारे मन में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से आता है कि ऐसा कुछ किया जाए जिससे हमारे एवं बच्चों के मन में परीक्षा को लेकर भय, चिन्ता, तनाव और अवसाद न आये।

हम भी अपने जीवनकाल में किसी न किसी प्रकार की परीक्षा से गुजरे हैं। इसलिये अपने जीवन के परीक्षा अनुभवों से अपने पाल्यों को अवगत कराकर, उनको प्रोत्साहित करें कि परीक्षा से घबराना नहीं चाहिये। छात्र जीवन में कोई भी परीक्षा मात्र उनके अर्जित ज्ञान को परखने का माध्यम है। अधिक समय तक विद्यार्थियों में तनाव, चिन्ता की स्थिति में रहने एवं आत्मविश्वास की कमी होने के कारण ही उनका प्रदर्शन व परिणाम प्रभावित होता है। यहां हम कुछ ऐसे बिन्दुओं पर विचार करेंगें, जिससे अभिभावकों और हमारे छात्रों में परीक्षा के प्रति अपना आत्मविश्वास कमजोर न हो और वे अपने अर्जित ज्ञान के परखने की विधा को आनन्दपूर्वक पूर्ण कर सकें।

परीक्षा के लिये अभिभावक, शिक्षक और सहपाठी द्वारा दिया गया प्रोत्साहन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास को बढ़ाता है। अभिभावक व शिक्षक द्वारा परीक्षा के पूर्व अथवा परीक्षा अवधि में ताड़ना देना उनमें नकारात्मक उर्जा उत्पन्न करेगा। विद्यालय एवं घर पर विद्यार्थी को ताड़ना के बजाय समर्थन, प्रोत्साहन, शान्त वातावरण व सकारात्मक सहयोग दिया जाये, जिससे वे दक्ष-चित्त व उत्साहित रहें। हमें अपने पाल्य व विद्यार्थी से यथार्थवादी अपेक्षायें रख कर लक्ष्य निर्धारित करना चाहिये, जो उसके आत्मविश्वास को बढ़ायेगा। यह स्मरण रखना चाहिये कि कभी हम भी इसी अवस्था और स्थिति से गुजरे हैं।

स्वामी विवेकानन्द जी के कठोपनिषद का यह सूत्रवाक्य उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत अर्थात उठो, जागो, और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए, हमें उत्साहित होकर निरन्तर कर्म करने की प्रेरणा देता है। इसलिये हमें किसी भी परीक्षा को जीवन-मृत्यु का प्रश्न बनाने के बजाय लक्ष्य प्राप्ति के रूप में स्वीकार करना चाहिए। बिना किसी अन्यथा भावना यह कहना गलत नहीं है कि वर्तमान में अभिभावक के पास अपने पाल्य के लिये समय नहीं हैं एवं अभिभावक तथा पाल्य के मध्य संवादशून्यता बढ़ती जा रही है। विद्यार्थी को विद्यालय में शिक्षक से तथा घर में अभिभावक से सबसे अधिक संवादशीलता की अपेक्षा रहती है, किन्तु संकोचवश वह इसकी पहल नहीं कर पाता, यह पहल हमें करनी होगी। उसकी पूर्व उपलब्धियों को उसे स्मरण कराना होगा, समस्यायें सुननी होंगी, उनकी समस्याओं के कारणों की जानकारी कर उसका निवारण करना होगा, तभी उनकी संकोचवश अनकही समस्याओं का समाधान हो पायेगा और वह आत्मविश्वासी बनेंगे।

विद्यार्थी जीवन में शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य और स्वाध्याय के लिये समय प्रबन्धन उसके वर्तमान की सफ्लता और भविष्य के लक्ष्य की नींव है। यदि शरीर, मन और नींव मजबूत और स्वस्थ नहीं होंगें तो भविष्य की लक्ष्य प्राप्ति सुगम नहीं होगी। इसलिए दैनिक समय-सारणी बनाकर शयन, अध्ययन, खेल, व्यायाम, मनोरंजन, संगीत सुनना आदि प्रत्येक क्रिया-कलाप में उसकी मदद करनी होगी, जिससे आराम, उत्साह तथा सकारात्मक सोच बनी रहे। प्रतिदिन के लिये चार्ट बनाकर नियमित रूप से 8 से 10 घण्टे स्वाध्याय करें, जिसमें अध्ययन के समय लिखकर अभ्यास एवं तैयारी करें। अध्ययन के दौरान प्रत्येक 2-2 घण्टे के अन्तराल पर कुछ देर विश्राम अवश्य करें। विषय की पूर्ण तैयारी करने के बाद परीक्षा की भाँति, स्वयं वातावरण तैयार करें, गत वर्षों के पेपर्स/अनसॉल्व्ड पेपर्स को निर्धारित समयावधि में हल करने का अभ्यास करें। कठिन विषय-वस्तु पर अधिक समय एवं ध्यान दें। कठिन विषय-वस्तु को बेहतर ढंग से समझने की तकनीकों पर अपने शिक्षक, साथियों तथा अभिभावक से यथा आवश्यक चर्चा भी करें।

बोर्ड परीक्षा के लिये अभी से संकल्प लेकर, उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत का स्वयं पर अनुशासित होकर विश्वास, प्रयास, कठिन परिश्रम से पालन किया जाये तो सब सम्भव किया जा सकता है। इसके लिये श्रीहनुमान जी के वाक्य राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम का पालन करना होगा। हम सपने अक्सर देखते हैं, लेकिन वह सोते समय अर्द्धचेतन अवस्था में देखते हैं। हमारे देश के गौरव और पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम जिनको बच्चे मिसाईलमैन के नाम से जानते हैं, उनके इस कथन कि-''सपने वो नहीं जो आप सोते वक्त देखते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने नहीं देते'' आपको साकार करना होगा और लक्ष्य प्राप्ति का सपना जागते हुये ही देख कर लक्ष्य प्राप्त करना होगा।

मानस की चौपाई का बरसा जब कृषि सुखाने समय चूक पुनि का पछताने हमारे लक्ष्य प्राप्त करने में आलस्य करने के लिये एक चेतावनी है, जिसको हमें याद रखना है। जीवन में बीत चुके धन वैभव को पुन: प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु व्यतीत हो चुके समय को किसी भी मूल्य पर पुन: प्राप्त नहीं किया जा सकता है। शरीर और मन-मस्तिष्क की स्वस्थता के लिये पौष्टिक भोजन में ताजे फ्ल, जूस, नारियल पानी, पौष्टिक भोजन, दूध, दही, ताजा सब्जियाँ, ड्राईफ्रूट्स, पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन जरुरी है। बाजार में बिकने वाली खाद्य सामग्री, चाय-कॉफी जैसे कैफीन युक्त पेय पदार्थ एवं फास्ट फूड स्वास्थ्य के लिये अत्यधिक नुकसानदायक है। रात का भोजन हल्का हो एवं सोने से दो घण्टे पूर्व लिया जाये। तथा रात्रि भोजन के पश्चात् 10 मिनट टहलने जरूर जायें।

परीक्षा की तैयारी किसी तनाव या भय को मन से निकालकर सकारात्मक दृष्टिकोण से करें। रात्रि में 7 से 8 घण्टे की गहरी नींद अवश्य लें। स्वयं को तरोताजा रखने के लिये मधुर संगीत सुनें, कुछ समय पेड़ पौधों एवं प्रकृति के बीच भी रहें। नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम यथास्थिति करें। किसी से भी अपनी तुलना न करते हुये सिर्फ अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करें। नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम व संगीत आपके दिमाग को तरोताजा एवं तनाव मुक्त बनाकर आपके कार्य निष्पादन को बढ़ायेंगे। परीक्षा के समय पूर्णत: फिट एवं स्वस्थ रहना जरुरी है जैसे कि क्रिकेट खेल की टीम में बने रहने के लिए फिटनेस एवं अच्छा खेल प्रदर्शन करके अधिक रन बनाना एवं विकेट लेना आवश्यक है।

यदि खिलाड़ी का खेल प्रदर्शन बहुत अच्छा रहता है, परन्तु चोट लगने या अस्वस्थ होने पर उसे मैच के समय टीम में स्थान नहीं दिया जाता है। ठीक उसी तरह परीक्षा से पूर्व या परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की शारीरिक-मानसिक अस्वस्थता किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा से वंचित करा सकती है या उसके परीक्षा परिणामों को कुप्रभावित कर सकती है। यहाँ पर योग कर्मसु कौशलम अर्थात योग का अर्थ है कर्मों में कुशलता, जो फिट है, वो हिट है, पूरी तरह चरितार्थ होता है। पढ़ाई और परीक्षा के दौरान मन को शांत और स्थिर रखें, आत्मविश्वास रखें कि परिणाम आपको श्रेष्ठ ही प्राप्त होगा।

नियमित अध्ययन हेतु न्यूनतम 8 से 10 घण्टे का स्वाध्याय समय निर्धारित करें। प्रत्येक विषय को प्रतिदिन कम से कम 2 घण्टे देकर सतत अभ्यास करें। पाठ्यक्रम को हिस्सों में बाँटकर अध्ययन करें। पहले आसान उसके बाद कठिन विषय-वस्तु तैयार करें। पाठ्यवस्तु को पढ़ने के पश्चात् उसका पुनराभ्यास अवश्य करें। मस्तिष्क की स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए मैपिंग, की वर्ड्स, संक्षिप्तीकरण करके हैडिंग्स, महत्वपूर्ण तथ्य, चित्र, फार्मूला, सूत्र आदि नोट्स बनाने की तकनीक अपनायें। इन्हें परीक्षा देने जाने से पूर्व एक बार अवश्य पढ़ अथवा देख लें। पुनरावृत्ति अध्ययन सामग्री का नियमित अभ्यास करने से विषयों को गहराई से समझने में मदद करती है।

पाठयवस्तु को याद करने के लिये स्व-मनन तथा स्व-परीक्षण अवश्य करें। प्रश्नों को लिखकर याद करने का अभ्यास करें, जिसका प्रभाव आपकी लिपि गति पर पड़ेगा जो आपको परीक्षा भवन में निर्धारित समय में प्रश्न-पत्र को पूर्णत: हल करने में लाभकारी होगा। पूर्व वर्षों के परीक्षा प्रश्न पत्रों से उनके पैटर्न को समझें और उसके अनुसार प्रश्नपत्र हल करें। यह विधा आपके अनुभव और आत्मविश्वास में वृद्धि करेगा।

परीक्षा के दौरान आपके तनाव को दूर करने में सहायक होगा। जिज्ञासा प्रबन्धन-शेयर एण्ड केयर सिस्टम आपको परीक्षा की तैयारी में बहुत लाभकारी रहेगा। परीक्षा तैयारी के दौरान समस्या/कठिनाई आने पर शिक्षकों, सहपाठी मित्रों, अभिभावकों एवं विद्यालय के पुरातन मेधावी विद्यार्थियों से सम्पर्क कर विषय-वस्तु अथवा तनाव से सम्बन्धित समस्याओं का जिज्ञासाओं के माध्यम से समाधान एक कारगर तरीका है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऐसी गतिविधियों का चयन करें, जो लक्ष्य प्राप्ति में सहायक हों और कैटेलिस्ट (उत्प्रेरक) का कार्य करें। कैटेलिस्ट का यह गुण होता है कि वह किसी भी रासायनिक क्रिया को बढ़ा देता है या घटा देता है, लेकिन क्रिया में प्रतिभाग नहीं करता है। इसी प्रकार आपकी सकारात्मक सोच एवं लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रबल इच्छा शक्ति आपको सफ्ल बना देती है, वहीं आपकी नकारात्मक सोच लक्ष्य प्राप्ति में अवरोध उत्पन्न कर तनाव का कारण बन जाती है।

सफलता या असफ्लता हमारे प्रयासों, आत्मविश्वास और इच्छा शक्ति पर निर्भर करती है। पूरी इच्छा शक्ति के साथ लक्ष्य निर्धारित करके प्रयास किया जाता है, तो सफ्लता की प्राप्ति भी निश्चित होती है। असफ्लता यह प्रदर्शित करती है कि प्रयास पूर्ण मनोयोग से नहीं किया गया।

नीतिज्ञ आचार्य चाणक्य ने कहा है प्रभूतं कार्यमल्पं वा तन्नर: कर्तुमिच्छति। सर्वारम्भेण तत्कार्य सिंहादेकं प्रचक्षते अर्थात् कार्य छोटा हो या बड़ा, यदि मनुष्य में उसको करने की इच्छा शक्ति जागृत हो जाती है, तो वह उसको आरम्भ करके पूरा कर ही लेता है। यहाँ पर यह उदाहरण बहुत ही प्रेरणादायक है कि जैसे पूरी एकाग्रता के साथ शेर अपने शिकार को पकड़ने में कामयाब रहता है, उसी प्रकार लक्ष्य निर्धारित करके, उसको प्राप्त करने के लिए पूरी एकाग्रता के साथ ध्यान केन्द्रित व प्रयास करना नितान्त आवश्यक है।

विज्ञान में सदिश एवं अदिश राशियों का अध्ययन किया जाता है। सदिश का अर्थ है दिशा के साथ, जबकि अदिश का मतलब है दिशा के बिना। जब हमारे प्रयास लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा के साथ होंगे तो हम निश्चित ही लक्ष्य की ओर जायेंगे, किन्तु दिशा के बिना किये गये प्रयास हमारी ऊर्जा को केवल नष्ट करेंगें, हम लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर पायेंगे। दृढ़ निश्चय वाला व्यक्ति सदैव सफ्ल होता है, जो लोग अस्थिर मन के होते हैं, उनके विचार अनेक दिशाओं में बिखर जाते हैं। अध्ययन में इधर-उधर पर ध्यान लगाने के स्थान पर एकाग्रता और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें।

परीक्षा की तैयारी के समय विद्यार्थी स्मार्ट फोन का कम से कम प्रयोग करें। सोशल मीडिया में लिप्त न हों। इससे आंखों एवं दिमाग पर तनाव नहीं आयेगा

# भारत में एआई के भविष्य को आकार देने का प्रयास

> **जैसे-जैसे एआई वैश्विक शक्ति गतिशीलता को पुनर्परिभाषित कर रही है, भारत इसके शासन और नवाचार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है।**



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

प्रधानमंत्री मोदी की पेरिस और वाशिंगटन यात्रा, विकसित दुनिया के दो सबसे शक्तिशाली नेताओं के साथ बैठकें, भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव के समय में हो रही हैं। इन दोनों उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकों के इर्द-गिर्द चर्चा का विषय था, एक ऐसी दुनिया में उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी सहयोग, जो तेजी से विखंडित होती जा रही है। भारत मेजबान देश फ्रांस के साथ पेरिस में एआई एक्शन समिट का सह-अध्यक्ष था। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर तीसरा वैश्विक-स्तरीय आयोजन है, जो इसे फ्रांस में प्रौद्योगिकी नेताओं, नीति निर्माताओं, विशेषज्ञों, कॉरपोरेट्स और विश्व नेताओं का कुंभ बनाता है। विषय यह था कि इस लगभग दिमाग घुमाने वाली तकनीक की शक्ति का दोहन कैसे किया जाए, जिसके विकास की तुलना पहिये के आविष्कार और मनुष्यों द्वारा आग का सुरक्षित उपयोग करना सीखने से की गई है।

लगभग उसी समय, चीन ने जनरेटिव एआई टूल डीपसीक का एक फुर्तीला संस्करण जारी किया, जो वर्तमान में अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के एआई टूल और मानकों पर लगभग एकाधिकारवादी प्रभुत्व में निवेश किए गए अमेरिकी अरबों डॉलर के लिए एक बड़ी चुनौती है। अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन ने ओवल ऑफिस में अपने आखिरी सप्ताह में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिफ्यूजन के लिए फ्रेमवर्क पर अंतरिम अंतिम नियम नामक एक कार्यकारी आदेश पारित किया था, जो अनिवार्य रूप से उन देशों में एआई विकास के लिए आवश्यक उच्च-स्तरीय सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर पर निर्यात नियंत्रण लगाता है, जिन्हें अमेरिकी हितों (यानी चीन) के साथ-साथ भारत जैसे करीबी सहयोगियों के लिए भी प्रतिकूल माना जा सकता है।



जबकि वैश्विक प्रौद्योगिकी उद्योग के हितधारकों ने नए राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि वे ट्रम्प प्रशासन के पहले बताए गए, विनियामक फ्रीज ऑर्डर के अनुरूप रहें, और एआई डिफ्यूजन नियम के कार्यान्वयन को तब तक के लिए निलंबित कर दें जब तक कि वाणिज्य सचिव और अन्य संबंधित अधिकारी नियम की उचित समीक्षा नहीं कर लेते और मजबूत हितधारक जुड़ाव को आगे नहीं बढ़ाते हैं ताकि नियम सरकार के उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करें और यह सुनिश्चित करें कि कंपनियां प्रमुख अमेरिकी व्यापारिक भागीदारों के साथ जुड़ सकें। राष्ट्रपति ट्रम्प ने अभी तक अपने पूर्ववर्ती द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश को रद्द नहीं किया है, भले ही उन्होंने 23 जनवरी को एक नए पर हस्ताक्षर किए हों, जो संभावित रूप से विराम का संकेत देता है। ओवल ऑफिस में तीन दिन के भीतर राष्ट्रपति ट्रम्प ने एआई विकास और तैनाती पर कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य यह था कि संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) नवाचार में सबसे आगे रहा है, जो हमारे मुक्त बाजारों, विश्व स्तरीय अनुसंधान संस्थानों और उद्यमशीलता की भावना की ताकत से प्रेरित है। इस नेतृत्व को बनाए रखने के लिए, हमें ऐसे एआई सिस्टम विकसित करने होंगे जो वैचारिक पूर्वाग्रह या इंजीनियर सामाजिक एजेंडा से मुक्त हों। सही सरकारी नीतियों के साथ, हम एआई में वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर सकते हैं और सभी अमेरिकियों के लिए एक उज्जवल भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।

यह आदेश कुछ मौजूदा एआई नीतियों और निर्देशों को रद्द करता है जो अमेरिकी एआई नवाचार के लिए बाधाओं के रूप में कार्य करते हैं, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में वैश्विक नेतृत्व बनाए रखने के लिए निर्णायक रूप से कार्य करने का मार्ग साफ हो जाता है। मानव उत्कर्ष, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका के वैश्विक एआई प्रभुत्व को बनाए रखना और बढ़ाना संयुक्त राज्य अमेरिका की नीति है। भारत एआई शासन, नवाचार और विकास के वैश्विक उच्च तालिकाओं पर समान रूप से बोलने का लक्ष्य बना रहा है।

इसका अपना एक महत्वाकांक्षी एआई मिशन है, जो वर्तमान में अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों से उपलब्ध उच्च-स्तरीय चिप्स और ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) पर बहुत अधिक निर्भर है। इन उच्च-स्तरीय प्रोसेसर तक पहुंच पर कोई भी प्रतिबंध भारत एआई मिशन के तहत परिकल्पित महत्वाकांक्षी लक्ष्य को बिगाड़ देगा। पेरिस में हुई बातचीत, दिल्ली में चौथे वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की भारत की घोषणा और इस सप्ताह राष्ट्रपति ट्रम्प और अन्य नेताओं के साथ बातचीत, सही दिशा में उठाए गए कदम हैं।

## आप की बात

### भगदड़ की घटनाएं

**मौनी** अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण हृदयविदारक हादसे की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि अब भारी भीड़ के कारण दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से हृदयविदारक हादसा होना बहुत ही दुखद व दर्दनाक है । सबसे ज्यादा गम तो इस बात का होता है कि बार-बार ऐसे ही एक जैसे हादसों की पुनरावृत्ति हो रही है, यानी वहीं चाल बेढंगी जारी है । दिल्ली रेलवे स्टेशन पर क्षमता से अधिक यात्रियों की भीड़ होना रेलवे प्रशासन की अदूरदर्शिता का प्रमाण है । जब यह मालूम था कि दो गाड़ी कैंसिल हो गई है तो इतनी टिकटें जारी नहीं करना थी ताकि इतनी भारी-भरकम भीड़ स्टेशन पर जमा नहीं हो सकें। रेलवे प्रशासन मौनी अमावस्या की भगदड़ को जेहन में रखकर इतना श्रद्धालूओं का सैलाब देखकर सावधान हो जाता तो निश्चित ही यह हादसा नहीं होता । हादसे - दर - हादसे कोई सबक व नसीहत नहीं ले रहा है । कहते हैं कि जान है तो जहान है। आस्था व श्रद्धा होना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन समय की नजाकत को देखते हुए लोगों को अपनी यात्रा करना चाहिए । वह आस्था व श्रद्धा भी क्या काम की जब जान व माल पर बन आए तथा उस आस्था व श्रद्धा के चलते हम गंगा मैया में डुबकी के लिए जीवित तक ना रहे। शासन व प्रशासन, रेलवे सभी को ऐसे मौकों पर दूरदर्शिता के साथ तात्कालिक फैसले लेने होंगे।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** खाचरोद

### मोदी की अमेरिका यात्रा

**पीएम** मोदी की अमेरिका यात्रा के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बांग्ला देश की स्थिति के सम्बन्ध में टिप्पणी का अर्थ स्पष्ट नहीं है यद्यपि जिहादी आतंक को स्पष्टतया इस्लामी आतंकवाद कहना ट्रम्प की वैचारिक स्पष्टता और उसे सटीक शब्दों में व्यक्त करने की वृत्ति का परिचायक है यदि बांग्ला देश में हो रहे हिन्दू नरसंहार को भारत द्वारा निपटने का संकेत है तो प्रश्न है कि कैसे? राजनयिक रूप से अथवा सामरिक रूप से? क्या इस्लाम की जिहादी वृत्ति को (वह भी दूसरे देश में) सामरिक शक्ति से रोका जा सकता है ? क्या अमेरिका अपने प्रभाव का प्रयोग करके भारत के किसी भी प्रकार के शक्ति प्रयोग का समर्थन करेगा? क्या भारत द्वारा बांग्ला देश पर किन्हीं आर्थिक प्रतिबंधों से बांग्ला देश में स्थिति को सुधारा जा सकता है ? अभी तो भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्ला देशियों को ही भारत सरकार निर्वासित नहीं कर पाई, यहां तक कि रोहिंग्या मुसलमान भी भारत के लिए जी का जंजाल बने हुए हैं। और तो और भारत का सुप्रीम कोर्ट रोहिंग्या बच्चों की भारत में शिक्षा के लिए चिन्तित है। भारत का लगभग समूचा विपक्ष अवैध मुस्लिम घुसपैठियों के साथ खड़ा है, ऐसे में मोदी कैसे निपटेंगे बांग्ला देश से?

– **डॉ जय प्रकाश गुप्ता,** अंबाला छावनी

### बढ़ती दुर्घटनाएं

**श्रद्धा** और श्रद्धालुओं को नमन ! महाकुम्भ में करोड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा-जमुना-सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाकर पुण्य पाया. कोई हवाई जहाज से तो कोई रेल से, कोई बस से तो कोई निजी वाहनों से और कोई पदयात्रा करके प्रयागराज के महाकुम्भ रूपी कुम्भराज में पहुंचा. त्रिवेणी में डुबकी लगाईं और पुण्य पाया अच्छी बात है. पर कुछ दुखद घटनाएं कुम्भ स्थल पर हुई तो कुछ वाहनों के दुर्घटना ग्रस्त होने से, कुछ भगदड़ से तो कुछ अनियंत्रित भीड़ के कारण. हाल ही में दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 18 यात्रियों की दुखद मृत्यु हो गई और 25 से अधिक घायल हो गए. कुम्भ के रास्ते बस टकराई और 10 लोग असमय काल के गाल में समा गए. कुंभ में आग लगने से टेंट के स्वाहा होने की घटनाएं भी घटीं। भगदड़,दुर्घटना आदि से श्रद्धालू कुम्भ पहुँचने से पूर्व या कुम्भ में अथवा कुम्भ स्नान से लौटते समय कुछ घटनाओं के कारण उसके शिकार हुए. परन्तु एक के बाद के बढ़ती दुर्घटनाएं चिंता का विषय भी बनती जा रही है. घटनाएं कुम्भा स्थल पर भगदड़ से सम्बंधित हो या सड़क अथवा रेलवे स्टेशन से सम्बंधित. सरकार की व्यवस्था में भी कमियों को नकारा नहीं जा सकता. हालांकि भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं को भी संयम/धीरज बरतना चाहिए साथ ही अपनी सुरक्षा स्वयं करने की भी कोशिश करनी चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### सावधानी आवश्यक

**अभी** कुंभ में भारी भीड़ के चलते हुए भगदड़ के बाद दिल्ली स्टेशन पर कुंभ जाने वालों में भगदड़ के चलते 18 लोगों की मौत और 25 लोगों से अधिक के घायल होने के समाचार अत्यधिक विशाद जनक है। इस घटना को लेकर राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने कहा फालतू है कुंभ। अब यदि यात्री और स्टेशन प्रशासन व्यवस्था में चूक रहे हैं तो इसमें कुंभ आयोजकों का क्या दोष है? धार्मिक आस्था के साथ-साथ अब सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बड़ी संख्या में कुंभ का आकर्षण लोगों को लगातार अपनी ओर खींच रहा है! और लोग तकलीफ उठाकर भी कुंभ में जा रहे हैं और कुंभ कोई सेलिब्रेशन नहीं है! धर्म में आस्था वालों को कष्ट उठाने के लिए तैयार होना चाहिए !यदि वह 10 -20 किलोमीटर चलने की क्षमता रखते हैं तो ही कुंभ में जाने की सोचे खुद यूपी सरकार की सोच से अधिक लोग कुंभ में इकट्ठा हो गए है. सारी व्यवस्थाएं बौनी सिद्ध हो गई ऐसे में अब लोगों को कुछ समय रुक कर कुंभ का प्लान बनाना चाहिए!

– **विभुक्ति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 17 फरवरी, 2025



# आचार्य द्विवेदी ने स्त्री सम्मान का उदाहरण प्रस्तुत किया: केएल शर्मा

संवाददाता। रायबरेली




**आचार्य** महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति संरक्षण अभियान के तहत शहर के होटल द मीरा के सभागार में आचार्य स्मृति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमेठी सांसद केएल शर्मा पूर्व पुलिस महानिदेशक महेश चंद द्विवेदी को सम्मानित किया गया। जनपद के कर्मयोगियों का अभिनंदन भी हुआ। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि आचार्य द्विवेदी ने खडी बोली हिंदी को सजाया संवारा। महिला सम्मान के हिमायती थे। निधन के बाद उन्होंने अपनी पत्नी की मूर्ति सरस्वती और लक्ष्मी के बीच में स्थापित करके सवा सौ साल पहले स्त्री सम्मान का एक उदाहरण प्रस्तुत किया था। 2010 में आचार्य द्विवेदी की मूर्ति का अनावरण करने दौलतपुर गई सोनिया गांधी ने हम सबको ऐसे ही स्त्री सम्मान की नसीहत दी थी।

लेखक एवं प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक महेश चंद द्विवेदी ने कहा कि आचार्य जी ने खडी बोली हिंदी का परिष्कार करके बोलिया में बाटी भाषा को एक रूप दिया था। साहित्य और भाषा में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी स्मृतियों को समझने के कार्य को और आगे बढाया जाना चाहिए।

कुलपति-एएएफ्टी यूनिवर्सिटी मीडिया एंड आर्ट्स, रायपुर (छत्तीसगढ) के नामित डा. भारत साह ने कहा कि महावीर प्रसाद द्विवेदी साहित्य जगत में बहुत बडा नाम है। उनके नाम पर हिंदी का पूरा एक युग है। पुस्तक मेले का आयोजन भारत की बडी आवश्यकता है हिंदी जगत में प्रचार प्रसार को आगे बढाने में मदद मिलेगी। लेखिका श्रीमती नीरजा द्विवेदी ने कहा कि आचार्य जी ने जितना लिखा उससे ज्यादा समाज में किया भी। साहित्य सृजन के अलावा उनकी सामाजिक सेवाएं भी उल्लेखनीय हैं।

# गौरीगंज में आयोजित हुई अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा



**अमेठी।** उप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चो एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों (जो महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीकृत हो) की गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा-06 में 140 छात्र / छात्राओं तथा कक्षा-09 में 140 छात्र/ छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। प्रवेश परीक्षा अयोध्या मंडल के सभी जिलों में आयोजित हुई है जिसमें अमेठी जनपद में प्रवेश परीक्षा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में आयोजित हुई जिसमें कक्षा 6 में 82 में से 79 बच्चे उपस्थित हुए एवं कक्षा 9 में 88 में से 84 छात्रों ने परीक्षा दी। इस प्रकार कुल 170 बच्चों में से 163 बच्चों ने अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक श्रमायुक्त गोविंद यादव ने बताया कि कक्षा-06 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से मानसिक क्षमता परीक्षण, अंकगणित परीक्षण तथा भाषा परीक्षण से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए।

# डीएम-एसपी ने रेलवे और बस स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आज संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन गौरीगंज व अमेठी तथा बस स्टेशन अमेठी का निरीक्षण कर महाकुंभ 2025 तथा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत श्रद्धालुओं/यात्रियों के सुगम आवागमन तथा उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

डीएम व एसपी ने दोनों रेलवे स्टेशनों पर साफ सफाई की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और प्रबंधन की स्थिति, सीसीटीवी कैमरा, प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, पूछताछ केंद्र सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दोनों स्टेशन अधीक्षकों तथा स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे सुरक्षा बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ तथा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत श्रद्धालुओं/यात्रियों को आवागमन में किसी भी प्रकार की सुविधा न हो तथा सभी जगह सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम रखे जाएं। बस स्टेशन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बस स्टेशन पर शौचालय की सफाई, पेयजल की व्यवस्था, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, प्रतिक्षालय आदि का गहनता से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कहा कि बसों का संचालक निर्धारित रूटों पर समय से किया जाए जिससे श्रद्धालु/यात्री अपने गंतव्य स्थान तक सुगमता से पहुंच सके तथा उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत ताला स्थित श्री मुकुट नाथ धाम मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के आवागमन तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों तथा मंदिर के पुजारी को दिशा-निर्देश दिए।

# विद्यापीठ के मैदान में हुआ आरएसएस का शाखा संगम



**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के नगर पंचायत अन्तर्गत शिवगढ कस्बा स्थित श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़ के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम सम्पन्न हुआ। जिसमें शिवगढ खण्ड की 16 शाखाओं ने प्रतिभाग कर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, शाखा संगम में स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और संगठन का उत्कृष्ट परिचय दिया। शाखाओं के स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के व्यायाम, योग, खेल गणेश छू, नेता की खोज, कबड्डी के साथ ही शारीरिक प्रदर्शन किए, जिसमें दंड, सूर्य नमस्कार और समूह व्यायाम शामिल थे। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शाखा संगम का समापन राष्ट्रीय प्रार्थना के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहसंचालक डीबी सिंह, खण्ड संचालक अमर सिंह राठौर, खण्ड कार्यवाह विनय त्रिवेदी,आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाभी का कत्ल करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। रामपुरा, जालौन



**मकान** के विवाद में भाभी का कत्ल करने वाले दुर्दांत हत्यारे देवर को रामपुरा थाना पुलिस ने घटना के 46 घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है।

ज्ञात हो कि रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम फतेहपुरा कला में मकान के कब्जे को लेकर चल रहे विवाद में शिवकुमार उर्फ शिववीर पुत्र रमाशंकर कोरी निवासी फतेहपुरा कला ने अपनी भाभी रामश्री पत्नी संतोष कोरी उम्र लगभग 45 वर्ष की 13 फरवरी को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी।

उक्त घटना में मृतक के पुत्र कृष्णा ने चार लोगों के विरुद्ध रामपुरा थाने में मुकदमा अभियोग पंजीकृत कराया था। कत्ल की उक्त वारदात के बाद से ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा महिला के हत्यारे को गिरफ्तार करने के लिए रामपुरा पुलिस को लगातार निर्देशित किया जा रहा था। कल 15 फरवरी की शाम रामपुरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार को अपने मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कत्ल की उक्त वारदात का मुख्य आरोपी शिवकुमार उर्फ शिववीर रामपुरा रोड से कस्बा ऊमरी के विलौहां मोहल्ला की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया है। रामपुरा थानाध्यक्ष ने यह जानकारी तत्काल सीओ माधौगढ़ को दी। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में रामपुरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार, वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव, उप निरीक्षक रामकिशोर, उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, उप निरीक्षक आयुष गुप्ता, उप निरीक्षक अनूप कुमार, कांस्टेबल विकास कुमार, जावेद अख्तर चालक ने अलग-अलग टीम बनाकर हत्याभियुक्त को घेर कर कस्बा ऊमरी में विलौहां मोहल्ला की ओर जाने वाले रास्ते पर दबोच दिया। पूछताछ के दौरान हत्या में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी ऊमरी फतेहपुरा माइनर पुलिया के पास खड़ी अरहर के खेत में बरामद कर ली गई।

रामपुरा पुलिस ने हत्याभियुक्त शिवकुमार के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही न्यायालय में पेश किया गया वहां से उसे जेल भेजा गया है।

## सरकार हिन्दुओं की आस्था से न खेलेः केएल शर्मा

**रायबरेली।** देश की राजधानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई मौतों को लेकर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सरकार हिन्दुओं की आस्था से न खेलें। कार्यकर्ताओं से मिलने आये अमेठी सांसद ने कहा कि जब सरकार को यह पता है कि इस बार 144 साल के बाद कुम्भ आया है तो भीड़ उमड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में चाहे प्रयागराज कुम्भ हो या फिर दिल्ली रेलवे स्टेशन। सरकार को उचित प्रबंध करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार अगर अलग अलग स्टेशनों से स्पेशल ट्रेन चलाती तो ऐसी घटना रोकी जा सकती थी। के एल शर्मा ने कहा कि महाकुंभ इस समय सबकी आस्था का केंद्र बना है। हर आदमी वहां जाना चाहता है। क्योंकि 144 साल बाद यह आया है। हर आदमी की इच्छा कि वह वहां स्नान करे। लेकिन जो व्यवस्थाएं करनी है वह सरकार को करनी है। यदि इस व्यवस्था में कोई दिक्कत आ रही है तो इसमें जिम्मेदारी सरकार की बनती है।

## क्विक न्यूज

### मिथिलेश त्रिपाठी बने एसडीएम लालगंज

**लालगंज रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने लालगंज में उपजिलाधिकारी के पद पर सलोन के एसडीएम मिथिलेष त्रिपाठी को भेजा है। ज्ञात हो कि लालगंज एसडीएम रहे नवदीप शुक्ला को साषन ने हटाते हुए उन्हे चीनी मिल के प्रबधक के पद पर गोरखपुर भेजा है। नवागत उपजिलाधिकारी मिथिलेष त्रिपाठी ने आज कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि सरकार की मषानुसार सभी योजनाओं का लाभ लोगो को दिलाया जायेगा।

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बेहंटा कलां गांव में शादी समारोह में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने से पषासन में हडकम्प मच गया। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि बेंहटा कलां गांव में सम्पन्न शादी समारोह में हो रहे आर्केष्टा में बार बालायें नृत्य कर रही थी। इसी बीच कुछ लोग मंच पर चढकर उनके साथ नृत्य करने लगे और बंदूक से मंच पर मौजूद व्यक्ति ने फायरिंग भी की। जिसका किसी ने वीडियों बनाकर वायरल कर दिया। जिला प्रषासन के पास जैसे ही मामले की जानकारी पहुंची तो स्थानीय पुलिस भी हरकत में आ गई। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि वीडियों की जांच कर आरोपी की पहचान की जा रही है। मामले में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### अवैध बालू परिवहन करते ओवरलोड 7 ट्रकों को पकड़ा

**कालपी, जालौन।** रविवार की भोर में उपजिलाधिकारी सुशील सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम के द्वारा सड़कों में घूम-घूम कर अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफअभियान चलाया गया। चौकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड भरे 7 ट्रको को परिवहन करते पकड़ कर टीम के द्वारा सीज करने की बड़ी कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एसडीएम सुशील कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह व चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा की पुलिस की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर चौकिंग की।तभी जोल्हूपुर मोड़ की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन करते 3 वाहनों को पकड़ लिया।

# सपा पीडीए चर्चा कार्यक्रम में भाजपा पर बोला जोरदार हमला

संवाददाता। रायबरेली



**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र बछरावा के पिंडौली गांव एवं रायबरेली के इंदिरनगर में पीडीए चर्चा कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार कहती है कि डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया,मेकइन इंडिया सहित सभी सरकारी योजनाएं सफल हैं। इसके अतिरिक्त यह भी बोलते हैं सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान परन्तु धरातल पर बिल्कुल उसके विपरीत है वर्तमान समय में शिक्षित युवा रोजगार के लिए पलायन पर मजबूर हैं प्रतिभाओं का हनन हो रहा है। बीजेपी सरकार पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक समाज को उपेक्षित कर उनके हक एवं अधिकारों से वंचित कर रही है शिक्षित युवा बेरोजगारी का दंश झेलकर अवसाद में है ग्यारह वर्ष की केंद्र सरकार एवं आठ वर्ष की राज्य सरकार द्वारा रोजगार के नाम कोई ठोस नीति नहीं बनाई गयी,केंद्रीय बजट में मजदूरों के रोजगार की मनरेगा योजना में धनराशि को नहीं बढाया गया इससे स्वत: स्पष्ट है कि बीजेपी सरकार युवा एवं मजदूर विरोधी है।

आमलोगों का ध्यान भटकाने के लिए समाज में बीजेपी धर्म एवं जाति का जहर घोलने का काम करती है। बछरावां विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि बाबा साहब का अपमान करने वाले लोग देश की एकता अखंडता के विरोधी है। विधायक राहुल लोधी ने हरचंदपुर के कालूपुर में आयोजित पीडीए कार्यक्रम में कहा कि बीजेपी राज में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

कार्यक्रमों को वरिष्ठ नेता विजय बहादुर यादव, उमाशंकर चौधरी, मुनेश्वर पासी, सुरेश चौधरी, ब्रजेंद्र चौधरी, सन्दीप शुक्ला, राकेश यादव, सुरजीत सिंह, भानू पटेल, प्रमोद चौधरी, देवता दीन पासी, शैलेंद्र यादव, आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को सम्बोधित किया।

## बच्चों की शिक्षा में अग्रणी रही संस्था किड्स ने खोली शाखा

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज के लोगो को देश ही नही बल्कि एशिया की सर्वश्रेष्ठ संस्था किड्स ने काशी ब्राईट एंजिल्स स्कूल में नर्सरी से लेकर सीनियर केजी तक बच्चो के लिये पढ़ाई की उत्तम व्यवस्था हेतु आज उद्घाटन किया। लालगंज की नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने फीता काटकर इस संस्था का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि यह संस्था देशभर में उच्च स्तरीय नन्हे मुन्नों को षिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट षिक्षा देकर उनके उज्जवल भविष्य के लिये कृत संकल्प है। इस सम्बन्ध में काशी ब्राईट स्कूल के प्रबंधक गौरव शुक्ला व प्रधानाचार्या सरला शुक्ला ने बताया कि बच्चो के हित के लिये उन्होने अपने विद्यालय का एक हिस्सा किड्स को प्रदान कर दिया है। सम्पूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर विद्यालय द्वारा तथा षिक्षण कार्य व षिक्षा से संबधी सभी सुविधायें किड्स संस्था सुलभ करायेगी। ज्ञात हो कि इस संस्था का एक ही सिलेबस सम्पूर्ण भारत में समान रूप से पढ़ाया जाता है।

# हॉस्टल वारियर्स ने बेस्ट आफ थ्री के फाइनल में जीत हासिल की



**उरई, जालौन।** इंदिरा स्टेडियम में बेस्ट आफ थ्री पैटर्न पर हुए फाइनल में हॉस्टल वारियर्स ने लगातार दो जीत के साथ बुंदेलखंड वारियर्स को हराकर फाइनल जीत लिया। मुस्कान इंस्टिट्यूट आफ कॉलेज की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मैच हुआ। एक मैच पहले ही जीतकर लीड ले चुके हॉस्टल वारियर्स ने दूसरा मैच भी जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हॉस्टल टीम ने 12 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 108रन बनाये। ओपनर बल्लेबाज सौरभ ने 30 और शिवम ने 10रन बनाये। अनुराग आज असफल रहे और 12 रन बना पाये। अवनीश ने 16 और कप्तान विजय ने 12 रन बनाये। वैभव, प्रांजल और दिग्विजय ने एक एक विकेट लिया। बुंदेलखंड वारियर्स के बल्लेबाजों पर फाइनल का दबाव दिखा। मिडिल आर्डर कुलेप्स करने से टीम 85 रन ही बना पाई। कप्तान विजय तिवारी ने जो रणनीति बनाई इससे विपक्षी बल्लेबाज विकेट पर नहीं टिक पाये। 23 रन से जीतकर हॉस्टल ने फाइनल जीता। इसके पूर्व राजकीय मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ खेलने को कहा।

# सुरक्षित आवागमन को लेकर सीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

**कालपी, जालौन।** रविवार को क्षेत्राधिकारी ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दोपहिया चालकों को हेलमेट और कार चालकों को सीट बेल्ट की उपयोगिता की जानकारी दी। शासन दुर्घटनाओं में कमी लाने की कवायद में लगा है जिसके चलते वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी जा रही है साथ उन्हें नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है और इसी के चलते पेट्रोल पम्पों पर बगैर हेलमेट पेट्रोल भी नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में इसको लेकर प्रशासन के स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी अभियान के चलते रविवार दोपहर आटा टोल प्लाजा पर सीओ अवधेश कुमार सिंह चौहान ने यातायात प्रभारी बीर बहादुर सिंह तथा टोल मैनेजर सुयश वर्मा के साथ हेलमेट के प्रति जागरूकता अभियान चलाया इस दौरान उन्होंने बगैर हेलमेट बाईक चला रहे लोगों को रोककर उन्हें हेलमेट दिए गये और शरीर की सुरक्षा एवं प्राण रक्षा के लिए इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि हेलमेट के प्रयोग से दुर्घटना के दौरान घातक चोट से बचा जा सकता है इसलिए सभी दोपहिया चालको को इसे पहनना जरूरी है।

वही अभियान के दौरान मौजूद टोल मैनेजर ने जागरूक करने के उद्देश्या से कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। उनकी एक गलती उनके परिवार पर भारी पड़ सकती इसलिये अपने तथा परिवार के लिए इसका उपयोग बेहद आवश्यक है। इस मौके पर आटा थाना प्रभारी अजय सिंह, उप निरीक्षक सुरेश चंद्र, सहित बड़ी संख्या में यातायात पुलिस के जवानों के साथ टोलकर्मी भी मौजूद रहे।

# नेता जाति के आधार पर नहीं, कार्यों के आधार पर वोट मांगेंः देवकीनंदन

संवाददाता। उरई, जालौन



**स्थानीय** गल्ला मंडी में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ में भक्तों से भरे कथा पंडाल में देवकीनंदन ठाकुर ने बताया कि सनातन धर्म जीवन को नैतिकता, सत्य, अहिंसा, और धर्म के सिद्धांतों के साथ जीने का मार्गदर्शन देता है। जब हम अपने धर्म के अनुसार चलते हैं, तो हमारे जीवन में सच्ची शांति और संतुलन आता है। नेताओं को जाति के आधार पर नहीं, बल्कि अपने कार्यों और वचनबद्धता के आधार पर वोट मांगने चाहिए। जब नेता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए काम करते हैं, तो देश का सही विकास संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शादी की 20 से 25 साल के बीच होनी चाहिए। यह उम्र शारीरिक और मानसिक रूप से परिवार की जिम्मेदारी संभालने के लिए उचित होती है। मानव को जीवन के हर पहलू को सहजता से स्वीकार करना चाहिए। सुख और दुख दोनों ही जीवन का हिस्सा हैं और हमें इनसे बाहर नहीं भागना चाहिए। मानव को जीवन में भगवद गीता और गरुण पुराण जरूर सुनना चाहिए। ये दोनों ग्रंथ जीवन के सही मार्ग पर चलने की दिशा दिखाते हैं और व्यक्ति के आत्मिक उत्थान में सहायक होते हैं।

मानव आजकल गाय की जगह घर में कुत्ता पालने लगा है, जिससे उसका मस्तिष्क और मानसिकता भी उसी दिशा में विकसित हो रही है, जैसे कि कुत्ते की प्रवृत्तियाँ होती हैं। उनका कहना था कि गाय का पालन करना हमारे संस्कारों और धर्म का हिस्सा है, जो एक व्यक्ति को शुद्धता और आत्मिक शक्ति प्रदान करता है। मानव को अपने धर्म के अनुसार जीवन जीना चाहिए। धर्म से भटकने पर व्यक्ति का जीवन असंतुलित हो जाता है और वह सही मार्ग से विमुख हो जाता है। लोग अब सिर्फमंदिरों में सेल्फी लेने के लिए जाते हैं, जिससे धर्म और पूजा का उद्देश्य खो गया है।

मंदिरों में जाने का असली उद्देश्य भगवान की उपासना, ध्यान और आत्मिक शांति प्राप्त करना है, न कि केवल फोटो खींचने और दिखावे के लिए जाना। जीवन में मॉस नहीं खाना चाहिए, क्योंकि यह हमारे धर्म और संस्कारों के विपरीत है।

# बार संघ चुनाव में अध्यक्ष रामशरण व महामंत्री दीपक मिश्रा निर्वाचित हुए



**कोंच, जालौन।** शनिवार को तहसील परिसर में बार संघ चुनाव का मतदान सम्पन्न हुआ और देर शाम तक मतों की गिनती के उपरांत परिणाम घोषित कर दिए गए जिसमें अध्यक्ष पद पर रामशरण कुशवाहा व महामंत्री पद पर दीपक मिश्रा विजयी रहे। देर शाम चुनाव अधिकारी केके श्रीबास्तव ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए बताया कि बार संघ चुनाव में कुल 243 मतदाता के सापेक्ष 226 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें अध्यक्ष पद पर राकेश तिवारी को 89 मत व अमर बाबू पाठक को 37 और रामशरण कुशवाहा को 98 मत प्राप्त हुए और इस प्रकार राम शरण। कुशवाहा ने 9 मतों से राकेश तिवारी को शिकस्त देते हुए विजयी श्री हांसिल की वहीं महामंत्री पद पर दीपक मिश्रा को 146 मत व बिनोद निरंजन को 72 मत प्राप्त हुए जिसमें दीपक मिश्रा ने 74 मतों से जीत दर्ज की वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सोनू वाजपेयी को 119 मत मिले और इंद्रजीत राठौर को 103 मतों से सन्तोष करना पड़ा जिसमें 16 मतों से सोनू वाजपेयी ने विजयी श्री हांसिल की वहीं कोषाध्यक्ष पद पर सौरभ मिश्रा को 72 मत व शशांक श्रीबास्तव को 152 मत प्राप्त हुए जिसमें शशांक श्रीबास्तव ने 80 मतों से जीत दर्ज की।

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ महेबा ब्लाक की नई कार्यकारिणी गठित

संवाददाता। उरई, जालौन



**उत्तर** प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी गठन के अंतर्गत ब्लाक महेवा का निर्वाचन कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुर्खी में संपन्न हुआ। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में जिला स्तर से मनमोहन तिवारी व देवेंद्र सविता ने चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराया।

चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अवनींद्र मिश्रा (यूपीएस निबहना), ब्लॉक उपाध्यक्ष के लिए सत्येंद्र पाल (यूपीएस मलथुआ) नागेंद्र श्रीवास्तव (यूपीएस टड़वा) व ब्लॉक महिला उपाध्यक्ष सुहासनी यादव (यूपीएस बम्हौरी खुर्द) एवं ब्लॉक मंत्री के लिए ध्रुव कुमार (यूपीएस उरकरा कला), कोषाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह (कंपोजिट यूपीएस सरैनी), संयुक्त मंत्री के लिए दिव्यांशु चचौंदिया (कंपोजिट यूपीएस चुर्खी), प्रीति यादव एवं ब्लॉक प्रवक्ता के लिए दिनेश पिपरैया (यूपीएस अभैदपुर) निर्वाचित हुए।

संरक्षक मण्डल के रूप में डॉ. सोमप्रभ और उमाशंकर को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष व संयोजक राजीव त्रिपाठी, जिला महामंत्री जिला सह संयोजक लोकेश पाल, जिला कोषाध्यक्ष जिला सह संयोजक शिवपाल सिंह, हरिओम द्विवेदी ने नवनिर्वाचित ब्लॉक कार्यकारिणी के सभी सम्मानित सदस्यों को माला और पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी और संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। साथ ही आगामी योजनाओं के बारे में दिशा निर्देश दिए। सभी का आभार और नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुन: बधाई दी। इस मौके पर नरेंद्र सिंह निरंजन, राघवेन्द्र त्रिपाठी, आशीष पाल, रविकरण, संजय दौदरियां, हरिश्चंद्र पाल, अमित गौतम, वीरेंद्र शाह, संजय खरे, अनुराग रंजन त्रिवेदी, प्रवीण बाथम, वीरेंद्र, अंशु गुप्ता, अनूप निरंजन, जितेंद्र पाराशर, हरिशंकर झा, आलोक पटेल, अशोक कुमार, उधम सिंह उमाशंकर, शिखा सक्सेना, अंजना वर्मा, अमृता धुरिया, विमल समाधिया, अभिषेक शुक्ला, अवधेश प्रकाश श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

पायनियर

लखनऊ, सोमवार, 17 फरवरी 2025



# प्रयागराज महाकुंभ जा रही दो कारें टकराई, दो लोगों की मौत

● **दुर्घटना में नौ घायल, दो की हालत गंभीर, रेफर**

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-2 पर बहलपुर गांव की मोड़ के समीप प्रयागराज महाकुंभ जा रही दो कारें आपस में टकरा गई। दुर्घटना में दो की मौत हो गई वहीं नौ सवार घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उनको रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-2 पर बहलपुर गांव की मोड़ के समीप गाड़ी नं. आरजे-14यूके/3787 में कुल छह लोग सवार थे। पीछे से आ रही तेज गति से फॉर्चूनर गाड़ी नं. आरजे-42यूए/7770 ने गाड़ी में टक्कर मार दिया। जिससे गाड़ी गड्ढे में जा गिरी और गाड़ी में सवार राजस्थान प्रान्त के करौली जनपद के थोड़ा भीम थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी 45 वर्षीय कृष्णकांत सोनी और उसकी 42 वर्षीय पत्नी सुमन देवी, उसका 12 वर्षीय पुत्र अन्ना सोनी, गिरिराज सोनी की 58 वर्षीय पत्नी राधा सोनी, फॉर्चूनर गाड़ी चालक गोपाल का पुत्र हरिसिंह मीना, भैरोलाल सोनी का पुत्र गिराम सोनी, राजस्थान प्रांत के अजमेर जनपद के किशनगढ़ निवासी फॉर्चूनर गाड़ी सवार खरताराम जांगड़ का 60 वर्षीय पुत्र बालचंद्र, उसकी 55 वर्षीय पत्नी गीता देवी और उसका 34 वर्षीय पुत्र नरेश जांगड़, मालाराम की 85 वर्षीय पत्नी गीता देवी, नरेश जागंड़ की 60 वर्षीय पत्नी ज्योति जांगड़, दिनेश जांगड़ की 27 वर्षीय पत्नी कमाता जांगड़ हादशे में सभी घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत राधा सोनी और कृष्ण कुमार सोनी को मृत घोषित करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए मार्च्युरी हाउस में रखवा दिया। वही फार्च्यूनर सवार घायलो को जिला अस्पताल से कानपुर इलाज के लिए चले गए हैं। थाना प्रभारी अरविंद राय ने बताया कि दो की मौत हुई है। घायलों की हालत ठीक है। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया है।

## टायर खोलते समय चालक को वाहन ने रौंदा, मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर ओवर ब्रिज एनएच-2 में रविवार की भोर पंचर टायर खोलते समय विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे वाहन ने रौंद दिया जिससे 53 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत हो गई। झारखण्ड के जिला कोडरमा थाना नवलसाही खनखरा गांव निवासी परनसाव का पुत्र अशोक साव ट्रक चालक था। रविवार की भोर चार बजे वह मलवां से वापस कैंची मोड़ आ रहा था। अचानक ओवर ब्रिज में टायर पंचर हो जाने पर वह उतरकर टायर खोलने लगा। इसी बीच वाहन ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई।

## ध्रुव चरित्र की उत्तम कथा से हमें प्रेरणा मिलती है: अंकित शास्त्री

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** ध्रुव चरित्र की उत्तम कथा से हमें प्रेरणा मिलती है कि भगवान भक्त के हर कदम पर साथ रहते हैं वह कभी भी भक्त को अकेला नहीं छोड़ते हैं उक्त बात जखई बाबा आश्रम पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए आचार्य अंकित शास्त्री ने कही। रसूलाबाद क्षेत्र के बारापुर गांव में जखई बाबा देव स्थान पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है जिसमें मैनपुरी से पधारे कथा वक्ता अंकित शास्त्री ने तीसरे दिन महादेव का विवाह और ध्रुव चरित्र की कथा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अपने सौतेली मां से अपमानित होकर भगवान की खोज में निकले ध्रुव को बाल्यावस्था में ही भगवान ने दर्शन देकर अपना बना लिया उन्होंने कहा जो भी भक्त भगवान में सर्व समर्पित होते हैं भगवान सदैव उनकी रक्षा करते हैं।

# बिंदकी कोतवाल पर भाजपा नेताओं ने लगाए गंभीर आरोप

● **भ्रष्टाचार सहित कार्यकर्ताओं को अपमानित करने की शिकायत ●जमीनों पर कब्जे के खेल से पुलिस कर रही मोटी कमाई ●जुंआ, परचून की दुकानों से शराब व गांजा की बिक्री, ट्रक बने कमाई का बड़ा जरिया ●दो कारखास सादी वर्दी में रहने वाले सिपाही वसूली में लगे**

**फतेहपुर।** जिस रामराज की परिकल्पना को साकार कर आमजन को सुशासन एवं भ्रष्टाचार रहित प्रशासन की दुहाई देते भाजपाई थक नहीं रहे हैं उसी बीजेपी में कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न एवं उनके मान, सम्मान, स्वाभिमान तक की रक्षा उनके नेता नहीं कर पा रहे हैं। अवैध खनन, ओवरलोडिंग सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार, थानों में लोगों से खाकी की बदसलूकी एवं लूट तो फिलहाल सत्ताधारी बंद नहीं करा पाए। हद तो तब हो गई जब पार्टी अपने उन कार्यकर्ताओं का इकबाल तक बुलंद नहीं कर पा रही है जो जिंदाबाद, मुर्दाबाद के नारे लगाकर भाजपा को लखनऊ की सत्ता तक पहुंचाने का काम करते हैं। बिन्दकी कोतवाली का ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की मनमानी में सब कुछ दांव पर लग गया है। कई पदाधिकारियों सहित प्रभारी मंत्री द्वारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को हटाने के आदेश के बावजूद बिंदकी में पुलिसिया खेल जारी है। भाजपाइयों पर कोतवाल भारी हैं और कार्यकर्ता अपने आपको अपमानित महसूस कर रहा है। उच्चाधिकारी अनजान हैं या फिर जानकर अनजान बने हुए हैं।

यूं तो बिन्दकी की मण्डी मिलावटी सामग्री की बिक्री के लिए जग जाहिर रही है। जुंए का खेल रहा हो या फिर परचून की दुकानों से शराब एवं गांजा की बिक्री रही हो। मौजूदा समय में भी पुलिस की चर्चा खूब हो रही है। चाहे ट्रकों से वसूली हो या सादी वर्दी में कारखास दो सिपाहियों के जरिए छोटे-छोटे मामलों में भी फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर पैसों की वसूली के मामले हों। जमीनों पर कब्जों की कहानी तो पुरानी होती जा रही है। पुलिस की तेजी तब दिखाई पड़ी जब हाल ही में एक व्यक्ति का हेलमेट की चोरी में चालान कर दिया गया, हकीकत में हेलमेट लेकर वह पेट्रोल डलवाने गया था। जनता गांव में एक जमीन पर दौरान मुकदमा पुलिस द्वारा जबरन कब्जा कराने की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे मंडल मंत्री सौरभ अवस्थी ने कोतवाल पर अपशब्दों का प्रयोग करने एवं फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप लगाया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह ने भी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके व कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी का पत्र पुलिस अधीक्षक व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को दिया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रशांत उमराव ने ट्वीट कर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की मनमानी पर कड़ी आपत्ति जताई। स्वयं प्रभारीमंत्री अजीत पाल ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की मनमानी, कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार का हवाला दिया। 29 जनवरी को दिए गए पत्र में कोतवाल को हटाने की बात 15 दिन के अंदर कही' लेकिन अब तक कार्रवाई न होने से कार्यकर्ताओं के हौसले अपनी ही सरकार में पस्त हो रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पर एक जाति विशेष के लोगों पर भी अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगा है। खबर तो यह भी है कि साहब की कार्यशैली व व्यवहार से स्वयं उनके ही थाने के दरोगा, सिपाही माथा फोड़ रहे हैं' कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की शिकायत लंबे समय से बार-बार चल रही है और भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता तक हटाने की बात कर रहे हैं उसके ऊपर मजबूती के साथ कुर्सी पर बना रहना न केवल उनकी पकड़ को बता रहा है बल्कि भाजपा की धड़ेबाजी भी उजागर कर रहा है।

# लीजिए मुफ्त अनाज, दीजिए साबुन-चाय के दाम

● **राशन कार्डधारकों को जबरन थमाया जा रहा किराने का सामान**

**बिंदकी (फतेहपुर)।** प्रधानमंत्री मुफ्त गरीब अनाज योजना का गेहूं और चावल लेने पहुंच रहे राशन कार्डधारकों को जबरन किराने का सामान भी थमाया जा रहा है। ना नुकर करने पर कार्डधारक को अनाज देने से साफ मना किया जा रहा है, जबकि यह व्यवस्था स्वेच्छा पर आधारित है। बाकायदा आपूर्ति विभाग ने इस बारे में हिदायत भी दे रखी है। इसके बावजूद कोटेदारों की मनमानी पर लगाम नहीं लग पा रही है। कोरोना काल से सरकारी राशन की दुकानों से अंत्योदय और पात्र गृहस्थी के कार्ड पर मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा है। तहसील क्षेत्र में मौजूदा वक्त गेहूं और चावल की उपलब्धता कराई जा रही है। कोटेदारों के आर्थिक स्तर को सुधारने के लिए सरकार ने राशन की दुकानों से किराना की सामग्री उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था पिछले साल से कर रखी है। इस व्यवस्था के पालन में साफतौर पर कहा गया है कि संबंधित कोटेदार, इस सामान की खपत के लिए कार्ड धारकों पर जोर जबरदस्ती नहीं करेंगे, लेकिन यही सब देखने को मिल रहा है।

कोटेदार अनाज के साथ 100 का सामान दे रहे हैं। जिसमें वाशिंग पाउडर, साबुन की टिकिया, चाय की पत्ती, सब्जी मसाला की पुड़िया शामिल है। हाल यह है कि कार्ड धारक के मना करने पर भी उसे किराने का सामान लेने को बाद किया जा रहा है। जो सामान लेने से मना कर रहा है। उसे बैरंग वापस किया जा रहा है। कार्ड पर कमीशन बना वजह: सरकारी राशन की दुकानों से जो सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। उसमें कोटेदार को प्रति कार्ड 31.50 पैसे का कमीशन मिल रहा है। किराना स्टोर चलाने वाले मनोज सिंह का कहना है कि जो 70 कीमत का वाशिंग पाउडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## वनों को उजाड़ने वाले माफियाओं की खैर नहीं: विवेक शुक्ला

**फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्र के यमुना तटवर्ती इलाकों में हरे भरे वृक्षों को धराशाई करने वाले वन माफियाओं लकड़ी ठेकेदारों पर वन विभाग ने कड़ा शिकंजा कसा है। हाल में ही हरे भरे वृक्षों को उजाड़ने वाले दर्जनों लकड़ी ठेकेदारों पर विभाग ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कड़ी कार्यवाही की है। खखरेडू वन रेंज में बीते दिनों किशनपुर थाना क्षेत्र के भसरौल गांव में हरे महुआ वृक्षों को उजाड़ने का मामला पत्राचार व सुर्खियों में छाया था। इससे पहले भी कई इमली के प्रतिबंधित वर्षों के काटने पर क्षेत्राधिकारी वन रेंजर ने दोषियों पर कडी कार्यवाही करते हुए कई लकड़ी ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज कराया था। हरे भरे महुवा वृक्षों को धराशाई होने की खबर पर क्षेत्राधिकारी वन रेंजर विवेक शुक्ला ने दो टीमों को भेज कर गहनता से जांच पड़ताल करते हुए दोषी ठेकेदार और विक्रेताओं पर वन अधि. के तहत मुकदमा दर्ज कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की है।

# दिल्ली में रेलवे स्टेशन में भगदड़ के बाद पुलिस ने स्टेशनों पर बढ़ाई जॉच



**कानपुर देहात।** शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड के बाद हुयी मौतों के बाद एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के सख्त निर्देश पर पुलिस बल ने जनपद के प्रमुख स्टेशनों पर जॉच पडताल कर व्यवस्थाओं को चाक चौबन्द किया। इस दौरान जनपद के रूरा, झींझक, पुखरॉया सहित अन्य स्टेशनों पर भारी सॅख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। आपको बतातें चले कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 16 पर प्रयागराज स्टेशन में कुॅभ नहाने के लिये जा रह यात्रियों में भगदड मच गयी थी, जिससे कई लोग असमय ही काल कलवित हो गये थे, जनपद में ऐसी कोई अप्रिय स्थित न पैदा हो, इसके लिये एसपी बीबीजीटी एस मूर्ति ने सभी प्रमुख स्टेशनों पर पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिये थे, जनपद के रूरा रेलवे स्टेशन पर प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह व वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र मलिक के नेतृत्व में पुलिस बल ने स्टेशन पर भीड की स्थिति देखी स्थित सामान्य पाये जाने पर पुलिस बल के चेहरों पर संतोष के भाव देखे गये, इसी प्रकार जनपद के प्रमुख स्टेशनों पुखरॉया, झींझक सहित अन्य स्टेशनों पर पुलिस बल पूरी मुस्तैदी से मौजूद रहा।

## थाना सौरिख पुलिस ने छापेमारी कर वारंटी को दबोचा

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने पुलिस टीम के साथ वारंटी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की है। रविवार को अपराध नियंत्रण हेतु थाना सौरिख प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने उपनिरीक्षक देवी सहाय वर्मा एवं कांस्टेबल कार्तिक तोमर के साथ गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम चौहनापुर नादेमऊ के निकट छापेमारी कर दो पुराने मुकदमों में काफी समय से गैर हाजिर चल रहे महावीर बंजारा पुत्र स्वर्गीय हरनाम बंजारा निवासी ग्राम चौहनापुर नादेमउ को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई के उपरांत न्यायालय भेजा गया।

## क्विक न्यूज

### अलग-अलग हादसों में आधा दर्जन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ निवासी कृष्ण कुमार का 29 वर्षीय पुत्र संजय दीक्षित ई-रिक्शा चालक है। रविवार की सुबह वह सवारी छोड़कर वापस खागा आ रहा था। जैसे ही वह कटोघन के समीप एनएच-2 पर पहुंचा तभी पीछे से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बकेवर थाना क्षेत्र के बसगवां गांव निवासी स्व. राम आसरे का 35 वर्षीय पुत्र मनोज गांव के ही राहुल सिंह के साथ बाइक से कानपुर नगर के कुढ़नी गांव जा रहे थे जैसे ही यह लोग बार्डर पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मंडवा गांव निवासी शिवलखन का 18 वर्षीय पुत्र संदीप पाल, अतुल का 26 वर्षीय पुत्र कौशलेन्द्र बाइक से शहर आ रहे थे। तभी महिला मंदिर के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से दोनों घायल हो गए।

### किशोरी ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली के कस्बा खजुहा के मुहल्ला छोटी बाजार में शनिवार की देर शाम 17 वर्षीय किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। खजुहा कस्बा के छोटी बाजार मुहल्ला निवासी अतुल कुमार की पुत्री प्रियंका ने शनिवार की देर शाम उस समय घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के लोग किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटकर आए तो किशोरी का शव लटका देख कोहराम मच गया। शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### युवा विकास समिति ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर।** जिले में तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर युवा विकास समिति के पदाधिकारियों ने सांसद नरेश उत्तम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप कर लोकसभा सदन पर इस मुद्दे को उठाने की मांग किया। तालाबों के संरक्षण व तालाब माफियाओं के खिलाफकार्यवाही के लिए लोकसभा के सदन में जनपद के तालाबों को बचाने के लिए आवाज उठाने की मांग की गई। समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि फतेहपुर नगर पालिका क्षेत्र में 84 तालाब कागजों में दर्ज है परंतु समय के साथ प्रशासन की अनदेखी से भूमाफियाओं की नजर शहर में स्थित तालाबों पर लगी हुई है। तालाबों का अस्तित्व मिट रहा है। सांसद को ज्ञापन सौंप कर तालाब बचाने की अपील की गई।

### सेंट जेवियर्स में छात्रों ने दी प्रवेश परीक्षा

**फतेहपुर।** सेंट जेवियर हाईस्कूल में रविवार को आगामी सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु वृहद स्तर पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश हेतु कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 तक के लिए कुल 427 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रवेश परीक्षा में 05 विषयों गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, हिंदी एवं सामान्य ज्ञान के आधार पर प्रश्न पूछे गए। उत्साह के साथ प्रतिभागियों ने प्रवेश परीक्षा में प्रतिभा किया। प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की काउंसलिंग विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने कर शैक्षणिक ज्ञान की जानकारी प्रदान की।

### इंटर के छात्रों को दी गई विदाई, शिक्षकों ने परीक्षा के दिए टिप्स

**खागा (फतेहपुर)।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को इंटर के बच्चों का फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद खागा विधायक कृष्णा पासवान, चेयरमैन गीता सिंह, विद्यालय के कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र गुप्त, विद्यालय प्रबंधन संबंधित समिति के सदस्य कृष्ण श्रीवास्तव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन से की। सरस्वती वंदना के उपरांत अतिथि महानुभावों का परिचय अनिल प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। अतिथि महानुभावों का बैज अलंकरण विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह एवं विद्यालय की प्रधानमंत्री बहन वर्तिका वाजपेई व आचार्या बहन सुधा तिवारी ने किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की और भैया बहनों को उनके अंचल भविष्य की कामना की। उनसे यह अपेक्षा भी किया कि अपने कृतित्व द्वारा विद्यालय का अपने प्रदेश व देश में यश फैलाएंगे। बहन वर्तिका बाजपेई, राजमंगल सिंह, नैना अग्रहरि, दिव्यांशी, इंदल कौशल, पुष्पेंद्र, अंकित, आशी केशरवानी, प्रिया गुप्ता, ऋद्धा, सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रेमचंद कैथल, रजनीश सिंह, रवि एवं शनि सिंह ने भैया बहनों को परीक्षा से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के उपाय सुझाए। मुख्य अतिथि द्वारा भैया बहनों को संबोधित किया गया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन रजनीश सिंह व छायांकन मनीष ने किया।

## फेयरवेल पार्टी में छात्रों ने स्कूल छोड़ने का बयां किया दर्द

**फतेहपुर।** शहर के मसवानी स्थित फजलुर रहमान इंग्लिश स्कूल में रविवार को फेयरवेल पार्टी (विदाई समारोह) का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक मो0 नसीम खान ने कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं का केक काटकर मुंह मीठा कराया और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह के दौरान सभी छात्र-छात्राओं की आंखे नम हो गई। सभी ने विद्यालय में गुजारे पलों को याद किया। प्रबंधक मो. नसीम ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। फेयरवेल पार्टी में खेल प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी वितरित किए गए। क्रिकेट की विजयी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खो-खो की विजयी टीम को भी पुरस्कार दिया गया। कक्षा आठ के छात्रों में इकरा खान, इल्म शहजादे, इकरा बानो, रमशा मकसूद, शोएब, अरकान ने स्कूल छोड़ने का दर्द बयां किया।

# डीएम ने रेलवे, रोडवेज का किया निरीक्षण, श्रद्धालुगण यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** महाकुंभ प्रयागराज में जनपद से जाने वाले श्रद्धालुगण की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रभारी एसपी/एएसपी नेपाल सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, एसडीएम अश्विनी सिंह, सीओ सिटी रमेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ लखीमपुर रेलवे स्टेशन, और रोडवेज बस स्टेशन लखीमपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने अफसरो की टीम संग पूरे रेलवे स्टेशन का पैदल भ्रमण किया। मौजूद यात्रियों से संवाद करते हुए जाना कि उन्हें किस गंतव्य से और किस ट्रेन के माध्यम से जाना है। इस दौरान मौजूद रेलवे के जिम्मेदार अफसरो से यात्रीगण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने एसडीएम-सीओ को निर्देश दिए कि रेलवे के अधिकारियों से समन्वय रखते हुए यहां से गुजरने वाली ट्रेन में ओवरक्राउडिंग ना हो, इसे सुनिश्चित कराया जाए। प्रयागराज जाने के लिए जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन की रवानगी अपनी देखरेख में सुनिश्चित कराए। आरपीएफ और जीआरपी के अफसरो को भी निर्देशित किया। डीएम अफसरों के दल बल के साथ लखीमपुर रोडवेज बस स्टेशन पहुंची, जहां उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर से प्रयागराज जाने वाली बसों के संबंध में जानकारी ली, निर्देश दिए कि यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी दशा में ओवरक्राउडिंग ना हो इसे सुनिश्चित कराया जाए।

### बसों, ट्रेनों में ना हो ओवरक्राउडिंग बनी रणनीति, जिलाधिकारी ने ली अफसरों की बैठक

भ्रमण से पहले डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपने कैंप कार्यालय में ट्रेन और बसों के माध्यम से महाकुंभ प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से अफसरो की बैठक ली, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले के तहसील क्षेत्र में प्रत्येक एसडीएम, सीओ अपने तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों का भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं और यात्रीगण की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी जरूरी कदम उठाएंगे।

# उपभोक्ता समय से बिलों का भुगतान कर कार्रवाई से बचें

● **एसडीओ नें 15 फरवरी तक बकाया विद्युत बिल जमा करनें की अपील की**



जानकारी देते एसडीओ बृजेश कुमार सरोज।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कामर्शियल एवं घरेलू कनेक्शन धारक 15 फरवरी तक ओटीएस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराकर बडे बकायेदार किश्तों में भुगतान कर दें। और जिन उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन करानें के बाद अभी तक भुगतान नही किया है। अन्यथा की स्थिति में रजिस्ट्रेशन कैंसिल हो जाएगा और ब्याज भी जोड़ दिया जाएगा।

यह जानकारी समधन में बीते दिन उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार सरोज ने दी। इससे पूर्व उन्होनें नागरिकों की बिद्युत बिल न निकालें जानें की शिकायत पर टीम के साथ तेरह कामर्शियल कनेक्सनों सहित बाईस कनेक्सनों की जॉच की। इस दौरान छह घरेलू बिलिंग चेक कर ओटीएस बिना परिर्वतन दुकानदारों के घरेलू कनेक्सन के स्थान पर तीन कामर्शियल में ट्रांसफर कर लोड बढाया गया। सात बडे बकायेदारों के कनेक्सन विच्छेदन का कार्य किया गया। इस दौरान अवर अभियंता विकास कुमार, लाइनमैन सोनू सहित दो पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बैनर लेकर पहुंची पूर्व ब्लाक प्रमुख की विधवा

● **संजय उर्फ पप्पू तिवारी पर लगाए गंभीर आरोप, चीख-चीखकर लगाई न्याय की गुहार ●छोटा बेटा, बहू व भतीजा भी था साथ, कहा प्रशासन भी नहीं सुनता ●मौजूद अधिवक्ताओं व सजातीय बंधुओ के भी जोड़े हाथ, कहा रहम एवं न्याय करें**



**फतेहपुर।** पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व. कमल किशोर तिवारी की विधवा पत्नी रामलली देवी अपने बड़े बेटे से इस कदर प्रताणित है कि आज फिर एक बार एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बाकायदे बैनर के साथ न्याय की गुहार लगाने पहुंची और मौजूद जनपद के मुअज्जिज लोगों से फ़रियाद की। शहर की कुछ ख़ास ख्यातिलब्ध हस्तियों में शुमार पूर्व कांग्रेस नेता एवं ब्लाक प्रमुख रहे स्व. कमल किशोर तिवारी की विधवा पत्नी रामलली देवी का आरोप है कि पुत्र संजय उर्फ पप्पू तिवारी एवं राजेश तिवारी ने उनकी समूची सम्पत्ति पर अनाधिकृत ढ़ंग से कब्ज़ा करके उनके छोटे बेटे अखिलेश उर्फ़ सोनू तिवारी एवं भतीजे धनंजय उर्फ़ लुटे तिवारी को एवं उनके परिवार को दर- दर की ठोकरे खाने के लिए विवश कर दिया है। रामलली देवी का यह भी कहना है कि उनकी वृद्धावस्था होने के बावजूद उपरोक्त दोनों उनके साथ गाली-गलौज करते हैं और उनकी बहू (छोटे बेटे की पत्नी) के साथ अप्रिय व्यवहार करते हैं।

शहर के बाकरगंज इलाक़े में चल रहे एक बड़े सजातीय बंधुओ से संबंधित कार्यक्रम में बाकायदे बैनर लेकर पहुंची रामलली देवी के साथ उनका छोटा बेटा, बहू, भतीजा आदि ने उपरोक्त दोनों पप्पू तिवारी एवं राजेश तिवारी पर कई गंभीर आरोप लगाए तथा उनसे जान का खतरा बताते हुए फर्जी मुक़दमे में फसवाने का आरोप लगाया तथा कैसी भी अप्रिय घटना को अंजाम देने की आशंका जताई। रामलली का यह भी कहना था शिकायतकर्ता प्रदर्शनकारियों ने शासन प्रशासन के साथ साथ जनपद के मुअज्जिज सजातीय बंधुओ, मौजूद अधिवक्ताओं के सामने हाथ जोड़कर एवं रो-रोकर अपनी एवं अपने बच्चों की ब्राह्मण चेतना मंच के स्वयंभू एवं कथित अध्यक्ष संजय उर्फ पप्पू तिवारी से रक्षा करने, हिस्सा दिलवाने और उसके द्वारा करे व करवाए जा रहे अत्याचार को रुकवाने की गुहार लगाई।

# बार के अध्यक्ष व मंत्री समेत सहयोगियों का हुआ सम्मान

**संवाददाता।** फतेहपुर

**ब्राह्मण** चेतना मंच एवं जिला उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में रविवार को आदर्श जिला अधिवक्ता संघ की ओर से बार चुनाव में निर्वाचित हुए अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे एवं मंत्री जितेन्द्र सिंह समेत सहयोगियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें सभी को अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। बार अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे व मंत्री जितेन्द्र सिंह के अलावा सहयोगी पं. पी.के. पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष जगदीश उर्फ जालिम सिंह, आशीष गौड़, दिलीप शुक्ला, अशोक शुक्ला, देवेन्द्र गौतम, अभिलाष त्रिवेदी, राज कुमार सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा, ललित मिश्रा, शाहिद अख्तर, ज्ञानेश बाजपेई, गुरू प्रसाद, मुन्ना मिश्रा, शिव कुमार अग्निहोत्री, कमलेश शुक्ला, लक्ष्मण त्रिपाठी, अमित तिवारी का अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ब्राह्मण चेतना संस्थान के अध्यक्ष पप्पू तिवारी, राजेन्द्र त्रिवेदी व शिवाकांत दीक्षित ने सभी को अंगवस्त्र व माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष ने कहा कि बार के इतिहास में एक नई लकीर कायम हुई है। इस संगठन को भविष्य के लिए बनाए रखना है। पूर्व अध्यक्ष जालिम सिंह ने कहा कि चुनाव में सभी लोगों ने कड़ी मेहनत व समर्पण भाव से कार्य किया है, जिसका परिणाम सबके सामने है। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि बार के चुनाव में जो नहीं सोंचा गया था वह परिणाम आया। जिससे सभी विपक्षीगणों को मुंह की खानी पड़ी। इस मौके पर वी.के. शुक्ला, एस.पी. शुक्ला, शिवाकांत दीक्षित, राजेन्द्र त्रिवेदी, विनय तिवारी, सोनू तिवारी, वीरेन्द्र दुबे, वीरेन्द्र त्रिवेदी, अशोक शुक्ला, मनीष तिवारी रिंकू, सुभाष द्विवेदी भी मौजूद रहे।

# ...दीनों-दलितों बन पुकार, तुम बढ़ो नया इतिहास बनो

● **शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 372 वीं साप्ताहिक रविवासरीय काव्य गोष्ठी संपन्न**



**फतेहपुर।** मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 372वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता व शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे।काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए केपी सिंह कछवाह ने वाणी वंदना में अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- सरस्वती मां शारदे, अज्ञान तम संहार दे। बुद्धि-मन निर्मल हृदय कर, ज्ञान का भंडार दे।। पुन: कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया- अगर दुख दर्द औरों का, कभी बांटा नहीं तुमने। तो है धिक्कार जीवन को, वृथा सब ही हुए सपने।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया सुरभित वसंत, हे मधुवसंत! हैं तुमसे प्रमुदित दिग-दिगंत।

दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया गीधराज के घाव को, साफ कर रहे राम। अपनी कोमल जटा से, अत: जटायू नाम।। शिव सागर साहू ने काव्य पाठ किया दुनिया में संघर्ष की बहती अजब बयार। बिना संतुलित सोच के, लड़ने को तैयार।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये जब वैवाहिक वर्षगांठ हो, काम करो शुभ, सुंदर, नेक। दृढ़ प्रतीति के प्रण प्रतीक का, मिलकर वृक्ष लगाओ एक।। विनय कुमार दीक्षित ने काव्यपाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार से शब्द दिए हैं रहे तुझको सिखा, नीले गगन के सब सितारे। व्याधियां शत-शत रहें, पर तू कभी हिम्मत न हारे।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये भारत माता की आश बनो, जग का नूतन विश्वास बनो। दीनों-दलितों बन पुकार, तुम बढ़ो नया इतिहास बनो।। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 2030 से पहले सालाना नौ लाख करोड़ रुपए का कपड़ा निर्यात करने की उम्मीद जताई

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कपड़ा क्षेत्र 2030 की समयसीमा से पहले नौ लाख करोड़ रुपए के वार्षिक निर्यात लक्ष्य को हासिल कर लेगा। यह बात इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आम बजट 2025-26 में कपास की, खासकर अतिरिक्त लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय कपास प्रौद्योगिकी मिशन के लिए 500 करोड़ रुपए आवंटित किए गए।

मोदी ने भारत टेक्स 2025 में कहा, हम वर्तमान में दुनिया में वस्त्र और परिधान के छठे सबसे बड़े निर्यातक हैं। कपड़ा निर्यात लगभग तीन लाख करोड़ रुपए का है। हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को तीन गुना करते हुए नौ लाख करोड़ रुपए का निर्यात हासिल करना है। उन्होंने कहा, इस सफलता का श्रेय पिछले दशक में की गई कड़ी मेहनत और लगातार लागू की गई नीतियों को जाता है, जिनके कारण कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस तरह से काम हो रहा है, मुझे लगता है कि हम 2030 की समयसीमा से पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। यह क्षेत्र प्रमुख रोजगार सृजनकर्ता है तथा विनिर्माण क्षेत्र में इसका योगदान 11 प्रतिशत है। केंद्रीय बजट में 2025-26 के लिए कपड़ा मंत्रालय के मद में 5,272 करोड़ रुपए (बजट अनुमान में) के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। यह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 4,417.03 करोड़ रुपए के बजट अनुमान से 19 प्रतिशत अधिक है।

नई दिल्ली में 14-17 फरवरी तक आयोजित होने वाला भारत टेक्स कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें दो स्थानों पर आयोजित एक विशाल प्रदर्शनी शामिल है, जिसमें सम्पूर्ण कपड़ा परिवेश का प्रदर्शन किया जाएगा। मोदी ने कहा कि भारत टेक्स एक बड़ा वैश्विक आयोजन बन रहा है, जिसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत उच्च गुणवत्ता वाले कार्बन फाइबर के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा क्षेत्र को सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया क्योंकि एक इकाई को केवल 75 करोड़ रुपए के निवेश की आवश्यकता होती है और 2,000 लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत के कपड़ा और परिधान निर्यात में पिछले वर्ष सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश कपड़ा क्षेत्र के लिए कुशल प्रतिभाओं का एक समूह तैयार करने पर काम कर रहा है। हमारा ध्यान तकनीकी कपड़ा क्षेत्र पर है। भारत इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। प्रधानमंत्री ने कपड़ा क्षेत्र के लिए अपने 5एफ दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जिसमें खेत (फार्म) से फाइबरअ फाइबर से फैक्ट्रीअ फैक्ट्री से फैशनअ फैशन से विदेशी (फॉरेन) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण किसानों, बुनकरों, डिजायनरों और व्यापारियों के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। मोदी ने कपड़ा उद्योग से नए उपकरण विकसित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करने का भी आह्वान किया।

# बिजनौर में सड़क हादसे में अधीक्षण अभियंता समेत दो की मौत

**भाषा।** बिजनौर (उप्र)

**बिजनौर** जिले के चांदपुर इलाके में सड़क हादसे में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता समेत दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। चांदपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजेश सिंह ने बताया कि शनिवार देर शाम मेरठ उर्जा भवन से संबद्ध अधीक्षण अभियंता संजीव वर्मा (50) चालक शादाब (30) के साथ कार से नूरपुर से लौट रहे थे, तभी चांदपुर में बिराल के पास एक नील गाय कार से टकरा गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सिंह ने बताया कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# कार्यस्थल पर वरिष्ठ सहकर्मी की फटकार इरादतन अपमान नहीं : सर्वोच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि कार्यस्थल पर वरिष्ठ सहकर्मी की फटकार इरादतन किया गया अपमान नहीं है जिसके लिए आपराधिक कार्यवाही की आवश्यकता हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक आरोप लगाने की अनुमति देने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिससे कार्यस्थल पर अपेक्षित संपूर्ण अनुशासनात्मक माहौल बिगड़ सकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि महज गाली-गलौज, अशिष्टता, असभ्यता या अशिष्टता भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 504 के तहत इरादतन किया गया अपमान नहीं है।

आईपीसी की धारा 504 शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करने से संबंधित है। दो साल तक की जेल की सजा के प्रावधान वाले इस अपराध को अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत धारा 352 से बदल दिया गया है, जो जुलाई 2024 से प्रभावी है। शीर्ष अदालत का यह फैसला राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के कार्यवाहक निदेशक के खिलाफ 2022 के आपराधिक मामले को खारिज करते हुए आया, जिन पर एक सहायक प्रोफेसर का अपमान करने का आरोप था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि निदेशक ने उनके खिलाफ उच्च अधिकारियों को शिकायत करने को लेकर अन्य कर्मचारियों के सामने उन्हें फटकार लगाई। यह भी आरोप लगाया गया कि निदेशक संस्थान में पर्याप्त पीपीई किट उपलब्ध कराने में विफल रहे, जिससे कोविड-19 के फैलने का बड़ा खतरा पैदा हो गया।

न्यायालय ने कहा कि आरोप पत्र और उसमें दिए गए दस्तावेजों के अवलोकन से ऐसा प्रतीत होता है कि आरोप पूरी तरह से काल्पनिक हैं और किसी भी तरह से उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 269 (लापरवाहीपूर्ण कार्य जिससे खतरनाक बीमारी फैल सकती है) और 270 (जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाला दुर्भावनापूर्ण कार्य) के तहत अपराध के लिए पर्याप्त नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा, इसलिए, हमारा मानना है कि वरिष्ठ सहकर्मी की चेतावनी को धारा 504, आईपीसी के तहत उकसाने के इरादे से जानबूझकर अपमान के रूप में नहीं माना जा सकता है, बशर्ते कि चेतावनी कार्यस्थल से संबंधित मामलों से संबंधित हो, जिसमें अनुशासन और उसमें कर्तव्यों का निर्वहन शामिल हो। न्यायालय के दस फरवरी के फैसले में कहा गया, यह एक ऐसे व्यक्ति की ओर से उचित अपेक्षा है जो यह देखता है कि उसके कनिष्ठ सहकर्मी अपने पेशेवर कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करें।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना में चार लोगों की मौत, छह अन्य घायल

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के खराब खड़ी बस में पीछे से एक टेम्पो ट्रैवलर ने टक्कर मार दी, जिससे एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ से आ रही बस वृंदावन होते हुए अयोध्या जा रही थी, जबकि महाराष्ट्र से आ रहा टेम्पो ट्रैवलर अयोध्या जा रहा था। सभी मृतक व घायल टेम्पो ट्रैवलर पर सवार थे।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही लोनी कटरा पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कटर मशीन मंगवाकर टेम्पो ट्रैवलर में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने वाहनों को एक्सप्रेसवे से हटवाया। दो घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर व चार घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद एसपी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जबकि छह घायलों में से दो लोगों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। बाकी का जिला चिकित्सालय में इलाज किया जा रहा है। टेम्पो ट्रैवलर चालक को झपकी आने के कारण यह घटना घटी है। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान दीपक, सुनील, अनुसुइया और जयश्री के रूप में हुई है। सभी की उम्र 35-55 के बीच थी और वे महाराष्ट्र के रहने वाले थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में टेम्पो-ट्रैवलर चालक विद्धात सिहंदे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

# असम सरकार गौरव गोगोई की पत्नी के पाकिस्तान से संबंध के खिलाफ अदालत जाएगीः मुख्यमंत्री हिमंत

**गुवाहाटी।** अपनी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न से जुड़े विवाद को लेकर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के कानूनी कदम उठाने की योजना का रविवार को स्वागत करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार भी कानूनी कार्यवाही शुरू कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए शर्मा ने विपक्षी दल को उसकी चुनावी हार की याद दिलाते हुए कहा, मैं अपने खिलाफ कानूनी कार्वाई का तहे दिल से स्वागत करता हूं। दरअसल, असम सरकार भी आज से कानूनी कार्यवाही शुरू कर रही है।

गोगोई ने शुक्रवार को भाजपा पर उन्हें और उनके परिवार को बदनाम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि वह उचित कानूनी कदम उठाएंगे। गोगोई ने शनिवार को अपनी पत्नी को असमिया में एक पत्र लिखा, जिसे उन्होंने फेसबुक पर साझा किया और उन्हें आश्वासन दिया कि सत्य की जीत होगी। शर्मा ने कहा, जब तक हम पद पर हैं, हम राष्ट्र की सुरक्षा की शपथ लेने के लिए बाध्य हैं। इसलिए, मैं संबंधित सांसद को भी जल्द से जल्द अदालत जाने की सलाह देता हूं ताकि कम से कम इस मुद्दे पर न्यायिक मंच पर चर्चा हो सके।

रमेश ने अपने पोस्ट में 2026 की शुरुआत में होने वाले असम विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि करीब 12 महीनों में राज्य के लोग उन्हें (शर्मा) पूर्व मुख्यमंत्री बना देंगे और उनकी पार्टी को विपक्ष में बैठा देंगे। शर्मा ने जवाब दिया, पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला असम की जनता करेगी, आप नहीं। मैं आपको 2014 के बाद से कांग्रेस को मिली अपमानजनक हार की याद नहीं दिलाना चाहता।

शर्मा ने गोगोई पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि कांग्रेस सांसद की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तान के साथ संबंधों के सिलसिले में मामला दर्ज किया जा सकता है और उसकी जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा।

समूचे समर्थन तंत्र (इकोसिस्टम) और सहानुभूति रखने वालों समेत पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी क्योंकि इस बात की आशंका जताई जा रही है कि कहीं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने उस समय मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में घुसपैठ करने का प्रयास तो नहीं किया था, जब गौरव गोगोई के पिता दिवंगत तरुण गोगोई राज्य के मुख्यमंत्री थे। इन आरोपों पर जवाब देते हुए रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, असम के मुख्यमंत्री और भाजपा ने मेरे सहयोगी गौरव गोगोई को निशाना बनाकर दुष्प्रचार अभियान शुरू किया है। यह सरासर चरित्र हनन का प्रयास है। तुरंत कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

उन्होंने दावा किया, बदनाम करने वाला यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है क्योंकि गौरव गोगोई ने जून 2024 में जोरहाट लोकसभा सीट जीती थी, जबकि असम के मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री जोरहाट में डेरा डाले हुए थे और उनके खिलाफ प्रचार कर रहे थे। ऐसा इसलिए भी किया जा रहा है क्योंकि जोरहाट के सांसद असम के मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार और काले कारनामों को उजागर करने में सबसे आगे रहे हैं। शर्मा ने कोलबर्न की नागरिकता का हवाला देते हुए पिछले सप्ताह इस मुद्दे पर गोगोई पर निशाना साधा था और आईएसआई से संबंध, युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के लिए पाकिस्तानी दूतावास में ले जाने, पिछले 12 वर्षों से भारतीय नागरिकता लेने से इनकार करने के आरोपों के बारे में जवाब मांगा था। शर्मा ने यह भी आरोप लगाया था कि गोगोई ने ब्रिटिश नागरिक से विवाह के बाद संसद में संवेदनशील रक्षा मामलों पर सवाल उठाए थे, जिसे विपक्षी नेता ने झूठा आरोप करार दिया।

# राणा के प्रत्यर्पण से उसकी यात्राओं के बारे में कड़ियों को जोड़ने में मदद मिलेगीः अधिकारी

**नई दिल्ली।** आतंकी तहव्वुर हुसैन राणा के अमेरिका से संभावित प्रत्यर्पण से 2008 में मुंबई आतंकवादी हमलों से कुछ दिन पहले उत्तर और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में उसकी यात्राओं के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक 64 वर्षीय राणा 2023 में 14 साल की सजा पूरी करने के बाद लॉस एंजिल्स के एक महानगरीय हिरासत केंद्र में हिरासत में है। वह पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी और मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उनके प्रशासन ने राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। प्रत्यर्पित होने के बाद, राणा इस मामले में भारत में मुकदमे का सामना करने वाला वाला तीसरा आतंकी होगा। इससे पहले अजमल कसाब और जबीउद्दीन अंसारी उर्फ अबू जंदल को इस मामले में दोषी ठहराया जा चुका है। नवंबर 2012 में, एकमात्र जीवित बचे पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को पुणे की यरवदा जेल में फांसी पर लटका दिया गया था। अमेरिकी संघीय एजेंसी एफबीआई ने 27 अक्टूबर 2009 को राणा को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ 2011 में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और आतंकवाद की रोकथाम संबंधी सार्क कन्वेंशन की धारा 6(2) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था। भारत में हेडली के ठिकानों की पड़ताल करते हुए, केंद्रीय सुरक्षा अधिकारियों को पता चला कि राणा ने 13 नवंबर से 21 नवंबर 2008 के बीच अपनी पत्नी समराज राणा अख्तर के साथ हापुड़, दिल्ली, आगरा, कोच्चि, अहमदाबाद और मुंबई की यात्रा की थी। राणा ने अपने पते के प्रमाण के तौर पर इमिग्रेंट लॉ सेंटर से व्यावसायिक प्रायोजक पत्र और कुक काउंटी से संपत्ति कर भुगतान नोटिस प्रस्तुत किया था।

# पेज 1 का शेष

## रेल और...

वे फिसल गए और दूसरों पर गिर गए। भगदड़ में फंसे यात्रियों के निजी सामान को हटाने में घंटों बिताने वाले एक रेलवे कर्मचारी ने इस घटना के दृश्य को सबसे भयावह बताया। दो अन्य ट्रेनें, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस, पहले से ही देरी से चल रही थीं, जिससे प्लेटफॉर्म 13, 14 और 15 पर बेचैन यात्री खचाखच भरे हुए थे। फिर एक घोषणा हुई कि प्रयागराज के लिए एक विशेष ट्रेन प्लेटफॉर्म 16 से रवाना होगी। प्रयागराज जाने वाली एक ट्रेन (प्रयागराज एक्सप्रेस) पहले से ही प्लेटफॉर्म 14 पर थी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जब विशेष ट्रेन के बारे में घोषणा की गई, तो कई यात्रियों ने सोचा कि यह उनकी नियमित ट्रेन है और वे प्लेटफॉर्म 16 की ओर भागे। प्लेटफॉर्म 16 पर जाने का एकमात्र रास्ता 42 सीढ़ियों वाली सीढ़ी थी जो 25 फीट चौड़े फुटओवर ब्रिज तक जाती थी। जैसे ही हजारों लोग आगे बढ़े, सीढ़ी संकरी पड़ गई।

## प्रयागराज....

प्रयागराज रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ प्रयागराज के झूंसी और कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशनों पर लाखों तीर्थयात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी है। अधिकारियों ने अव्यवस्था को रोकने के लिए प्रवेश और निकास के सख्त नियम लागू किए हैं। पेज 2 पर जारी पेज 1 से उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ पीआरओ डॉ. अमित मालवीय ने आश्वासन दिया कि परिचालन नियंत्रण में है, अब तक 127 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं, और ज़रूरत पड़ने पर और भी जोड़ी जाएंगी। नियमित ट्रेनों का शेड्यूल भी बनाए रखा जा रहा है। हालांकि, भीड़ प्रबंधन एक चुनौती बनी हुई है। आरपीएफ और जीआरपी के जवान यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई बुजुर्गों और बच्चों को भीड़-भाड़ वाले प्लेटफॉर्म से गुज़रने में मुश्किल हो रही है। वाराणसी और गोरखपुर रेलवे स्टेशन खचाखच भरे हुए हैं वाराणसी में भी स्थिति अलग नहीं है। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर घर वापस जाने वाले तीर्थयात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी है। यात्री बस में चढ़ने के लिए दरवाजे और खिड़कियों से चिपके हुए जगह के लिए धक्का-मुक्की कर रहे हैं। गोरखपुर में, अधिकारियों को भीड़भाड़ को दूर करने के लिए आपातकालीन विशेष ट्रेनें तैनात करने के लिए मजबूर होना पड़ा। लगभग 1:45 बजे, फंसे हुए यात्रियों को ले जाने के लिए चौरी चौरा स्पेशल ट्रेन भेजी गई। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने चल रहे प्रयासों के बारे में बताया, हमने प्रयागराज और उसके आसपास के आठ प्रमुख स्टेशनों के लिए एक संरचित प्रोटोकॉल लागू किया है। समर्पित प्रवेश और निकास बिंदु स्थापित किए गए हैं, और मांग पर अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## यात्रियों...

बड़ी भीड़ कभी नहीं देखी। एक अन्य कुली ने बताया कि शनिवार रात करीब 9:30 बजे जब प्रयागराज जाने वाली ट्रेन प्लेटफॉर्म पर थी, तब भीड़ बढ़ गई थी। उन्होंने कहा, लोगों के जूते, चप्पल और अन्य सामान हर जगह बिखरे पड़े थे। हमने कई बच्चों और बुजुर्गों को इस अफरातफरी से बाहर निकाला। बचाव कार्य में मदद कर रहे एक रेलवे कुली ने भगदड़ के बाद की भयावह स्थिति का खुलासा किया। उन्होंने कहा, रात करीब 8:30 बजे लोग इकट्ठा होने लगे। हमने कम से कम 15 शव बरामद किए हैं। भगदड़ में महिलाओं और बच्चों की जान चली गई है। हादसे के दौरान मौजूद रेलवे वेंडर रवि कनौजिया ने कई प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी। उन्होंने बताया, प्लेटफॉर्म 12, 14, 15 और 16 पर भारी भीड़ थी, जहां प्रयागराज के लिए ट्रेनें खड़ी थीं। यह एक छोटा पुल है और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे। मैंने पहले कभी इतनी भीड़ नहीं देखी थी। इस बीच, घटनास्थल पर मौजूद भारतीय वायु सेना के एक हवलदार ने कहा, प्रशासन दुर्घटना को रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा था, लेकिन कोई सुन नहीं रहा था। यहां तक ? ?कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों को भी भीड़ की वजह से संघर्ष करना पड़ा। एलएनजेपी अस्पताल में अपनी बहन को खोने वाले शोक संतप्त संजय ने कहा, हम 12 लोग महाकुंभ जा रहे थे। हम अभी भी सीढ़ियों पर थे जब हम भीड़ में फंस गए। हमने आधे घंटे तक अपनी बहन को खोजा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हम 12 लोग महाकुंभ जा रहे थे। हम सीढ़ियों पर थे प्लेटफॉर्म पर भी नहीं पहुंचे थे। मेरी बहन सहित पूरा परिवार भीड़ में फंस गया था। हमने उसे आधे घंटे बाद पाया और तब तक वह मर चुकी थी। संजय ने भगदड़ में अपनी बहन को खो दिया। बदरपुर निवासी सतिंदर ने अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज जाने की योजना बनाई थी, लेकिन भीड़ में भारी वृद्धि को देखते हुए उसने घर लौटने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ट्रेन के अंदर भी खड़े होने की जगह नहीं थी, मैं बाहर निकल गया और वापस जाने का फैसला किया। मृतकों में से एक है जो रविवार को परिवार की सदस्य पूनम देवी का शव लेने एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। रिश्तेदार ने कहा, स्टेशन पर भारी भीड़ थी और उनकी ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर आने वाली थी। हालांकि, घोषणा होने के बाद लोग भागने लगे और जो लोग गिर गए, वे कुचल गए। पीड़ितों में एक महिला भी थी जो अपने परिवार के साथ बिहार के छपरा जा रही थी। उसके बेटे ने अपने आंसू रोकने की कोशिश करते हुए विनाशकारी नुकसान को याद किया। उन्होंने कहा, हम एक बड़े समूह में घर जा रहे थे और मेरी मां ने अफरा-तफरी में अपनी जान गंवा दी। लोग एक-दूसरे को धक्का दे रहे थे और वह भीड़ में फंस गई। यात्रियों में से एक धर्मेंद्र सिंह ने कहा, मैं प्रयागराज जा रहा था लेकिन कई ट्रेनें देरी से चल रही थीं

## पुलिस को...

जिससे प्लेटफार्म पर अप्रत्याशित भीड़भाड़ हो गई थी। इस त्रासदी के बाद दिल्ली पुलिस ने घटना की जांच शुरू की, जिसमें पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) स्तर के अधिकारी जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) द्वारा छह अतिरिक्त पुलिस कंपनियां तैनात की गईं। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर डीसीपी रेलवे के कार्यालय में बैठक की। अन्य बातों के अलावा अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर जन संबोधन प्रणाली में खामियों की जांच की। बैठक में विशेष आयुक्त रॉबिन हिबू और रवींद्र यादव भी शामिल हुए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने यह भी कहा कि ट्रेन के नाम और प्लेटफॉर्म के बदलाव को लेकर यात्रियों में भ्रम की स्थिति थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस का यह बयान उत्तरी रेलवे द्वारा यह कहे जाने के बाद आया है कि प्लेटफॉर्म नहीं बदला गया था और प्लेटफॉर्म 14 और 15 के बीच फुटओवर ब्रिज पर एक यात्री गिर गया, जिससे उसके पीछे बैठे अन्य यात्री लड़खड़ा गए और इसके बाद यह दुखद हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग के अनुसार, प्लेटफॉर्म 14 और 15 पर भगदड़ मचने की सूचना रात करीब 9:55 बजे मिली। चार दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। घायलों को लोक नायक अस्पताल ले जाया गया। दो अन्य ट्रेनें, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस, पहले से ही देरी से चल रही थीं, जिससे प्लेटफॉर्म 13, 14 और 15 पर बेचैन यात्री खचाखच भरे हुए थे। फिर एक घोषणा हुई कि प्रयागराज के लिए एक विशेष ट्रेन प्लेटफॉर्म 16 से रवाना होगी। प्लेटफॉर्म 16 पर जाने का एकमात्र रास्ता 42 सीढ़ियों वाली 25 फीट चौड़े फुटओवर ब्रिज तक जाता था। जैसे-जैसे हज़ारों लोग आगे बढ़ते गए, सीढ़ियों पर खतरनाक रूप से भीड़ हो गई। ऊपर चढ़ने वालों को नीचे उतरने की कोशिश करने वालों ने रोक दिया, जिससे एक मानवीय बाधा पैदा हो गई। शनिवार रात को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ) के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मृतकों की पहचान बक्सूर निवासी आशा देवी (79), दिल्ली के संगम विहार निवासी पिंकी देवी (41), शहर के सरिता विहार निवासी शीला देवी (50), बवाना निवासी व्योम (25), बिहार के सारण की मूल निवासी पूनम देवी (40), बिहार के परना की ललिता देवी (35), मुजफ्फरपुर की रहने वाली सुरुचि (11), कृष्णा देवी (40) और विजय (15) के रूप में हुई है। बिहार के समस्तीपुर के मूल निवासी, नीरज (12), बिहार के वैशाली का रहने वाला बच्चा, शांति देवी (40) और पूजा कुमार (8), दोनों बिहार के नवादा से, संगीता मलिक (34) हरियाणा के भिवानी से, पूनम (34), ममता झा (40), रिया सिंह (7), बेबी कुमारी (24) और मनोज (47), सभी दिल्ली के निवासी हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि घटना के समय पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर खड़ी थी और नई दिल्ली-जम्मू उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 15 पर खड़ी थी। भगदड़ की वजह बताते हुए उन्होंने कहा, कुछ लोग सीढ़ियों का इस्तेमाल करके फुटओवर ब्रिज से प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर उतर रहे थे, वे फिसल गए और दूसरों पर गिर गए। सूत्रों ने बताया कि ट्रेनों के प्रस्थान में देरी और हर घंटे 1,500 जनरल टिकटों की बिक्री ने भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी की स्थिति पैदा की होगी।

## विपक्ष ने...

पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रत्यक्षदर्शियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भगदड़ के पीछे ट्रेनों के लिए प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा थी। सिंह ने विभिन्न रेल दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कहा, वे इस बात से इनकार कर रहे हैं कि ऐसी कोई घटना हुई है। सरकार की टालमटोल और असंवेदनशीलता की प्रवृत्ति कब तक जारी रहेगी। सरकार और रेल मंत्री की जिम्मेदारी कब तय होगी। आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि भगदड़ ने सभी को हिलाकर रख दिया है और इसे घोर कुप्रबंधन और भीड़ नियंत्रण उपायों की कमी का एक ज्वलंत उदाहरण बताया। उन्होंने मांग की कि भगदड़ के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेही तय की जानी चाहिए। मौतों पर संवेदना व्यक्त करते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने त्रासदी की जांच के लिए एक स्वतंत्र, न्यायिक निगरानी वाली विशेष जांच टीम की मांग की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भगदड़ में लोगों की मौत पर दुःख व्यक्त किया और लोगों की सुरक्षा के लिए सावधानीपूर्वक योजना और प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। माकपा ने सोशल मीडिया पर कहा कि सरकार को जवाबदेह बनाएं।

## दिल्ली...

यह बैठक पार्टी के दिल्ली प्रदेश कार्यालय में होगी। शपथ ग्रहण समारोह 18 फरवरी को रामलीला मैदान में होगा। इसके लिए 15 विधायकों को अहम मंत्री पदों के लिए चुना गया है। भाजपा ने दिल्ली की 70 में से 48 सीटें जीती हैं। इसके साथ ही राजधानी में आम आदमी पार्टी का शासन खत्म हो गया है। सूत्रों ने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षक का नाम आज रात या कल सुबह घोषित किया जा सकता है, जो नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों से बातचीत करेंगे। पर्यवेक्षक पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करेंगे और उनके और 48 विधायकों के बीच मध्यस्थता करेंगे। हालांकि पार्टी पदाधिकारियों ने अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन पुष्टि की है कि संभावित 14 नामों को केंद्रीय नेतृत्व को भेजा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा के बाद राजधानी लौटने के बाद भाजपा सरकार बनाने की तैयारियों में तेजी आई है। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता नई सरकार के बारे में महत्वपूर्ण फैसलों को अंतिम रूप देंगे, जिसमें एक मुख्यमंत्री, मंत्रिपरिषद और शायद एक या दो उपमुख्यमंत्री शामिल होंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री की घोषणा न होने की चर्चा के बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव की बैठक की अध्यक्षता की। हालांकि, दिल्ली के सीएम चेहरे को लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। अगले नेता को लेकर अटकलों के बढ़ने के साथ, इस फैसले के राजधानी के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक निहितार्थ होने की उम्मीद है। भाजपा की चयन प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है, क्योंकि पार्टी दिल्ली में भविष्य की चुनावी लड़ाइयों से पहले अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। हालांकि पार्टी पदाधिकारियों ने अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन पुष्टि की है कि संभावित 14 नामों को केंद्रीय नेतृत्व को भेजा गया है। इनमें बांसुरी स्वराज, वीरेंद्र सचदेवा, प्रवेश वर्मा, विजेंद्र गुप्ता, मनोज तिवारी, सतीश उपाध्याय और मनजिंदर सिंह सिरसा, रेखा गुप्ता शामिल हैं। नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल को हराने के बाद प्रवेश वर्मा प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री साहब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश इससे पहले दो बार पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट जीत चुके हैं और उन्हें जाट समुदाय का प्रमुख प्रतिनिधि माना जाता है, जिसने भाजपा की चुनावी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज नई दिल्ली से सांसद हैं। वह एक मुखर चेहरा हैं, जिनकी भाजपा में राज्य के साथ-साथ केंद्रीय नेतृत्व में भी मजबूत प्रतिष्ठा है। पेशे से वकील स्वराज संभावित विकल्प हो सकती हैं, क्योंकि उनकी मां भी साहिब सिंह वर्मा के इस्तीफे के बाद 1998 में दिल्ली की सीएम थीं। वीरेंद्र सचदेवा वर्तमान में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं, जिन्हें केंद्रीय नेतृत्व का समर्थन प्राप्त है। एमसीडी चुनाव के बाद सचदेवा को पहले कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया था और बाद में उनकी नियुक्ति को स्थायी कर दिया गया था। उनके नेतृत्व में पार्टी ने 27 साल के अंतराल के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने में सफलता हासिल की है। 2024 के आम चुनावों में, भाजपा ने उनके नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों को हराकर दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा है, लेकिन पार्टी उन पर अपना विश्वास दिखा सकती है। इस घोषणा से संभावित उम्मीदवारों के बारे में व्यापक चर्चाओं पर विराम लग जाएगा, क्योंकि पार्टी के सदस्य और जनता आधिकारिक पुष्टि का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पार्टी के 200 से अधिक सांसद और पूर्व सांसद, सभी एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे और सभी राज्य के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। सूत्रों ने कहा कि पार्टी की नजर दिल्ली के रामलीला मैदान पर है। पिछले हफ्ते नतीजों में भाजपा की शानदार जीत के बाद से शीर्ष पद के लिए कई नाम चर्चा में हैं। दिल्ली में 10 साल से अधिक समय तक शासन करने वाली आप पार्टी को कड़े मुकाबले वाले चुनावों में मात्र 22 सीटें ही मिल सकीं। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए गए।

## यमुना नदी...

और गाद हटाया जाएगा। नजफगढ़ नाले, सप्लीमेंट्री नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। इसी समय, मौजूदा एसटीपी की क्षमता और उत्पादन पर रोजाना निगरानी रखी जाएगी। लगभग 400 एमजीडी सीवर के उपचार की वास्तविक कमी को पूरा करने के लिए नए एसटीपी, डीएसटीपी आदि के निर्माण के संबंध में एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी और उसे चालू किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य लगभग 3 वर्षों में नदी को साफ करना है। कार्य के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों जिनमें डीजेबी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली नगर निगम, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए शामिल हैं। कार्य गति देने के लिए सभी विभागों में समन्वय की आवश्यकता होगी। उपरोक्त कार्यों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर की जाएगी। इसके अलावा, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को शहर में इंडस्ट्री की ओर से नालों में मलबा, गंदा पानी छोड़ने पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। यमुना नदी को पुनर्जीवित करने के अभियान को जनवरी 2023 में तब गति पकड़ी जब राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने एलजी सक्सेना की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। हालांकि, एचएलसी की पांच बैठकों के बाद, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार ने 10 जुलाई, 2023 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से एनजीटी के निर्देशों पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। इसके बाद, यमुना कायाकल्प के कार्य फिर से रुक गए और सीओडी/बीओडी का स्तर जो महीने-दर-महीने आधार पर थोड़ा सुधरने लगा था, इस साल की शुरुआत में प्रदूषण के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ और भी बदतर हो गया। आप प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि वह यमुना को साफ करेंगे। यमुना की सफाई के लिए वर्ष 2025 की समय सीमा को पूरा करने में आप की विफलता चुनाव अभियान के मुख्य विषयों में से एक थी, जिसमें भाजपा नेताओं ने अरविंद केजरीवाल की सरकार पर महत्वपूर्ण मुद्दे की उपेक्षा करने का आरोप लगाया था।

## बढ़ने लगा...

मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार को बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बीच, दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में आ गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 294 था। तीन दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद राजधानी में वायु गुणवत्ता में गिरावट आई है। दिल्ली वालों ने गत शुक्रवार को पिछले चार महीनों में सबसे साफ हवा में सांस ली। जब एक्यूआई 131 दर्ज किया गया। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में एक्यूआई 132 दर्ज किया गया था। सोमवार को वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रहने की संभावना है।

# हिंदू समाज में एकता जरूरी है : आरएसएस प्रमुख

**भाषा।** बर्धमान (पश्चिम बंगाल)



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए इसे देश का जिम्मेदार समुदाय बताया, जो एकता को विविधता का प्रतीक मानता है।बर्धमान के एसएआई ग्राउंड में आरएसएस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, लोग अकसर पूछते हैं कि हम केवल हिंदू समाज पर ही ध्यान क्यों देते हैं, और मेरा जवाब है कि देश का जिम्मेदार समाज हिंदू समाज है। भागवत ने कहा, आज कोई विशेष कार्यक्रम नहीं है। जो लोग संघ के बारे में नहीं जानते, वे अकसर सवाल करते हैं कि संघ क्या चाहता है। अगर मुझे जवाब देना होता, तो मैं कहता कि संघ हिंदू समाज को संगठित करना चाहता है, क्योंकि यह देश का जिम्मेदार समाज है। उन्होंने विश्व कीविविधता को स्वीकार करने के महत्व पर भी जोर दिया। भागवत ने कहा, भारतवर्ष केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं है। इसका आकार समय के साथ बढ़ या घट सकता है। इसकी एक अद्वितीय प्रकृति है। भारत का अपना अंतर्निहित चरित्र है। जिन लोगों को लगा कि वे इस प्रकृति के साथ सामंजस्य में नहीं रह सकते, उन्होंने अपने अलग देश बना लिए। उन्होंने कहा, स्वाभाविक रूप से, जो लोग बचे रहे, वे चाहते थे कि भारत का मूलतत्व बचा रहे। और मूलतत्व क्या है? यह 15 अगस्त, 1947 से भी अधिक पुराना है। यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को अपनाकर फलता-फूलता है। यह प्रकृति दुनिया की विविधताओं को स्वीकार करती है और उनके साथ आगे बढ़ती है। एक शाश्वत सत्य है जो कभी नहीं बदलता। भागवत ने कहा कि हिंदू समाज की नींव विविधता को अपनाने की उसकी क्षमता पर टिकी है, जो वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) के सिद्धांत संस्कृत वाक्यांश में निहित है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, हम कहते हैं विविधता में एकता, लेकिन हिंदू समाज मानता है कि विविधता ही एकता है। उन्होंने कहा, संघ क्या करना चाहता है? अगर इस सवाल का जवाब एक वाक्य में देना है तो संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। हिंदू समाज को एकजुट क्यों करना है? क्योंकि इस देश के लिए जिम्मेदार समाज हिंदू समाज है...भारत की एक प्रकृति है और जिन लोगों ने सोचा कि वे उस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया...हिंदू दुनिया की विविधता को स्वीकार करके आगे बढ़ते हैं...। भागवत ने कहा कि भारत में, कोई भी सम्राटों और महाराजाओं को याद नहीं करता, बल्कि अपने पिता का वचन पूरा करने के उद्देश्य से 14 साल के लिए वनवास जाने वाले राजा (भगवान राम) और उस व्यक्ति (भरत) को याद रखता है जिसने अपने भाई की पादुकाएं सिंहासन पर रख दीं, और वनवास से लौटने पर राज्य उसे सौंप दिया। उन्होंने कहा, ये विशेषताएं भारत को परिभाषित करती हैं। जो लोग इन मूल्यों का पालन करते हैं, वे हिंदू हैं और वे पूरे देश की विविधता को एकजुट रखते हैं। हिंदुओं के बीच एकता की आवश्यकता दोहराते हुए भागवत ने कहा कि अच्छे समय में भी चुनौतियां हमेशा सामने आती रहेंगी। उन्होंने कहा, समस्याओं की प्रकृति क्या है इसके बजाए यह महत्व रखता है कि हम उनका सामना करने के लिए कितने तैयार हैं। पश्चिम बंगाल पुलिस ने पहले रैली आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय से मंजूरी मिलने के बाद रैली आयोजित की गई। सिकंदर के समय से लेकर अब तक हुए ऐतिहासिक आक्रमणों पर भागवत ने कहा कि चंद बर्बर लोगों ने, जो गुणों में श्रेष्ठ नहीं थे, भारत पर शासन किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज के आंतरिक विश्वासघात को जिम्मेदार ठहराया गया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि किसी राष्ट्र की नियति बदलने के लिए सामाजिक भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत का निर्माण अंग्रेजों ने नहीं किया था और भारत के विखंडित होने की धारणा अंग्रेजों ने लोगों के मन में डाली थी। भागवत ने कहा, यहां तक कि महात्मा गांधी ने भी कहा था कि अंग्रेजों ने हमें यह दिखाने की कोशिश की कि उन्होंने भारत का निर्माण किया है, और उन्होंने (गांधी) कहा था कि यह गलत है। भारत सदियों से अस्तित्व में है - विविधतापूर्ण है, फिर भी एकजुट है। इस देश में रहने वाले सभी लोग विविधता में एकता के इस विचार में विश्वास करते हैं। आज, अगर हम इस बारे में बात करते हैं, तो हम पर हिंदुत्व की बात करने का आरोप लगाया जाता है। वर्ष 1925 में आरएसएस की स्थापना के सौ साल पूरे होने पर सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने संगठन की यात्रा और उद्देश्य पर विचार व्यक्त किए। भागवत ने आरएसएस के विशाल आकार का उल्लेख करते हुए कहा, संघ एक बड़ा संगठन है, जिसकी देशभर में लगभग 70,000 शाखाएं हैं। उन्होंने कहा, हमें दुनिया का सबसे बड़ा संगठन कहा जाता है। लेकिन हम क्यों और बड़ा होना चाहते हैं? अपने लिए नहीं। अगर हमारा नामोनिशान नहीं भी होगा तो कोई बात नहीं, लेकिन अगर समाज एकजुट होगा तो इससे देश और दुनिया का भला होगा। उन्होंने दोहराया कि आरएसएस का मुख्य मिशन लोगों को एक साथ लाना है। भागवत ने कहा, आरएसएस का एकमात्र कार्य समाज को एकजुट करना है। उन्होंने लोगों से संगठन से सीधे जुड़ने का आग्रह किया। भागवत ने कहा, मेरी अपील है कि संघ को समझें, उसके करीब आएं। इसके लिए कोई शुल्क नहीं है। सदस्यता की आवश्यकता नहीं है। आप अपनी इच्छा से यहां आ सकते हैं और अगर आपको पसंद नहीं है तो चले जा सकते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि आरएसएस को समझने में समय लगता है, क्योंकि इसका एकमात्र लक्ष्य पूरे हिंदू समाज को एकजुट करके "आत्मीयता" विकसित करना है। भागवत ने लोगों को दूर से राय बनाने के बजाय सीधे संगठन से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कश्मीरी हिन्दुओं की सम्मानजनक वापसी पर मुसलमानों और हिन्दुओं में आम सहमति बनाने की जरूरतः मीरवाइज

श्रीनगर। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने रविवार को घाटी में कश्मीरी हिन्दुओं की सम्मानजनक वापसी पर मुसलमानों और हिन्दुओं के बीच सहमति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। मीरवाइज ने कहा कि बहुसंख्यक समुदाय चाहता है कि कश्मीरी हिन्दू यहां मौजूद समावेशी समाज में लौट आएं। उन्होंने कहा, कुछ आवाजें हैं जो दक्षिण कश्मीर में अपने लिए एक अलग क्लस्टर चाहती हैं... यह स्वीकार्य नहीं है। कश्मीरी हिन्दुओं का एक महत्वपूर्ण वर्ग है जो समावेशी समाज का हिस्सा बनना चाहता है। इसलिए आम सहमति की आवश्यकता है। बडगाम में एक अंतरधार्मिक सम्मेलन के बाद हुर्रियत नेता ने कहा, हमारा मानना है कि कश्मीरी हिन्दुओं का मुद्दा एक मानवीय मामला है। कश्मीरी मुसलमान चाहते हैं कि वे अपने घरों को लौटें और पहले की तरह सद्भाव और शांति से रहें। उन्होंने कहा, लेकिन कश्मीरी हिन्दुओं की घाटी में वापसी के तौर-तरीकों पर दोनों समुदायों के बीच आम सहमति होनी चाहिए। मीरवाइज ने कहा, बहुसंख्यक समुदाय को कश्मीरी हिन्दुओं की सम्मानजनक वापसी के लिए कदमों के तौर-तरीके पर बैठकर चर्चा करनी होगी। हालांकि, कश्मीरी हिन्दुओं को भी उनकी वापसी पर आम सहमति बनानी होगी क्योंकि समुदाय के भीतर कुछ आवाजें हैं जो दरार पैदा करने की कोशिश कर रही हैं।

## उमर को अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने का समर्थन करने से बचना चाहिए : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से कहा कि वह जम्मू कश्मीर विधानसभा के कामकाज के नियम बनाते समय अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने के केंद्र के फैसले का समर्थन करने से बचें। पूर्व मुख्यमंत्री ने चेताया कि इस तरह का कदम भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने के लिए उठाए गए अवैध और असंवैधानिक कदमों को वैध बना देगा। पीडीपी अध्यक्ष ने दावा किया कि केंद्र के निर्णय के पक्ष में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बावजूद, कई कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि संसद सहित किसी भी प्राधिकरण द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हालांकि, भाजपा इन अधिकारों को बहाल नहीं कर सकती है, लेकिन संभावना है कि भारत को एक राष्ट्र के रूप में जल्द या बाद में ऐसा करना होगा। जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा किसी भी तरह का समर्थन इस दावे को कमजोर करेगा और राज्य के दर्जे को कमतर करेगा। हमें अपने तर्कों और विमर्श को जीवित रखना होगा।

## जेनॉक्स का सेल्स में 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

**वाराणसी।** भारत की सबसे युवा और तेज़ी से बढ़ती टीएमटी बार द इंटेलीजेंट स्टील विनिर्माता कंपनी के2 ;ज़ेनॉक्स पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी विस्तार नीति पर तेज़ी से आगे बढ़ रही है। क्षेत्र में अपने इस्पात उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिएए कंपनी ने अगले एक वर्ष के भीतर अपनी टीएमटी बार उत्पादन क्षमता को 10प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कंपनी के पास पहले से ही डीलरों और वितरकों का एक मज़बूत नेटवर्क है। कंपनी अपने विभिन्न कार्यक्रमों . मेसन मीटए बिल्डर मीट और विशेष श्निर्माण के शूरवीर के माध्यम से धीरे-धीरे अपने डीलरों और वितरण नेटवर्क का और अधिक विस्तार करेगा। के2 ज़ेनॉक्स के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि ज़ेनॉक्स एक प्रीमियम उत्पाद है जिसे आधुनिक निर्माण आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया है। इसके उत्पादन ने पहले ही देश भर के कई बाजारों में अपनी महत्वपूर्ण पैठ बना ली है और आगे यह नए बाजारों में विस्तार के लिए अग्रसर है। पूर्वी उत्तर प्रदेश अभूतपूर्व विकास के अवसरों और तेज गति से बुनियादी ढांचे के विकास के साथ आगे बढ़ रहा है और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। अपनी विस्तार रणनीति की घोषणा करते हुए और क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली इनपुट सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करते हुएए हमें अत्यधिक खुशी हो रही है। के2 ज़ेनॉक्सए टीएमटी बार एक प्रीमियम ब्रांड है जो ऐसा अनूठा रिब डिजाइन पेश करता है जो हेक्सागोनल पैटर्न में कॉन्क्रीट के साथ मजबूती से जुड़ जाता है और किसी भी ढांचे के लिए एक पुख्ता बुनियाद व क्वालिटी सुनिश्चित करता है।

## मध्यप्रदेश की नई लॉजिस्टिक्स नीति आपूर्ति दक्षता में सुधार लाएगी और निवेशकों को आकर्षित करेगीः यादव

भोपाल,। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को कहा कि प्रदेश सरकार की नई लॉजिस्टिक्स नीति राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी और आगामी वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (जीआईएस) में निवेशकों को आकर्षित करेगी। इन्वेस्ट मध्य प्रदेश - वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन भोपाल में 24 और 25 फरवरी को निर्धारित है। यादव ने लॉजिस्टिक्स नीति की विभिन्न विशेषताओं जैसे रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी), हरित कार्ड योजना, हरित औद्योगिकीकरण आदि को सूचीबद्ध किया।यादव के अनुसार, हाल ही में शुरू की गई लॉजिस्टिक्स नीति की नवीनताएं लागत को कम करके आपूर्ति दक्षता में सुधार लाएंगी। उन्होंने कहा, नीति का उद्देश्य कुशल, विश्वसनीय और रणनीतिक रूप से टिकाऊ विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचा विकसित करना है ताकि 2030 तक लागत को वैश्विक मानकों तक कम किया जा सके। यादव ने कहा कि यह नीति मप्र को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए आकर्षक गंतव्य बनाएगी। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश लॉजिस्टिक्स नीति-2025 समग्र आर्थिक वृद्धि की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी। यह आने वाले वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उन्होंने कहा, "ई-डिलीवरी ऑर्डर पीसीएस वन प्रणाली से शुरू किए जाएंगे, जिससे लॉजिस्टिक्स प्रक्रियाएं अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी हो जाएंगी" यादव ने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के लिए समर्पित प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।उन्होंने कहा कि रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) जैसे प्रौद्योगिकी नवाचारों से सुरक्षा बढ़ेगी और माल की आवाजाही में तेजी आएगी।इसके अलावा, उन्होंने कहा कि यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म को शामिल करने से लॉजिस्टिक्स आपूर्ति शृंखला में जानकारी का आदान-प्रदान सरल और तेज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नीति में हरित कार्ड योजना भी शामिल है, जो उन लॉजिस्टिक्स संचालकों को त्वरित स्वीकृति प्रदान करती है जो हरित परिवहन को अपनाते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतर्देशीय और अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स परिवहन के लिए उपयुक्त बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए 20 से अधिक माल ढुलाई टर्मिनल विकसित कर रही है।

## मणिपुर में दो दिन में 11 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षाबलों ने पिछले दो दिन में 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कुकी नेशनल आर्मी (केएनए) के सात संदिग्ध काडर भी शामिल हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि केएनए काडर को शुक्रवार को चुराचांदपुर जिले के पुराने खाउकुअल इलाके से गिरफ्तार किया गया। केएनए उस समझौते का हस्ताक्षरकर्ता है, जिस पर 2008 में यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) और कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ), केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा मणिपुर सरकार ने हस्ताक्षर किए थे। मणिपुर सरकार मार्च 2023 में इस समझौते से हट गई थी। पुलिस ने बताया कि शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले के हुइकाप गांव में एक अन्य अभियान में प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी समूह) के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर रविवार को हल्की गोलीबारी हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुलपुर सेक्टर में पूर्वाह्व करीब साढ़े 11 बजे एलओसी के पार जंगली इलाके से भारतीय सेना की चौकी पर गोलीबारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी कार्वाई की और गोलीबारी थोड़ी देर में रुक गई। उन्होंने बताया कि भारतीय पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी के पीछे पाकिस्तानी सेना का हाथ है या फिर जंगल में छिपे आतंकवादी थे, जो मौके की तलाश में भारत में घुसने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह सीमा पार से कुछ घटनाएं हुईं, जिसमें एक आईईडी विस्फोट भी शामिल है।

## ओडिशा में एक सड़क दुर्घटना में डीएसपी समेत दो लोगों की मौत

जाजपुर। ओडिशा के जाजपुर जिले में तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को रविवार को टक्कर मार दी जिससे वाहन में मौजूद एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पानीकोइली पुलिस सीमा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 215 पर रविवार दोपहर को यह दुर्घटना हुई थी। मृतक पुलिस अधिकारी की पहचान बलराम नायक के रूप में हुई है और वह जाजपुर जिला पुलिस मुख्यालय, पानीकोइली में डीएसपी के रूप में कार्यरत थे। वहीं, दूसरे मृतक की पहचान पूर्ण चंद्र नायक के रूप में हुई है। वह डीएसपी के रिश्तेदार थे। खबर के अनुसार, डीएसपी अपने रिश्तेदार के साथ क्योंझर जिले के घाटगांव स्थित अपने पैतृक स्थान से पानीकोइली की ओर लौट रहे थे तभी कृपालु राइस मिल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी।स्थानीय लोगों ने दोनों को बचाया और गंभीर हालत में जाजपुर स्थित महाराज जजाति केशरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजेकेएमसीएच) में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## मवेशी व्यापारी ने संदिग्ध गौरक्षकों पर हमला करने का लगाया आरोप, पुलिस ने मामला दर्ज किया

जालना। महाराष्ट्र के जालना जिले में एक मवेशी व्यापारी द्वारा संदिग्ध गौरक्षकों पर हमला किए जाने का आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मवेशी व्यापारी ने दावा किया है कि चार संदिग्ध गौरक्षकों ने उस पर मवेशियों को वध के लिए ले जाने का आरोप लगाते हुए हमला किया।अधिकारी ने बताया कि देउलगांव राजा शहर में बाजार से लौटते समय जांबाज कुरैशी पर कथित रूप से हमला करने को लेकर तहसील पुलिस ने शनिवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।पुलिस में दी शिकायत में कुरैशी ने आरोप लगाया कि बजरंग दल के साथ कथित रूप से जुड़े चार लोगों ने मवेशियों को वध के लिए ले जाने का आरोप लगाते हुए उसे (कुरैशी को) रोक लिया। प्राथमिकी के अनुसार आरोपियों ने बुरी तरह पीटकर उसे घायल कर दिया और फिर वे मौके से फरार हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## केरल में लोग माकपा को अलविदा कह देंगे : त्रिपुरा भाजपा प्रमुख

अगरतला। भारतीय जनता पार्टी की त्रिपुरा इकाई के अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य ने रविवार को कहा कि केरल में सत्तारूढ़ माकपा को अलविदा कह दिया जाएगा, जहां उनकी पार्टी मजबूत हो रही है।भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल एवं त्रिपुरा से लोगों ने पहले ही माकपा को निर्वासित कर दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पर पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा केरल में मजबूत हो रही है। हमें पूरा विश्वास है कि जल्द ही केरल से माकपा की विदाई हो जाएगी" भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्रीय बजट में समाज के सभी वर्गों (किसानों, गरीबों, मध्यम वर्ग, युवाओं और महिलाओं) के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर उचित ध्यान दिया है, जिसे कांग्रेस शासन के दौरान बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया गया था।

## हत्या के मामले में वांछित, अमेरिका से निर्वासित दो लोगों को अमृतसर पहुंचने पर गिरफ्तार किया गया

**पटियाला (पंजाब)।** अमेरिका द्वारा निर्वासित कर शनिवार रात सी-17 विमान से अमृतसर हवाई अड्डे भेजे गए 116 अवैध भारतीय प्रवासियों में शामिल पटियाला जिले के राजपुरा के दो युवकों को हत्या के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह ने अमृतसर हवाई अड्डे से आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी संदीप सिंह उर्फ सनी और प्रदीप सिंह 2023 में दर्ज किए गए हत्या के एक मामले में वांछित थे। संदीप और चार अन्य के खिलाफ जून 2023 में राजपुरा में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान संदीप के एक अन्य साथी प्रदीप का नाम प्राथमिकी में जोड़ा गया था। दोनों को गिरफ्तार करने के लिए राजपुरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम शनिवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर भेजी गई थी। अमेरिका से 116 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। विमान रात 10 बजे के अपेक्षित समय के बजाय रात 11 बजकर 35 मिनट पर हवाई अड्डे पर उतरा।

## अंतरधार्मिक विवाह में कुछ गलत नहीं, धोखाधड़ी से होने वाले विवाहों को रोकने की जरूरतः फडणवीस

**भाषा।** नागपुर

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि अंतरधार्मिक विवाह में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन धोखाधड़ी और गलत पहचान के जरिए होने वाले वैवाहिक संबंधों के खिलाफ कदम उठाए जाने की जरूरत है। फडणवीस ने यहां पत्रकारों से कहा कि उच्चतम न्यायालय और केरल उच्च न्यायालय ने "लव जिहाद" की वास्तविकता के बारे में टिप्पणियां की हैं। फडणवीस राज्य सरकार द्वारा जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद के मामलों के खिलाफ एक नए कानून के कानूनी पहलुओं का अध्ययन करने के लिए एक समिति गठित करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।लव जिहाद एक शब्द है, जिसका इस्तेमाल दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं और संगठनों द्वारा मुस्लिम पुरुषों पर विवाह के माध्यम से हिंदू महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तित करने की साजिश का आरोप लगाने के लिए किया जाता है। यह वास्तविकता है और महाराष्ट्र में धोखे से शादी कर लेने और फिर बच्चे पैदा होने के बाद छोड़ दिए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरधार्मिक विवाह में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन फर्जी पहचान और धोखाधड़ी के मामले गंभीर हैं और इन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। राज्य सरकार ने एक सरकारी संकल्प (जीआर) जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अध्यक्षता वाली एक समिति लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण की शिकायतों से निपटने के तरीके सुझाएगी।यह समिति कानूनी पहलुओं और अन्य राज्यों में बनाए गए कानूनों पर भी विचार करेगी तथा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कानून की सिफारिश करेगी।

## लालू प्रसाद ने महाकुंभ को अर्थहीन बताकर विवाद खड़ा किया

**भाषा।** पटना



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने रविवार को विवादित बयान देते हुए महाकुंभ को अर्थहीन करार दिया और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ से हुई लोगों की मौत के लिए रेलवे को जिम्मेदार ठहराया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस भगदड़ में मरने वाले बिहार के लोगों और घायलों की सही संख्या के बारे में विस्तृत जानकारी का इंतजार है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने इस घटना को लेकर केंद्र की राजग सरकार पर निशाना साधा और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस्तीफे की मांग की। पटना में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए लालू ने कहा, बहुत दुखद घटना घटी है... हम सब लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह रेलवे की गलती है। रेलवे के कुप्रबंधन और लापरवाही की वजह से इतने लोगों की मौत हुई है। इस घटना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। महाकुंभ को लेकर बढ़ती भीड़ के बारे में पूछे जाने पर राजद प्रमुख ने कहा, अरे ए सब कुंभ का क्या कोई मतलब है, फालतू है कुंभ। लालू की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार भाजपा के प्रवक्ता मनोज शर्मा ने पीटीआई-भाषा से कहा, राजद प्रमुख अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण ऐसी टिप्पणियां कर रहे हैं। राजद नेताओं ने हमेशा हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का अपमान किया है। राजद प्रमुख का महाकुंभ को अर्थहीन बताने वाला ताजा बयान हिंदू धर्म के प्रति पार्टी की मानसिकता को उजागर करता है। वे (राजद) श्रावण मास में मांसाहारी भोजन करके सनातन धर्म के नियमों की अवहेलना करते हैं।

## थरूर ने केरल के विकास से संबंधित अपने आलेख का बचाव किया

### यूडीएफ ने की थी आलोचना

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**कांग्रेस** नेता एवं सांसद शशि थरूर ने राजनीतिक विवाद की वजह बने अपने एक हालिया आलेख का बचाव करते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि उन्होंने पूर्ववर्ती संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सरकार के दौरान हुई औद्योगिक प्रगति का उल्लेख जानबूझकर नहीं किया। थरूर ने देर रात मलयाली में फेसबुक पर लिखा, मेरे आलेख में मुख्य रूप से मौजूदा उद्योग मंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़े पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जिन्होंने कहा था कि माकपा (मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी) की सामान्य नीति औद्योगिक निवेश के अनुकूल नहीं रही है और इसमें बदलाव हुए हैं। थरूर ने यह स्पष्टीकरण एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित उनके आलेख से शुरू हुए राजनीतिक विवाद के जवाब में दिया। आलेख में उन्होंने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार के दौरान केरल में उद्यमशीलता के विकास की प्रशंसा की थी। थरूर की पार्टी ने उनके दावों के आधार पर सवाल उठाए, हालांकि माकपा ने आलेख की सराहना की। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने थरूर की कड़ी आलोचना करते हुए उन पर राज्य में यूडीएफ के कार्यकाल के दौरान औद्योगिक क्षेत्र की उपलब्धियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। थरूर ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि कुछ लोगों का कहना है कि उनके आलेख में पिछली ओमन चांडी सरकार के दौरान की गई प्रौद्योगिकीय प्रगति का उल्लेख नहीं किया गया है।

## अमेरिका से 116 निर्वासितों के दूसरे जत्थे को लेकर अमृतसर पहुंचा विमान

**भाषा।** अमृतसर



**अमेरिका** से 116 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विमान रात 10 बजे के अपेक्षित समय के बजाय रात 11 बजकर 35 मिनट पर हवाई अड्डे पर उतरा। यह अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा पांच फरवरी के बाद निर्वासित किया गया भारतीयों का दूसरा जत्था है। यह तत्काल पता नहीं चल पाया कि निर्वासित लोगों को पहले जत्थे की तरह बेड़ियां पहनाई गई थीं या नहीं।इनमें पंजाब से संबंध रखने वाले लोगों को आव्रजन संबंधी और पृष्ठभूमि की जांच के बाद रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे पुलिस की गाड़ियों में उनके घर पहुंचाया गया। हरियाणा सरकार ने भी राज्य से निर्वासित लोगों के लिए परिवहन की व्यवस्था की।अवैध प्रवासियों के पहले जत्थे को पांच फरवरी को निर्वासित किया गया था। इनमें से अधिकतर लोग पंजाब के थे। कई लोगों ने कहा था कि वे अपने परिवारों के लिए बेहतर जीवन की खातिर अमेरिका जाना चाहते थे लेकिन उनके एजेंट ने उन्हें धोखा दिया। हालांकि, उनके सपने तब टूट गए जब उन्हें अमेरिकी सीमा पर पकड़ लिया गया और बेड़ियों में जकड़कर वापस भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, दूसरे जत्थे में निर्वासित लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से आठ, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से दो-दो तथा हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल है। सूत्रों के अनुसार, अधिकतर निर्वासित लोग 18 से 30 वर्ष की आयु के हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 157 निर्वासितों को लेकर तीसरे विमान के 16 फरवरी को भारत पहुंचने की संभावना है। इससे पहले, पांच फरवरी को 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था। इनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से थे, जबकि 30 पंजाब से थे। निर्वासित लोगों के परिजनों ने बताया कि उन्होंने कृषि भूमि और मवेशियों को गिरवी रखकर धन जुटाया ताकि उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए विदेश भेजा जा सके। निर्वासित गुरजिंदर सिंह (27) के एक रिश्तेदार ने संवाददाताओं को बताया कि उनके परिवार ने उसे विदेश भेजने के लिए एक एकड़ जमीन बेची और करीब 50-55 लाख रुपए खर्च किए। गुरजिंदर के रिश्तेदार ने कहा, ट्रैवल एजेंट ने उसे कानूनी तरीके से भेजने का वादा किया था, लेकिन बाद में वह उसे डंकी (अवैध) मार्ग से ले गया। होशियारपुर जिले के टांडा क्षेत्र के कुराला कलां गांव निवासी दलजीत सिंह के परिवार ने कहा कि एक ट्रैवल एजेंट ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। दलजीत की पत्नी कमलप्रीत कौर ने आरोप लगाया कि उनके पति को ट्रैवल एजेंट ने धोखा दिया, जिसने उन्हें अमेरिका के लिए सीधी उड़ान का वादा किया था, लेकिन इसके बजाय उन्हें अवैध तरीके से ले गया। पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और बिजली मंत्री हरभजन सिंह ने हवाई अड्डे पर कुछ निर्वासितों से मुलाकात की। धालीवाल ने उनसे कहा कि राज्य सरकार चट्टान की तरह उनके साथ खड़ी है। उन्होंने उनसे हिम्मत न हारने को कहा। निर्वासितों में से एक व्यक्ति ने धालीवाल को बताया कि उसने और उसके रिश्ते के भाई ने अमेरिका पहुंचने के लिए 40-40 लाख रुपए खर्च किए। दोनों पंजाब के गुरदासपुर जिले के कलानौर के पास एक गांव के रहने वाले हैं। धालीवाल ने कहा कि सरकार युवाओं को ठगने वाले ट्रैवल एजेंट को सलाखों के पीछे भेजेगी और उन्होंने निर्वासितों से आगे आकर अपनी शिकायत दर्ज कराने का आग्रह किया।उन्होंने पड़ोसी राज्य हरियाणा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी उसने निर्वासित लोगों के लिए कैदियों को ले जाने में इस्तेमाल की जाने वाली दो बस भेजीं। धालीवाल ने कहा, मैं परिवहन मंत्री अनिल विज से अनुरोध करता हूं कि उन्हें कैदियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली बस नहीं भेजनी चाहिए। इसके अलावा, हरियाणा सरकार का कोई भी मंत्री निर्वासित लोगों को लेने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा, हमारे पवित्र शहर को निर्वासन केंद्र न बनाएं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी हवाई अड्डे पहुंचे। मान ने कहा कि उनकी सरकार ने पंजाब के निवासियों को उनके गृहनगरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके प्रशासन ने हरियाणा से निर्वासित लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की भी पेशकश की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से निर्वासित किए गए अन्य राज्यों के लोग रविवार सुबह विमान से अमृतसर से दिल्ली पहुंचेंगे और फिर उन्हें उनके घरों तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

# भारत ने ओमान ने व्यापार, निवेश व ऊर्जा सहयोग पर की चर्चा

भाषा। मस्कट



**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने रविवार को ओमान के अपने समकक्ष बद्र अलबुसैदी के साथ व्यापार, निवेश और ऊर्जा सुरक्षा में द्विपक्षीय सहयोग पर व्यापक चर्चा की। जयशंकर आठवें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे हैं। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से मिलकर बहुत खुशी हुई। (मैं) आठवें हिंद महासागर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने में उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना करता हूं। उन्होंने लिखा, व्यापार, निवेश और ऊर्जा पर परस्पर सहयोग पर हमने व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने राजनयिक संबंधों की 70 वीं वर्षगांठ पर संयुक्त रूप से प्रतीक चिह्न जारी किया। उन्होंने मांडवी टू मस्कट: इंडियन कम्युनिटी एंड शेयर्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया एंड ओमान नामक एक पुस्तक का भी संयुक्त रूप से विमोचन किया। बाद में जयशंकर ने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से भी भेंट की। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज दोपहर ईरान के विदेश मंत्री अराघची से मिलकर खुशी हुई। (हमने) द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्र में विकास के बारे में बात की। जयशंकर ने ब्रुनेई के विदेश मंत्री दातो एरीवान पेहिन यूसुफ के साथ भी गर्मजोशी से भेंटवार्ता की। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज सुबह ब्रुनेई के विदेश मंत्री दातो एरीवान पेहिन यूसुफ के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। (हमने) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सितंबर 2024 की ब्रुनेई यात्रा के परिणामों पर चर्चा की। क्षेत्र पर उनकी अंतदृष्टि और भारत-आसियान साझेदारी के लिए उनके समर्थन की मैं सराहना करता हूं। जयशंकर ने अपने भूटानी समकक्ष डी एन धुंग्एल से मुलाकात की और द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के बारे में बातचीत की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, आज मस्कट में भूटान के विदेश मंत्री डी एन धुंग्एल से बात करके खुशी हुई। हमारी चर्चा हमारे द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने पर केंद्रित थी। हमने अनूठी और समय की कसौटी पर खरी उतरी आपसी साझेदारी की गतिशीलता को रेखांकित किया। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन के इतर श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से भी मुलाकात की। सम्मेलन में जयशंकर ने हिंद महासागर को "वैश्विक जीवन रेखा" बताते हुए क्षेत्र के देशों से इसके विकास, संपर्क, समुद्री और सुरक्षा संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक-दूसरे का ख्याल रखने, अपनी ताकत को बढ़ाने और अपनी नीतियों का समन्वय करने की अपील की।

## जयशंकर ने हिंद महासागर क्षेत्र के विकास के लिए आह्वान किया

मस्कट। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि हिंद महासागर असल में वैश्विक जीवन रेखा है और क्षेत्र के विकास एवं सुरक्षा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने समन्वित प्रयास करने की अपील की। जयशंकर ने मस्कट में आठवें हिंद महासागर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया, जिसका विषय था समुद्री साझेदारी के नए क्षितिज की यात्रा। उन्होने कहा, हिंद महासागर वास्तव में वैश्विक जीवन रेखा है। इसका उत्पादन, उपभोग, योगदान और कनेक्टिविटी वर्तमान विश्व के संचालन के तरीके के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम इतिहास, भूगोल, विकास, राजनीति या संस्कृति के संदर्भ में एक विविध समूह हैं। लेकिन जो चीज हमें एकजुट करती है, वह है हिंद महासागर क्षेत्र के कल्याण के लिए एक समान प्रतिबद्धता। जयशंकर ने कहा, अस्थिर और अनिश्चित युग में, हम स्थिरता और सुरक्षा को आधार मानते हैं। लेकिन इसके अलावा, महत्वाकांक्षाएं और आकांक्षाएं हैं जिन्हें हम प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। जब हम एक-दूसरे का ध्यान रखेंगे, अपनी ताकतों को बढ़ाएंगे और अपनी नीतियों में समन्वय करेंगे, तो उन्हें प्राप्त करना आसान हो जाएगा। जयशंकर ने कहा कि वर्तमान में वैश्विक मामलों में काफी उथल-पुथल हो रही है। जयशंकर ने कहा, महासागर के दोनों छोर पर यह उथल-पुथल आज अपने चरम पर है। पश्चिम एशिया में एक गंभीर संघर्ष चल रहा है, जिसके और अधिक बढ़ने और जटिल होने की संभावना है। विदेश मंत्री ने कहा कि दूसरी ओर, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अत्यधिक तनाव और जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता देखी जा रही है। जयशंकर ने कहा कि ग्लोबल साउथ के अन्य हिस्सों की तरह, हिंद महासागर के देशों को भी संसाधनों की कमी और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक अन्य साझा मुद्दा औपनिवेशिक युग के दशकों के व्यवधान के बाद क्षेत्र में कनेक्टिविटी का पुनर्निर्माण करना है।

# जयशंकर व सार ने की इजराइल को भारत, यूरोप, अमेरिका से जोड़ने के ट्रंप के दृष्टिकोण पर की बात

भाषा। यरूशलम

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से जर्मनी में मुलाकात की और पश्चिम एशिया के हालात तथा इजराइल के माध्यम से एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दृष्टिकोण सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। जयशंकर और सार ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की, जो सुरक्षा-कूटनीतिक मामलों पर चर्चा करने के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच है।विदेश मंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, एमएससी 2025 के मौके पर इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से मिलकर खुशी हुई। पश्चिम एशिया की मौजूदा हालात पर विचार-विमर्श किया। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती और महत्व को रेखांकित किया। इजराइली विदेश मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सार ने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक महत्व देता है। बयान में कहा गया कि उन्होंने इजराइल के माध्यम से एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने के ट्रंप के दृष्टिकोण पर चर्चा की। दरअसल, ट्रंप ने वाशिंगटन में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि अमेरिका और भारत इतिहास के सबसे अच्छे व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा था, यह मार्ग भारत से इजराइल, इटली और फिर अमेरिका तक जाएगा तथा हमारे साझेदारों को बंदरगाहों, रेलमार्गों और समुद्र के नीचे बिछाई गई केबलों से जोड़ेगा। यह एक बड़ा घटनाक्रम है। पश्चिम एशिया के जरिए भारत को यूरोप तक जोड़ने के लिए एक परियोजना मौजूद है। इस परियोजना की घोषणा नई दिल्ली में 2023 जी20 शिखर सम्मेलन में की गई थी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तब इसे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना बताया था और कहा था कि यह पश्चिम एशिया, इजराइल की सूरत बदल देगी तथा पूरे विश्व को

# आईएसआईएल भारत में बड़े पैमाने पर हमले करने में असमर्थ : संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**आतंकी समूह** इस्लामिक स्टेट भारत में बड़े पैमाने पर हमले करने में असमर्थ रहा, लेकिन इसके आकाओं ने देश में स्थित समर्थकों के माध्यम से लोन ऐक्टर हमलों को अंजाम देने का प्रयास किया। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। लोन ऐक्टर हमले विचारधारा से प्रेरित हिंसा की घटनाएं होती है, जिसे ऐसे व्यक्तियों द्वारा अंजाम दिया जाता है, जो संगठित आतंकवादी समूहों का हिस्सा नहीं होते हैं या दूसरों के प्रत्यक्ष आदेशों का पालन नहीं करते हैं। आईएसआईएल (दाएश), अलकायदा और संबद्ध व्यक्तियों और संगठनों के संबंध में विश्लेषणात्मक सहायता एवं प्रतिबंध निगरानी दल की 35वीं रिपोर्ट के अनुसार, ए आतंकवादी समूह और सहयोगी संगठन बाहरी आतंकवाद-रोधी दबाव के कारण स्थिति को ध्यान में रखकर साजिशें रच रहे हैं। आईएसआईएल-के (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट) एक आतंकवादी समूह है, जिसका लक्ष्य पश्चिम एशिया में खिलाफत स्थापित करना है। इस आतंकी संगठन को इस्लामिक स्टेट और दाएश के नाम से भी जाना जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, आईएसआईएल (दाएश) भारत में बड़े पैमाने पर हमले करने में असमर्थ रहा है। हालांकि, इसके आकाओं ने भारत में स्थित समर्थकों के माध्यम से लोन ऐक्टर हमले को भड़काने की कोशिश की। आईएसआईएल (दाएश) समर्थित अल-जौहर मीडिया ने अपने प्रकाशन सेरात उल-हक के माध्यम से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करना जारी रखा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अफगानिस्तान में लगभग दो दर्जन से अधिक आतंकवादी समूह सक्रिय हैं, तथा संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों का मानना है कि इस देश से उत्पन्न सुरक्षा खतरे से क्षेत्र और उसके बाहर अस्थिरता की स्थिति बनी रहेगी।

# मस्क नीत अमेरिकी विभाग ने भारत सहित कई देशों को अनुदान में कटौतियों का ऐलान किया

भाषा। न्यूयॉर्क



**अरबपति एलन** मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकार कार्यदक्षता विभाग ने भारत में चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए किए जाने वाले 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन सहित व्यय में कई कटौतियों की घोषणा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने मस्क को नए सरकारी कार्यदक्षता विभाग का प्रमुख चुना था। शासन में सुधार और फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के लिए विभाग ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में इस कटौती की घोषणा की। विभाग ने कहा, अमेरिकी करदाताओं के पैसे निम्नलिखित मदों पर खर्च किए जाने वाले थे, जिनमें से सभी को रद्द कर दिया गया है...। सूची में चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए समूह को 48.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल था, जिसमें मोल्दोवा में समावेशी और भागीदारीपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया के लिए 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर और भारत में चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर शामिल थे। पोस्ट में वित्त पोषण के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के कुछ दिनों बाद हुआ है, जिस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ-साथ मस्क से भी बातचीत की थी। स्पेसएक्स के सीईओ ने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। दोनों ने अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्र में अवसरों पर चर्चा की थी। अपने पोस्ट में, विभाग ने बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन, साथ ही नेपाल में राजकोषीय संघवाद के लिए 2 करोड़ अमेरिकी डॉलर और वहां जैव विविधता संरक्षण के लिए 1.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन को भी रद्द कर दिया। इसने "मोजाम्बिक स्वैच्छिक चिकित्सा पुरुष खतनौ के लिए एक करोड़ अमेरिकी डॉलर के अनुदान में कटौती, "कंबोडिया में स्वतंत्र आवाज को मज़बूत करनै के लिए 23 लाख अमेरिकी डॉलर, प्राग सिविल सोसाइटी सेंटर को 3 करोड़ 20 लाख अमेरिकी डॉलर, "लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण केंद्रै के लिए चार करोड़ अमेरिकी डॉलर और सर्बिया में "सार्वजनिक खरीद में सुधारै के लिए 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर के साथ-साथ अन्य व्यय में कटौती की घोषणा की। इसमें "एशिया में सीखने के परिणामों में सुधारै के लिए 4.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर भी शामिल हैं।

# पाकिस्तान में दो सड़क दुर्घटनाओं में 16 की मौत, 45 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 16 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहली दुर्घटना शनिवार को सिंध के शहीद बेनजीराबाद जिले के काजी अहमद कस्बे के निकट हुई। इस हादसे में एक वैन और ट्रेलर के बीच टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। काजी अहमद के थाना प्रभारी (एसएचओ) वसीम मिर्जा ने कहा कि वैन जामशोरो जिले के सेहवान शहर में धर्म स्थल लाल शाहबाज कलंदर की ओर जा रही थी। पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि तेज रफ्तार वैन ने पहले एक गधा गाड़ी को टक्कर मारी उसके बाद विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर से उसकी भीषण टक्कर हो गई। एक अन्य सड़क दुर्घटना में प्रांत के खैरपुर जिले के रानीपुर के पास 11 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना तब हुई जब बुरेवाला से आ रही एक बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक रिक्शा से टकरा गई।

## इस्लामी आतंकवाद से प्रेरित था चाकू से जानलेवा हमला करने वाला संदिग्ध

वियना। ऑस्ट्रिया के अधिकारियों का कहना है कि दिनदहाड़े राहगीरों पर चाकू से हमला करने का आरोपी इस्लामी आतंकवाद से प्रेरित था। इस घटना में 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए थे। हमले के संदिग्ध 23 वर्षीय सीरियाई व्यक्ति को शनिवार को दक्षिणी शहर विलाच में हमले के बाद गिरफ्तार किया गया था। गृह मंत्री गेरहार्ड कार्नर ने रविवार को कहा कि उन्हें इस शहर में निर्दोष लोगों पर चाकू से अंधाधुंध हमला करने वाले एक इस्लामी हमलावर के प्रति गुस्सा है। कार्नर ने विलाच में संवाददाताओं से कहा कि हमलावर का आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध था और वह ऑनलाइन सामग्री के जरिए बहुत ही कम समय में कट्टरपंथ की तरफ बढ़ा। गवर्नर पीटर कैसर ने 42 वर्षीय एक सीरियाई व्यक्ति का आभार व्यक्त किया, जो एक खाद्य वितरण कंपनी के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि इस सीरियाई व्यक्ति ने संदिग्ध की ओर गाड़ी चलाई तथा स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद की। गवर्नर ने कहा, यह दर्शाता है कि आतंकवाद की बुराई के साथ-साथ मानवीय अच्छाई भी एक ही राष्ट्रीयता में कितनी निकटता से जुड़ी हुई है।

# अमेरिका को यूक्रेन के दुर्लभ खनिजों तक पहुंच देने से जेलेंस्की का इनकार

भाषा। म्यूनिख



**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने अपने मंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे यूक्रेन के दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित समझौते पर हस्ताक्षर न करें, क्योंकि यह प्रस्ताव अमेरिकी हितों पर अत्यधिक केंद्रित है। वार्ता से परिचित एक वर्तमान और एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ जेलेंस्की की वार्ता के केंद्र में यही प्रस्ताव था। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने समझौते को अस्वीकार करने के जेलेंस्की के निर्णय को फिलहाल के लिए अदूरदर्शी बताया। जेलेंस्की ने शनिवार को म्यूनिख में एसोसिएटेड प्रेस से कहा, मैंने मंत्रियों को संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करने का निर्देश दिया क्योंकि मेरे विचार में यह हमारी, हमारे हितों की रक्षा करने के लिए नहीं है। यूक्रेन के वर्तमान और पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि प्रस्ताव में इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि अमेरिका बाइडन प्रशासन द्वारा यूक्रेन को दी गई सहायता के बदले मुआवजे के रूप में और भविष्य की सहायता के भुगतान के रूप में कीव के दुर्लभ खनिजों का किस तरह उपयोग कर सकता है। यूक्रेन में महत्वपूर्ण खनिजों के विशाल भंडार हैं जिनका उपयोग एयरोस्पेस, रक्षा और परमाणु उद्योगों में किया जाता है। ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया है कि चीन पर निर्भरता कम करने के लिए यूक्रेन के खनिजों में उसकी रुचि है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने स्पष्ट रूप से इस प्रस्ताव के बारे में कुछ नहीं बताया, लेकिन एक बयान में कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा यूक्रेन को दिए गए उत्कृष्ट अवसर के बारे में राष्ट्रपति जेलेंस्की का रुख अदूरदर्शी है।

# माली में सोने की खदान ढहने से 42 लोगों की मौत, कई अन्य लोग घायल

भाषा। बामाको

**माली के** पूर्वी इलाके में सोने की एक खदान ढहने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। मालियन टेलीविजन और केनीबा जिले के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।यह दुर्घटना केनीबा जिले में हुई। यह इस साल फ्रेंच भाषी पश्चिमी अफ्रीकी देश में दूसरी बड़ी दुर्घटना है। माली, अफ्रीका के शीर्ष तीन सोने के उत्पादकों में से एक है। मालियन टेलीविजन ने शनिवार देर रात दबिया के बिलाली कोटो में खदान ढहने की घोषणा की, जिसमें 42 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।केनीबा के राज्याधिकारी ने घटना की पुष्टि की।मोहम्मद डिको ने रविवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया, 42 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। समुदाय के नेता फलाए सिसोको ने कहा, यह दुर्घटना कल (शनिवार को) हुई। यह चीनी नागरिकों द्वारा संचालित जगह पर हुआ भूस्खलन था। डिको ने बताया कि अधिकारी अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि खदान कानूनी थी या गैर कानूनी।माली में एक महीने से भी कम समय में इस तरह की यह दूसरी घटना है। 29 जनवरी को कोउलिकोरो क्षेत्र में हुए भूस्खलन के कारण कई खनिकों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं।

## हमास का सफाया किया जाना चाहिए, गाजा में अस्थिर युद्धविराम पर संदेह और बढ़ा: रुबियो

यरुशलम। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को गाजा पट्टी में इजराइल के युद्ध उद्देश्यों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि हमास को खत्म किया जाना चाहिए क्योंकि इसने अस्थिर युद्धविराम के भविष्य पर संदेह खड़ा कर दिया है। रुबियो ने क्षेत्रीय दौरे की शुरुआत में यरुशलम में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की, जहां उन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी को स्थानांतरित करने और अमेरिकी स्वामित्व के तहत इसे पुनर्विकसित करने के प्रस्ताव पर अरब नेताओं से प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है।नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि गाजा के भविष्य के लिए उनके व ट्रंप के पास एक साझा रणनीति है।नेतन्याहू ने ट्रंप की बात दोहराते हुए कहा कि अगर हमास सात अक्टूबर 2023 को किए हमले में अपहृत दर्जनों बंधकों को रिहा नहीं करता है, तो नरक के द्वार खुल जाएंगे।इजराइल के प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी युद्धविराम के पहले चरण के समाप्त होने से ठीक दो सप्ताह पहले आई है।दूसरे चरण पर हालांकि अब तक बातचीत नहीं हुई है, जिसमें हमास को अधिक फलस्तीनी कैदियों के बदले में दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करना है।रुबियो ने कहा कि हमास सैन्य या सरकारी बल के रूप में मौजूद नहीं रह सकता। रुबियो ने कहा, जब तक यह (हमास) शासन-प्रशासन के रूप में एक ताकत बनकर खड़ा है तब तक शांति असंभव है। इसे मिटा दिया जाना चाहिए। इस तरह की भाषा हमास के साथ बातचीत जारी रखने के प्रयासों को जटिल बना सकती है, जो युद्ध में भारी नुकसान उठाने के बावजूद कायम है और गाजा पर इसका नियंत्रण बरकरार है।इस बीच इजराइली सेना ने बताया कि उसने रविवार तड़के दक्षिणी गाजा में उसकी सेना के पास आने वाले लोगों पर हवाई हमला किया।

## संयुक्त राष्ट्र के लिए हिंदी अत्यंत महत्वपूर्ण : शीर्ष अधिकारी

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली हिंदी इस वैश्विक संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने बृहस्पतिवार को अपने परिसर में बहुभाषावाद और विदेशों में हिंदी का प्रचार थीम पर आधारित विश्व हिंदी दिवस मनाया। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि भारत का समाज बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक ताने-बाने से बना है। वह इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई थी। मिशन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ठाकुर ने बताया कि हिंदी को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए कई पहल की जा रही है और संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी महत्ता को स्वीकार किए जाने से यह एक वैश्विक भाषा बनेगी। संयुक्त राष्ट्र में ग्लोबल कम्युनिकेशंस की अवर महासचिव मेलिसा फ्लेमिंग ने कहा कि हिंदी 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाती है और यह संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी. हरीश ने बताया कि हिंदी को अब संयुक्त राष्ट्र की अनौपचारिक भाषाओं की सूची में जोड़ा गया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक समाचार सेवा यूएन न्यूज में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए लगभग 70 लाख डॉलर का योगदान दिया है। कार्यक्रम में कई प्रमुख शिक्षाविदों ने भी भाग लिया और अमेरिका में हिंदी के प्रचार-प्रसार से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। भारत सरकार ने 10 जनवरी 2006 को विश्व हिंदी दिवस मनाने की शुरुआत की थी ताकि हिंदी को वैश्विक स्तर पर अधिक लोकप्रिय बनाया जा सके।

## ब्राजील जुलाई में रियो डी जेनेरियो में करेगा अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी

साओ पाउलो। ब्राजील की सरकार ने शनिवार को कहा कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह और सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में होगा। ब्राजील सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ब्राजील विकासशील अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के कार्यक्रम की अध्यक्षता करेगा और वैश्विक शासन सुधार को बढ़ावा देने तथा ग्लोबल साउथ देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। ब्रिक्स की स्थापना 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन ने की थी। पिछले साल इसमें ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात को भी शामिल किया गया। सऊदी अरब को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। तुर्किए, अजरबैजान और मलेशिया ने औपचारिक रूप से सदस्यता के लिए आवेदन किया है और कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। ब्राजील ने कहा कि साझेदार देशों को भी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है तथा सदस्यों के बीच आम सहमति होने पर वे अन्य बैठकों में भी भाग ले सकते हैं। ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने कहा, हम विकास, सहयोग और इन देशों के सभी लोगों के जीवन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने के लिए काम करते हैं तो वे उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। ब्रिक्स नेताओं ने डॉलर से स्वतंत्र वैकल्पिक भुगतान प्रणाली स्थापित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

## बीएसएच की जर्मनी में इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव हाइजीन एंड वायरोलॉजी की पुष्टि

ग्लोबल। विश्व में घरेलू उपकरण उद्योग में अग्रणी कंपनी बीएसएच होम अप्लायंस की सहायक कंपनी डिशवॉशर्स की नई श्रृंखला पेश की है। यह श्रृंखला बड़े भारतीय परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाई गई है। इन अत्याधुनिक डिशवॉशर्स में 15.प्लेस सेटिंग की क्षमता हैए तथा नए काले रंग का सुंदर स्टेनलेस स्टील का आधार है।भारत में पास डिशवॉशिंग की श्रेणी में 53 प्रतिशत बाजार हिस्सा है। ये डिशवॉशर हाथ से बर्तन धोने के मुकाबले प्रति दौर बर्तन धोने में लगभग 0.84 ॉ बिजली के साथ तीन गुना तक कम बिजली की खपत करते हैं। ये बर्तन धोने में लगने वाले समय के आधार पर प्रति दौर बर्तन धोने में हाथ से बर्तन धोने के मुकाबले 1.5 घंटे कम समय में बर्तन साफकर देते हैं ;हाथ से बर्तन धोने में 106 मिनट लगते हैंए जबकि डिशवॉशर 15 मिनट में बर्तन धो देता हैद्व। इसके अलावा ये डिशवॉशर 99.99 प्रतिशत वायरस और बैक्टीरिया को साफकर देते हैं जिसकी पुष्टि जर्मनी में इंस्टीट्यूट ऑफइंटीग्रेटिव हाइजीन एंड वायरोलॉजी ने की है। इस नई श्रृंखला में अनेक आकर्षक विशेषताएं हैंए जिनका उद्देश्य परिवारों को ज्यादा सुविधा और बेहतर सफ़ाई प्रदान करना है। इन डिशवॉशर्स में होम कनेक्ट तकनीक दी गई हैए जिसकी मदद से आप डिशवॉशर की अपने स्मार्टफोन द्वारा दूर से निगरानी करके संचालन कर सकते हैं। यह काफी सुविधाजनक है। इस अभिनव विशेषता की मदद से बर्तन धोना आपकी व्यस्त दिनचर्या के अनुकूलित होकर बहुत लचीला और प्रभावशाली बन जाता है। डिशवॉशर न केवल प्रभावशाली हैंबल्कि अत्यधिक सस्टेनेबल भी हैं।

## जापानी कंपनियां की भारत पर नजर

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के बाद जापानी कंपनियां भारत को अपने एक आधार के रूप में देख रही है, क्योंकि वे चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपने विनिर्माण और आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने के लिए चीन प्लस वन रणनीति अपना रही हैं। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट के विशेषज्ञों ने यह कहा है। इस रणनीति में वैकल्पिक देशों में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करना शामिल है, जिसमें भारत एक महत्वपूर्ण लाभार्थी के रूप में उभर रहा है। डेलॉयट जापान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केनिची किमुरा ने कहा, कोविड के बाद, जापानी कंपनियां चीन-प्लस आपूर्ति शृंखला रणनीतियों की सक्रियता से खोज कर रही है, जिसमें भारत एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। जहां कुछ कंपनियां जापान लौट गईं, वहीं अन्य भारत को न केवल एक विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही है, बल्कि इसे पश्चिम एशिया और अफ्रीका जैसे उच्च-वृद्धि वाले बाजारों के प्रवेश द्वार के रूप में भी देख रही है। यद्यपि भारत के घरेलू बाजार का विशाल आकार एक प्रमुख आकर्षण है, वहीं भारत को और भी अधिक आकर्षक बनाने वाली बात यह है कि इन क्षेत्रों में इसका सुस्थापित व्यापार और प्रतिभा नेटवर्क है।

# हेरोइन की तुलना में अवसाद रोधी दवाएं छोड़ना अधिक कठिन ?

**लैंकाशर( द कन्वरसेशन )।** रॉबर्ट एफ. कैनेडी अपनी नियुक्ति की पुष्टि पर सुनवाई के दौरान कुछ ऐसी बातें कहने के बावजूद अमेरिका के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री बन गए हैं, जिनकी वजह से कुछ वर्गों की भौंहें तन गईं। इन बातों में उनका यह दावा भी शामिल है कि कुछ लोगों के लिए अवसाद रोधी दवाओं का सेवन छोड़ना हेरोइन छोड़ने से ज्यादा मुश्किल होता है। वह विशेष रूप से वर्तमान पीढ़ी की अवसाद रोधी दवाओं का उल्लेख कर रहे थे जिन्हें सिलेक्टिव सेरोटोनिन रीअपटेक इनहिबिटर (एसएसआरआई) कहा जाता है। आरएफके जूनियर चिकित्सा के बारे में विवादित बयान देने के लिए जाने जाते हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि अवसाद रोधी दवाओं और हेरोइन से छुटकारा पाने के बारे में उन्होंने जो कहा है वह सही है? एसएसआरआई दवाओं को छोड़ना वाकई मुश्किल सकता है। इनके सेवन से कुछ लोग एसएसआरआई का सेवन रोकने के सिंड्रोम से पीड़ित हो जाते हैं। इस सिंड्रोम से पीड़ित लोगों में चक्कर आने, जी मिचलाने, सिरदर्द और थकान समेत फ्लू-जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ज्यादातर मामलों में, लक्षण हल्के होते हैं और कुछ समय में खत्म हो जाते हैं। अवसाद रोधी दवाओं से छुटकारा पाने का प्रयास कर रहे लोग, जो इस प्रकार के लक्षण अनुभव करते हैं, कभी-कभी यह मान लेते हैं कि उनका अवसाद पुनः लौट आया है, और वे पुनः अवसाद रोधी गोलियों का सेवन शुरू कर देते हैं। लोग अवसाद की वापसी और एसएसआरआई का सेवन रोकने के बीच अंतर नहीं कर पाते। इसके कारण लोग अवसाद रोधी दवा लेना जारी रख सकते हैं, भले ही उन्हें इसकी आवश्यकता न हो। अवसाद रोधी दवाओं में पैरोक्सेटीन और फ्लूवोक्सामाइन शामिल हैं, जो लगभग सात प्रतिशत लोगों में दवाएं न छोड़ने के सिंड्रोम का कारण बनती हैं। लंबे समय तक चलने वालीं अवसाद रोधी दवाओं सेर्ट्रालाइन और फ्लूओक्सेटीन की वजह से केवल दो प्रतिशत लोग सिंड्रोम से पीड़ित होते हैं। अन्य अध्ययनों से पता चलता है कि जब लोग अचानक एसएसआरआई लेना बंद कर देते हैं,




तो सिंड्रोम से पीड़ित होने की 40 प्रतिशत तक आशंका हो सकती है।इन दवाओं को बंद करने से सेरोटोनिन (शरीर में मस्तिष्क और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संदेश पहुंचाने वाले रसायन) में अचानक और तेजी से गिरावट आती है, जिससे मस्तिष्क और कोशिकाओं के बीच संतुलन बनाना मुश्किल हो जाता है और फिर से दवाओं के सेवन की जरूरत महसूस होने लगती है। यह एक बहुत बड़ी अतिशयोक्ति है, लेकिन सेरोटोनिन का उचित स्तर आपको खुश और तनावमुक्त बनाता है, जबकि कम स्तर आपको दुखी व चिंतित बनाता है। हेरोइन मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी और पाचन तंत्रिका (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट) में पाए जाने वाले प्रोटीन को सक्रिय करती है जिसे म्यू ओपिओइड रिसेप्टर कहा जाता है। सक्रिय होने पर, ए रिसेप्टर्स तंत्रिका तंत्र में दर्द के संकेतों को अवरुद्ध करके दर्द की अनुभूति को कम करते हैं। अवसाद रोधी दवाओं के उपयोगकर्ताओं की तुलना में, हेरोइन का सेवन करने वाले लोग सेवन बंद करने संबंधी सिंड्रोम का ज्यादा अनुभव करते हैं। दर्द निवारक दवा ओपिओइड का सेवन करने वाले लगभग 85 प्रतिशत लोग इसे छोड़ने पर दर्द वापस लौटने के गंभीर लक्षणों का अनुभव करते हैं। सएसआरआई की तरह, ओपिओइड सिंड्रोम की गंभीरता इस बात पर निर्भर करती है कि उनका उपयोग कितने समय तक किया गया है।हेरोइन की हाफ लाइफ बहुत छोटी होती है, जिससे यह पता चलता है कि इससे दोबारा गंभीर लक्षण उत्पन्न होंगे। हाफ लाइफ शरीर में किसी दवा के काम करने के समय को कहा जाता है। हेरोइन सिंड्रोम के लक्षणों में नशीली दवाओं की लत, तनाव, मतली, दस्त, पेट में ऐंठन, बुखार और हृदय गति में वृद्धि शामिल है। ये सभी मस्तिष्क और आंत में ओपिओइड रिसेप्टर्स में परिवर्तन के कारण होते हैं। पाचन तंत्र संबंधी लक्षण कम समय तक चलते हैं, जबकि मनोवैज्ञानिक लक्षण, जैसे कि तनाव और चिड़चिड़ापन, वर्षों तक रह सकते हैं। हेरोइन से छुटकारा पाने के लिए अकसर मेथाडोन या ब्यूप्रेनॉरफिन से उपचार की आवश्यकता होती है, ए दो दवाएं हैं म्यू ओपिओइड रिसेप्टर को सक्रिय करती हैं, लेकिन इनकी हाफ लाइफ लंबी होती है। आम तौर पर, हेरोइन से छुटकारा पाने की कोशिश करने वाला व्यक्ति दवा विक्रेता के पास जाता है और मेथाडोन या ब्यूप्रेनॉर्फिन की दैनिक खुराक लेता है। इसे प्रतिस्थापन चिकित्सा कहा जाता है क्योंकि नई दवा (मेथाडोन) हेरोइन का विकल्प है।रोइन से छुटकारा अपेक्षाकृत अधिक आम और अधिक गंभीर है। लेकिन अवसाद ग्रस्त लोगों को लिए दवाओं का सेवन छोड़ने में अब भी बहुत कठिन हो सकता है। हालांकि कुछ मामलों में यह हेरोइन छोड़ने की तुलना में आसान भी हो सकता है। आरएफके जूनियर ने स्वास्थ्य से संबंधित कई विवादास्पद बयान दिए हैं, जिनमें, उदाहरण के लिए टीकाकरण शामिल है। हालांकि अवसाद रोधी दवाओं के संबंध में इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि इन दवाओं से छुटकारा पाना बहुत मुश्किल हो सकता है। लेकिन, अधिकांश लोगों के मामले में ऐसा नहीं कहा जा सकता कि यह हेरोइन से छुटकारा पाने जितना मुश्किल होगा।

# भारतीय टीम ने बहाया पसीना

- शमी का मोर्कल के साथ लैंग्थ पर काम
- हार्दिक के शॉट से लगी चोट से उबरे पंत



भाषा। दुबई

**भारतीय टीम** ने चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले यहां खूबसूरत आईसीसी अकादमी अभ्यास मैदान पर रविवार को अभ्यास शुरू कर दिया जिसमें मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के साथ काफी समय बिताया। नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) कड़ाई से लागू होने के बीच वैकल्पिक अभ्यास का प्रश्न ही नहीं था लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा से लेकर युवा हर्षित राणा तक सभी ने अभ्यास किया। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले शमी ने घुटने पर स्ट्रेचेबल कैप पहन रखे थे। उन्होंने शुरूआत छोटे रनअप के साथ की। बल्लेबाजों के नेट पर आने से पहले शमी अपनी लैंग्थ एडजस्ट करते दिखे और गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के साथ बल्लेबाजों के छोर तक गए। ऐसा लगा कि वह आदर्श लैंग्थ क्या होनी चाहिए, इस पर बात कर रहे थे। बल्लेबाजों के अभ्यास के लिए उतरने के बाद शमी ने जमकर गेंदबाजी की।हार्दिक पंड्या और श्रेयस अय्यर ने कुलदीप यादव और बाकी स्पिनरों को खेला। पंड्या के एक दमदार शॉट से ऋषभ पंत को घुटने में गेंद लगी। वह दर्द से कराह उठे लेकिन फिजियो कमलेश जैन ने उनका उपचार तुरंत किया। पंड्या नेट्स से निकलकर उनका हाल जानने पहुंचे। वैसे चोट गंभीर नहीं थी और पंत तुरंत पैड पहनकर बल्लेबाजी अभ्यास के लिए आए। कोहली अभ्यास के दौरान एकाग्रता की मूरत नजर आए। रोहित कटक में पिछले सप्ताह इंग्लैंड के खिलाफ शतक के बाद अच्छे मूड में दिख रहे थे। मुख्य बल्लेबाजों के नेट अभ्यास के दौरान हर्षित राणा, वरूण चक्रवर्ती और पंत ने फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ अभ्यास किया। कोहली को फन एक्टिविटी के दौरान मजाक करते देखा गया।

## पाक के तेज गेंदबाज राउफ चोट से उबरे, चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहेंगे

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को पीटीआई को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे। इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।सूत्र ने कहा, हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान के किसी अन्य खिलाड़ी के साथ फिटनेस संबंधी कोई समस्या नहीं है। अपनी तेज गति और बीच के ओवरों में विकेट लेने की क्षमता के साथ पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाजों में से एक हारिस टीम के साथ बने हुए हैं जबकि चयनकर्ताओं ने उनके विकल्प के रूप में अकिफ जावेद को बुलाया है जिन्हें पदार्पण का इंतजार है।

## युवा साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें : मांडविया

भाषा। मुंबई



केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को देश के युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें।मांडविया ने रविवार सुबह यहां फिट इंडिया मूवमेंट के प्रमुख कार्यक्रम संडे ऑन साइकिल की अगुआई की जिसका उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी है।उन्होंने कहा, मैं सभी से, खासकर युवाओं से, जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के लिए करने का आग्रह करता हूं। इससे न केवल वे स्वस्थ रहेंगे बल्कि इससे हमारे पर्यावरण का समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। इस साइकिल यात्रा को गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा में देश भर से 500 से अधिक साइकिल सवार शामिल हुए जिनमें स्वास्थ्य विशेषज्ञ, विभिन्न साइकिल क्लब और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही शामिल थे।अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाने के अलावा इस सप्ताह के संडे ऑन साइकिल का संदेश मोटापे से लड़ो था।साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में भी किया गया जिसमें 2024 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता और 2025 राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शिवानी पवार सहित 170 से अधिक राइडर शामिल हुए। संडे ऑन साइकिल पहल पिछले साल 17 दिसंबर को शुरू की गई थी और इसे पहले ही पूरे भारत में 3500 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जा चुका है।

## आईपीएल का विस्तृत कार्यक्रम

### ईडन गार्डन्स पर केकेआर-आरसीबी मैच के साथ होगी नए सत्र की शुरुआत

**नई दिल्ली।** ईडन गार्डंस पर 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2025 का विस्तृत कार्यक्रम इस प्रकार है। आईपीएल के 18वें सत्र में 74 मैच खेले जाएंगे जिसमें 12 डबल हेडर होंगे। ये मुकाबले 65 दिन में 13 शहरों में खेले जाएंगे और फाइनल 25 मई को होगा।

22 मार्च : शाम 7 . 30 से
कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, कोलकाता
23 मार्च : दोपहर 3 . 30 से
सनराइजर्स हैदराबाद बनाम राजस्थान रॉयल्स, हैदराबाद
23 मार्च : शाम 7.30 से
चेन्नई सुपर किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस , चेन्नई
24 मार्च : शाम 7 . 30 से
दिल्ली कैपिटल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स, विशाखापत्तनम
25 मार्च : शाम 7 . 30 से
गुजरात टाइटंस बनाम पंजाब किंग्स, अहमदाबाद
26 मार्च : शाम 7 . 30 से
राजस्थान रॉयल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स , गुवाहाटी
27 मार्च : शाम 7 . 30 से
सनराइजर्स हैदराबाद बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स, हैदराबाद
28 मार्च : शाम 7 . 30 से
चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, चेन्नई
29 मार्च : शाम 7 . 30 से
गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस, अहमदाबाद
30 मार्च : दोपहर 3 . 30 से
दिल्ली कैपिटल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, विशाखापत्तनम
30 मार्च : शाम 7 . 30 से
राजस्थान रॉयल्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स , गुवाहाटी
31 मार्च : शाम 7 . 30 से
मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स , मुंबई
एक अप्रैल : शाम 7 . 30 से
लखनऊसुपर जाइंट्स बनाम पंजाब किंग्स , लखनऊ
दो अप्रैल : शाम 7 . 30 से
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू बनाम गुजरात टाइटंस, बेंगलुरू
तीन अप्रैल : शाम 7 . 30 से
कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता
चार अप्रैल : शाम 7 . 30 से
लखनऊसुपर जाइंट्स बनाम मुंबई इंडियंस, लखनऊ
पांच अप्रैल : दोपहर 3 . 30 से
चेन्नई सुपर किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स , चेन्नई
पांच अप्रैल : शाम 7 . 30 से
पंजाब किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स, न्यू चंडीगढ
छह अप्रैल : दोपहर 3 . 30 से
कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम लखनऊसुपर जाइंट्स , कोलकाता
छह अप्रैल : शाम 7 . 30 से
सनराइजर्स हैदराबाद बनाम गुजरात टाइटंस, हैदराबाद
सात अप्रैल : शाम 7 . 30 से
मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, मुंबई
आठ अप्रैल :शाम 7 . 30 से
पंजाब किंग्स बनाम चेन्नइ सुपर किंग्स, न्यू चंडीगढ
नौ अप्रैल : शाम 7 . 30 से
गुजरात टाइटंस बनाम राजस्थान रॉयल्स, अहमदाबाद
10 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू बनाम दिल्ली कैपिटल्स, बेंगलुरू
11 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
चेन्नई सुपर किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स , चेन्नई
12 अप्रैल : दोपहर 3 . 30 से
लखनऊ सुपर जाइंट्स बनाम गुजरात टाइटंस, लखनऊ
12 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
सनराइजर्स हैदराबाद बनाम पंजाब किंग्स, हैदराबाद
13 अप्रैल : दोपहर 3 . 30 से
राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, जयपुर
13 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस , दिल्ली
14 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
लखनऊ सुपर जाइंट्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ
15 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
पंजाब किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स , न्यू चंडीगढ
16 अप्रैल: शाम 7 . 30 से
दिल्ली कैपिटल्स बनाम राजस्थान रॉयल्स , दिल्ली
17 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
मुंबई इंडियंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई
18 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू बनाम पंजाब किंग्स, बेंगलुरू
19 अप्रैल : दोपहर 3 . 30 से
गुजरात टाइटंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स, अहमदाबाद
19 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स, जयपुर
20 अप्रैल : दोपहर 3 . 30 से
पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, न्यू चंडीगढ
20 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स , मुंबई
21 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम गुजरात टाइटंस, कोलकाता
22 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
लखनऊ सुपर जाइंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ
23 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस, हैदराबाद
24 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू बनाम राजस्थान रॉयल्स, बेंगलुरू
25 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई
26 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम पंजाब किंग्स, कोलकाता
27 अप्रैल : दोपहर 3 . 30 से
मुंबई इंडियंस बनाम लखनऊसुपर जाइंट्स , मुंबई
27 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, दिल्ली
28 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस, जयपुर
29 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
दिल्ली कैपिटल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स, दिल्ली
30 अप्रैल : शाम 7 . 30 से
चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स, चेन्नई
एक मई : शाम 7 . 30 से
राजस्थान रॉयल्स बनाम मुंबई इंडियंस, जयपुर
दो मई : शाम 7 . 30 से
गुजरात टाइटंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, अहमदाबाद
तीन मई : शाम 7 . 30 से
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, बेंगलुरू
चार मई : दोपहर 3 . 30 से
कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता
चार मई : शाम 7 . 30 से
पंजाब किंग्स बनाम लखनऊसुपर जाइंट्स , धर्मशाला
पांच मई : शाम 7 . 30 से
सनराइजर्स हैदराबाद बनाम दिल्ली कैपिटल्स, हैदराबाद
छह मई : शाम 7 . 30 से
मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात टाइटंस, मुंबई
सात मई : शाम 7 . 30 से
कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता
आठ मई : शाम 7 . 30 से
पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, धर्मशाला
नौ मई : शाम 7 . 30 से
लखनऊसुपर जाइंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, लखनऊ
10 मई : शाम 7 . 30 से
सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स, हैदराबाद
11 मई : दोपहर 3 . 30 से
पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस , धर्मशाला
11 मई : शाम 7 . 30 से
दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस, दिल्ली
12 मई : शाम 7 . 30 से
चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई
13 मई : शाम 7 . 30 से
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, बेंगलुरू
14 मई : शाम 7 . 30 से
गुजरात टाइटंस बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स, अहमदाबाद
15 मई : शाम 7 . 30 से
मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई
16 मई : शाम 7 . 30 से
राजस्थान रॉयल्स बनाम पंजाब किंग्स , जयपुर
17 मई : शाम 7 . 30 से
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स, बेंगलुरू
18 मई : दोपहर 3 . 30 से
गुजरात टाइटंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, अहमदाबाद, 18 मई : शाम 7 . 30 से
लखनऊ सुपर जाइंट्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ
20 मई : शाम 7 . 30 से
**क्वालीफायर एक , हैदराबाद,21 मई : शाम 7 . 30 से,एलिमिनेटर, हैदराबाद ,23 मई : शाम 7 . 30 से क्वालीफायर दो , कोलकाता,25 मई : शाम 7 . 30 से फाइनल, कोलकाता।**

## जीव संयुक्त 19वें स्थान पर

**मारबेला (स्पेन)।** भारत के जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर मे एक ओवर 73 के स्कोर से यहां सत्र के शुरुआती मारबेला लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गए।पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर चल रहे जीव का 36 होल के बाद कुल स्कोर तीन अंडर 141 है। उन्होंने पहले दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया था।साइमन ग्रीफ्थ्सि (65 और 68) 11 अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रहे है जबकि कोलिन मोटगोमरी (65 और 70) नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे पायदान पर है।

## अदिति अशोक सऊदी लेडीज इंटरनेशल में संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं

**रियाद।** भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के बाद रविवार को यहां सऊदी लेडीज इंटरनेशल गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 53वे स्थान पर रही। तीन दौर में 69, 72 और 75 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर पार 216 रहा। यह अदिति की 2025 मे लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली प्रतियोगिता थी। अदिति ने तीसरे दौर मे पार 72 के रियाद गोल्फ क्लब पर दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा।थाईलैड की जीनो थिटिकुल ने चार शॉट के अंतर से अपना पांचवां यूरोपीय टूर खिताब जीता।विश्व महिला गोल्फ रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज थाईलैड की खिलाड़ी ने अंतिम दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया।

## अनिसिमोवा ने कतर ओपन का खिताब जीता

**दोहा।** अमांडा अनिसिमोवा ने शनिवार को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे सीधे सेटो मे जीत दर्ज करके अपने करियर का तीसरा और 2022 के बाद पहला खिताब जीता।अनिसिमोवा ने बारिश के कारण दो बार बाधित फाइनल मे पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-3 से हराया।बारिश के कारण दूसरी बार मैच बाधित होने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो अनिसिमोवा ने आखिरी तीन गेम जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वह 2002 मे मोनिका सेलेस के बाद दोहा मे खिताब जीतने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गई। अनिसिमोवा ने मैच के बाद कहा, यह वास्तव मे काफी तनावपूर्ण था, विशेष कर दूसरी बार बारिश होने के बाद जब स्कोर 3-3 से बराबरी पर था। मै ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी।

## एक्सपीरियन कैपिटल् कार्निवल अब मार्च में

**नोएडा।** एक्सपीरियन डेवलपर्स आगामी एक्सपीरियो,एक्सपीरियन कैपिटल् कार्निवल जो 14-16 फरवरी को निर्धारित किया गया थाअब यह मार्च 2025 में होगा। इससे लखनऊ वासियों के लिए और भी अधिक यादगार अनुभव सुनिश्चित होगा। हम जल्द ही नई तारीखों की घोषणा करेंगे।एक्सपीरियन में हम कार्यक्रम की नई तारीखों को उत्सव को और अधिक बेहतर तरीके से मनाने के अवसर के रूप में देखते हैं। जब समुदाय एक साथ बढ़ते हैं तो शहर फलते-फूलते हैं और हम इस अतिरिक्त समय का उपयोग हर विवरण को और बेहतर करने के लिए कर रहे हैं। पाक कला के विस्तार से लेकर नए सांस्कृतिक अनुभवों को तैयार करने तक। हम लखनऊवासियों के जबरदस्त उत्साह की सराहना करते हैं और ऐसे पल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारी साझा आकांक्षाओं को दर्शाते हैं। इस कार्निवल की धड़कन,भोजन, कला और हंसी के माध्यम से विविध आवाजों को जोड़ने की इसकी शक्ति . पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

## गार्डनर के हरफनमौला प्रदर्शन और प्रिया के तीन विकेट से गुजरात जाइंटस की शानदार जीत

**वडोदरा।** कप्तान एशले गार्डनर के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर गुजरात जाइंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में रविवार को यूपी वारियर्स को छह विकेट से हरा दिया। गार्डनर ने 39 रन देकर दो विकेट लिए और उसके बाद 32 गेंद में 52 रन बनाए। यह उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है जिसके दम पर गुजरात ने तीसरे सत्र में पहली जीत दर्ज की। उसे पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने हराया था। पहले गेंदबाजी करते हुए युवा स्पिनर प्रिया मिश्रा के तीन विकेट की मदद से गुजरात जाइंट्स ने यूपी वारियर्स को नौ विकेट पर 143 रन पर रोक दिया। मिश्रा ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए। कप्तान ने 39 रन देकर और डिएंड्रा डोटिन ने 34 रन देकर दो दो विकेट चटकाए। केशवी गौतम को एक विकेट मिला। जीत के लिए 144 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने दो विकेट 22 रन पर गंवा दिए थे। यूपी वारियर्स ने दोनों छोर से स्पिनरों को गेंद सौंपी और गुजरात की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी और डी हेमलता सस्ते में आउट हो गई। इसके बाद गार्डनर ने लौरा वोल्वार्ट (22) के साथ 42 गेंद में 55 रन की साझेदारी की। गार्डनर ने क्रांति गौड़ को दो चौके लगाकर दबाव हटाया। इसके बाद साइमा ठाकोर को दो छक्के लगाए। वोल्वार्ट ने भी एक छक्का जड़ा और उस ओवर में 20 रन बने। गार्डनर ने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। वह 12वें ओवर में ताहलिया मैकग्रा का शिकार हुई। इसके बाद हरलीन देयोल (34) और डोटिन (33) ने दो ओवर बाकी रहते गुजरात को जीत तक पहुंचाया।

## मुंबई इंडियंस ने चोटिल गजनफर की जगह मुजीब उर रहमान को अनुबंधित किया

मुंबई। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को अनुबंधित करने की घोषणा की।मुजीब अपने ही देश के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह लेंगे जो चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं।अफगानिस्तान के 18 वर्षीय स्पिनर को एल 4 वर्टिब्रा में फ्रेक्चर हुआ है और वह चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। अफगानिस्तान के हाल के जिंबाब्वे दौरे के दौरान गजनफर को चोट लगी थी।मुंबई इंडियन्स ने एक बयान में कहा, मुंबई इंडियंस गजनफर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और मुजीब का हमारे परिवार में स्वागत करता है। मुजीब अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने तुरंत प्रभाव डाला जिससे उन्हें 17 साल की उम्र में आईपीएल में पदार्पण का मौका मिला।मुजीब ने 300 से अधिक टी20 (अंतरराष्ट्रीय और घरेलू) मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने लगभग 6.5 की इकोनॉमी रेट से 330 विकेट लिए हैं। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की बड़ी नीलामी में उभरते हुए 18 वर्षीय ऑफ स्पिनर गजनफर को 4.80 करोड़ रुपए में अनुबंधित किया था।

### मुंबई इंडियंस की हार के बाद एडवर्ड्स ने अंपायरिंग सवाल उठाए

**वड़ोदरा।** मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार में बड़ी भूमिका निभाने वाले विवादास्पद रन आउट फैसलो पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय को समझना वास्तव में मुश्किल है जो मैच के अंतिम परिणाम को प्रभावित करते है।रन आउट के तीन विवादास्पद फैसले मुंबई इंडियंस के खिलाफ गए जिसका फायदा उठाकर दिल्ली जीत हासिल करने में सफल रही।तीसरी अंपायर गायत्री वेणुगोपालन ने दिल्ली की तीन बल्लेबाजो राधा यादव, अरुंधति रेड्डी और शिखा पांडे को गिल्लियो की लाइट जलने के बावजूद नॉट आउट करार दिया। तीसरे अंपायर के इन फैसलों ने आखिर में मैच के परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मुंबई की करीबी हार के बाद इंग्लैंड की दो बार की विश्व कप विजेता कप्तान एडवर्ड्स ने कहा, आपको काफी शांत रहना होगा। जब अधिकतर फैसलो के लिए तीसरे अंपायर की मदद ली जाती है तो वास्तव मे यह काफी मुश्किल होता है। तब मैच का परिणाम बड़ी स्क्रीन पर नजर आता है।

## एफआईएच प्रो लीग में इंग्लैंड से शूटआउट में हारी भारतीय महिला हॉकी टीम

भाषा। भुवनेश्वर

**भारतीय महिला** हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के मैच में रविवार को इंग्लैंड से शूटआउट में 1-2 से हार गई जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 2 -2 से बराबर था। इंग्लैंड के लिए निर्धारित समय में पेजी गिलोट (40वां मिनट) और टेसा हॉवर्ड (56वां) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए। भारत के लिए नवनीत कौर (53वां) और रूतुजा दादोसा पिसल (57वां) ने गोल किए। नवनीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया जबकि रूतुजा का फील्ड गोल था। शूटआउट में नवनीत ही भारत के लिए गोल कर सकी जबकि कप्तान सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो और लालरेम्सियामी नाकाम रहे। इंग्लैंड के लिए लिली वाकर और कप्तान सोफी हैमिल्टन ने गोल दागे। इस जीत से इंग्लैंड को एक बोनस अंक भी मिल गया। भारत ने शनिवार को पहले चरण में इंग्लैंड को 3 . 2 से हराया था। भारत का सामना अब मंगलवार को स्पेन से होगा। इंग्लैंड ने आक्रामक शुरूआत करते हुए गेंद पर नियंत्रण बना लिया। उसे नौवे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने गोल नहीं होने दिया। इंग्लैंड ने दबदबा बनाए रखा और 11वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन एक बार फिर भारतीय डिफेंस को नहीं भेद सके। भारत के लिए नवनीत अब तक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही है जिन्होंने तेजी से भागते हुए कई मौके बनाए। उन्होंने 16वें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन इंग्लैंड की गोलकीपर ने मनीषा चौहान को दूसरे प्रयास में भी गोल नहीं करने दिया। नवनीत का एक और प्रयास 21वें मिनट में नाकाम रहा। भारत को एक मिनट बाद फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन दीपिका की फ्लिक बाहर से निकल गई। पहले हाफ में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में इंग्लैंड को 38वें मिनट में और फिर 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिले। गिलोट ने कप्तान सोफी हैमिल्टन से मिले पास पर गोल करके इंग्लैंड को बढत दिलाई। भारत को 53वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे नवनीत ने गोल में बदला।

### स्पेन ने जर्मनी को हराया

**भुवनेश्वर।** स्पेन ने एफआईएच महिला प्रो लीग मे रविवार को जर्मनी को 2-। से हरा दिया। लूसियाना मोलिना ने तीसरे क्वार्टर मे विजई गोल करके स्पेन को जीत दिलाई। जर्मनी के लिए ऐना क्रेस्केन ने पहले ही मिनट में गोल कर दिया लेकिन पहले क्वार्टर के अंत मे सोफियो रोगोस्की ने जर्मनी के लिए बराबरी का गोल दागा। दूसरे क्वार्टर मे स्पेन की क्लारा बाडिया को ग्रीन कार्ड मिला जबकि कोई टीम गोल नही कर सकी। स्पेन के लिए तीसरे क्वार्टर मे मोलिना ने 38वे मिनट मे गोल किया। आखिरी क्वार्टर मे जर्मनी को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन स्पेन का डिफेंस काफी मजबूत था। इस जीत के बाद स्पेन के छह मैचो मे आठ अंक है। चीन आठ मैचो मे 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि गत चैम्पियन नीदरलैड दूसरे स्थान पर है जिसके चार मैचों मे नौ अंक है। आस्ट्रेलिया के चार मैचो मे आठ अंक है।

## एफआईएच प्रो लीग : भारतीय पुरुष टीम ने स्पेन को 2-0 से हराया

भाषा। भुवनेश्वर

**तीसरे क्वार्टर में** दो गोल करके भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में शानदार वापसी करते हुए रविवार को रिटर्न चरण के मैच में स्पेन को 2 . 0 से हरा दिया। पहले चरण में शनिवार को भारत को स्पेन ने 3 . । से मात दी थी। भारतीय टीम ने रविवार को हालांकि बेहद आक्रामक खेल दिखाते हुए स्पेन को कोई मौका नहीं दिया। मनदीप सिंह ने 32वें और दिलप्रीत सिंह ने 39वें मिनट में फील्ड गोल करके भारत को पूरे तीन अंक दिलाए। अब भारत का सामना मंगलवार को जर्मनी से होगा। भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण के मामले में बाजी मारी और पहले दो क्वार्टर में कई मौके बनाए हालांकि खाता नहीं खोल सकी। पांचवें मिनट में मनदीप को गोल करने का सुनहरा मौका मिला लेकिन स्पेन के गोलकीपर रफेल रेविला ने जबर्दस्त बचाव किया। पहले क्वार्टर से चंद पल पहले भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जुगराज सिंह गोल नहीं कर पाए। वहीं भारतीय गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक ने 14वें मिनट में स्पेन को मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं होने दिया।

## मेरठ ने जीती राज्य स्तरीय सब-जूनियर बॉक्सिंग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय समन्वय सब.जूनियर बालक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मेरठ के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। वहींए कड़ी टक्कर के बावजूद सहारनपुर की टीम को उपविजेता के स्थान से संतोष करना पड़ा। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के समन्वय से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में रविवार को संपन्न हुई चैंपियनशिप में मेरठ ने कुल 39 अंक अर्जित कर पहला स्थान प्राप्त कियाए जबकि सहारनपुर 25 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं बेस्ट बॉक्सर का पुरस्कार मेरठ के भव्य को मिला जबकि बेस्ट प्रोमिसिंग बॉक्सर प्रयागराज के सागर चुने गए। चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि लखनऊ की मंडलायुक्त डा .रोशन जैकब आईएएस व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडेय ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद कुमारए स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय, आरएस होम सॉल्यूशंस के निदेशक राजीव वोहरा, ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्रा, बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के चेयरमैन दीपक शर्मा, अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री, सचिव सहदेव सिंह, कोषाध्यक्ष विशाल राजए उपक्रीड़ाधिकारी राजेश गौड़ और केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग कोच कृपाशंकर भी उपस्थित रहे।

### 14 स्टूडेंट्स ने उत्तीर्ण किया बेल्ट प्रमोशन टेस्ट



**लखनऊ।** हॉर्नर कॉलेज के 14 स्टूडेंट्स ने अपने हुनर की परीक्षा के लिए आयोजित ताइक्वांडो बेल्ट प्रमोशन टेस्ट उत्तीर्ण कर नाम रोशन किया। महानगर विस्तार स्थित हॉर्नर कॉलेज में ताइक्वांडो बेल्ट प्रमोशन टेस्ट यूपी गुडविल ताइक्वांडो एसोसिएशन यूपीजीटीए के तत्वावधान में संयुक्त सचिव रज़ा हुसैन की देखरेख में हुआ। टेस्ट उत्तीर्ण करने वाले सभी स्टूडेंट्स को प्रधानाचार्य डॉण् माला मेहरा ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही यूपी गुडविल ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव जावेद खान ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की।बेल्ट प्रमोशन टेस्ट के परिणाम-व्हाइट बेल्ट से येलो बेल्टरू दिव्यांशु सिंहए श्रुति गुप्ताए दीपशिखा गुप्ताए ओमांश जायसवालए गौरी श्रेष्ठ,ग्रीन बेल्ट से ग्रीन वन बेल्टरू अनमोल रजकए इरम वारसीए यशस्वी पाण्डेयए श्वेता सिंहए उर्वशी सिंह,ग्रीन वन बेल्ट से ब्लू बेल्टरू अर्णव आनंद सिंहए एलिजा अहसन फातिमाए अविरल गुप्ता,ब्लू बेल्ट से ब्लू वन बेल्टरू आशीष रोका।

## टेनिस खिलाड़ियों ने सिनर और वाडा के बीच समझौते की आलोचना की

लंदन। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे। पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने वाले सिनर को कोई खिताब या पुरस्कार राशि भी नहीं गंवानी पड़ेगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका ने एक्स पर लिखा, मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता। विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।